CMYK

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 19°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 30 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 291 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 12 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बेटी, व्यापारी को छेड़ने वाले का इंतजार अब यमराज करते हैं: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी छोड़ी खेल टाइम्स



'बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला' बहुत याद आएंगे बशीर बद्र सम्पादकीय



ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, अमेरिकी विमान गिराने का भी दावा पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हवाई अड्डे पर हर पांच मिनट में मिलेगी बदलते मौसम की जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब हर पांच मिनट में बदलते मौसम की ज्यादा विस्तृत और सटीक जानकारी मिल सकेगी जिससे हवाई अड्डा संचालक, विमान सेवा कंपनियां और यात्री लाभान्वित होंगे। इसके लिए यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक उन्नत, एकीकृत एविएशन वेदर इंटेलिजेंस एंड नाउकास्टिंग सुविधा 'स्काईकास्ट' का उद्घाटन किया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि स्काईकास्ट के शुरू होने से दिल्ली एयरपोर्ट देश का एकमात्र ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जहां विमानन और एयरपोर्ट संचालन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई व्यापक और सतत वायुमंडलीय निंगरानी प्रणाली लगाई गई है।

### यूपी में 100 किमी प्रतिघंटा का तूफान

**नई दिल्ली।** यूपी में गर्मी के बजाय बारिश-आंधी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और चंदौली में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। हमीरपुर में तूफान के चलते अंडर कंस्ट्रक्शन पुल गिर गया। जिसमें 6 की मौत हो गई। लखनऊ में रेलवे स्टेशन का टिन शेड गिर गया। 2 लोग घायल हुए। राजस्थान में 12 जिलों में बारिश हो सकती है।

### बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी को विजिलेंस टीम ने उनके कार्यालय से 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बुढ़सैनी गांव निवासी राशन डीलर व शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में उसकी सरकारी राशन की दुकान है। उन्होंने 4 दिन पहले विजिलेंस टीम से डीएसओ अनूप तिवारी की शिकायत की। आरोप लगाया कि डीएसओ अनूप तिवारी राशन बांटने पर कमीशन मांग रहे हैं और लगातार 4 महीनों से दबाव बना रहे हैं। कमीशन न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दे रहे हैं।

### सीबीएसई ने 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया टाली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं के छात्र अब एक जून से री-इवैल्यूएशन और आंसर-शीट की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। बोर्ड ने शुक्रवार को तारीख बढ़ाने का ऐलान किया। बोर्ड ने 19 मई से यह प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन आवेदन संख्या ज्यादा होने के कारण वेबसाइट क्रैश हो रही थी। इसके बाद तारीख बढ़ाकर 25 मई तक कर दी थी। स्टूडेंट्स को री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर सर्वर डाउन, पेमेंट फेल होने और ब्लर पेज जैसी तकनीकी दिक्कतें सामने आई थीं। स्टूडेंट्स की शिकायत के बाद सीबीएसई ने पोर्टल पर री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन प्रक्रिया को बंद कर दिया था।

# औसत से कम रहेगा इस साल मानसून: मौसम विभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ आईएमडी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक अनुमान किया जारी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने साल 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितम्बर) के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक अनुमान शुक्रवार को जारी कर दिया।

इसके अनुसार देश के प्रमुख कई हिस्सों में इस साल मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। देश में बारिश के मुख्य स्रोत दक्षिण-पश्चिम मानसून के लंबी अवधि के औसत (एलपीए) का 90 प्रतिशत होने की संभावना है और इसमें चार फीसदी घट -बढ़ हो सकती है। मौसम विज्ञान विभाग ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने देश के चार प्रमुख हिस्सों में भी बारिश का अलग-अलग अनुमान भी जारी किया है। विभाग के मुताबिक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम मौसमी वर्षा होने की संभावना है। इससे कृषि, जल उपलब्धता, जलविद्युत उत्पादन और जैव परिस्थितिकी की स्थिरता के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, साथ ही सूखा, भीषण गर्मी और पेयजल संसाधनों पर दबाव बढ़ने का खतरा भी बढ़ सकता है। मौसम विभाग के महानिदेशक डा. मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसूनी बारिश पूर्वोत्तर भारत में सामान्य रहेगी। यहां वर्षा के सामान्य या दीर्घावधि का 94-106 प्रतिशत तक रहने की सबसे अधिक संभावना है। मध्य और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में यह एलपीए के 94 प्रतिशत से कम और उत्तर-पश्चिम भारत में एलपीए के 92 फीसदी से कम बारिश हो सकती है। देश के अधिकांश वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों से युक्त मानसून कोर जोन (एमसीजेड) में दक्षिण-पश्चिम मानसून की मौसमी वर्षा सामान्य से कम (एलपीए के 94 प्रतिशत से कम) होने की सबसे अधिक संभावना है। मौसम विभाग ने जून 2026 के दौरान पूरे देश में औसत वर्षा सामान्य से कम रहने की अधिक संभावना जताई है। यह दीर्घावधि औसत की 92 प्रतिशत से कम रह सकती है। यानी जून में भी बारिश सामान्य से कम रह सकती है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के कुछ अलग-थलग क्षेत्रों के, जून महीने में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

### शाकुंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**सहारनपुर।** देहरादून- विकासनगर के पहाड़ी इलाकों में हुई भारी बारिश के बाद देर रात शाकुंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। प्रशासन ने क्षेत्र में 48 घंटे का हाई अलर्ट जारी करते हुए श्रद्धालुओं से अगले तीन दिनों तक शाकुंभरी देवी न आने की अपील की है। एडीएम वित्त सलिल कुमार पटेल ने शुक्रवार दोपहर बताया कि मरने वाली दोनों महिलाओं की उम्र करीब 60 वर्ष थी। इनमें से एक की पहचान सावित्री पत्नी चंद्रभान निवासी गीतावली, लक्सर (हरिद्वार) के रूप में हुई है, जबकि दूसरी महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि सावित्री का परिवार धर्मशाला में ठहरा हुआ था। दोनों महिलाएं पानी का बहाव देखने निकली थीं, तभी तेज धारा में बह गईं। राहत एवं बचाव कार्य में लगी टीमों ने दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

# NTA को UPSC से सीखने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: वहां कभी पेपर लीक नहीं होता, जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं नहीं रुकेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है।

सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपर लीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। नीट-यूजी री-टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं। देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को भंग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान 2024 में नीट पेपर लीक के बाद बनाई गई हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डा. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। नीट-यूजी 2025 सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री-टेस्ट से पहले दूर किया जा रहा है।

■ कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा



### एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को दी प्रस्तावित सुधारों और कड़े सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी

**नई दिल्ली।** एनटीए ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि नीट-यूजी 2026 को रद्द करने और कथित पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंपने का उसका फैसला इस बात का प्रमाण है कि एजेंसी और केंद्र सरकार परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता को कितनी गंभीरता से ले रही हैं। एनटीए ने कहा कि पिछले दो सालों में कथित अनियमितताओं को लेकर हुए विवादों के बाद नीट परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई बड़े सुधार लागू किए गए हैं। उच्चतम न्यायालय में जमा किए गए एक हलफनामे में एनटीए ने शीर्ष न्यायालय के निर्देशों के पालन में बनाई गई उच्च-स्तरीय समिति के गठन और कामकाज से जुड़ी समय-सीमा की जानकारी दी।

# दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम बरी

## कोर्ट ने सात साल की सजा की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पिछले साल दिसम्बर में निचली अदालत ने सुनाई थी सात साल की सजा

**रामपुर।** जनपद रामपुर की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आज़म खां को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शुक्रवार को दो पासपोर्ट मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सात साल की सजा को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही अब्दुल्ला आजम की अपील स्वीकार करते हुए पूर्व फैसला रद्द कर उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

गौरतलब है कि रामपुर की निचली अदालत ने पांच दिसम्बर 2025 को अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए सात साल कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। इस निर्णय के विरुद्ध अब्दुल्ला आजम ने एमपी-एमएलए विशेष सत्र न्यायालय में अपील दाखिल की थी। मामले में 25 मई को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी थी, जिसके बाद शुक्रवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता नासिर सुल्तान के अनुसार, यह मामला 30 जुलाई 2019 को दर्ज किया गया था। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने रामपुर के सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए और उनका विभिन्न स्थानों पर पहचान पत्र के रूप में उपयोग किया। सत्र न्यायालय ने सुनवाई के बाद अभियोजन पक्ष की सजा बढ़ाने की मांग वाली अपील भी खारिज कर दी।

# विनेश को एशियाई खेलों के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति

■ फोगाट ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलवान विनेश फोगाट को 30 और 31 मई को होने वाले एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत दे दी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने यह आदेश तब दिया, जब वे डब्ल्यूएफआई की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें फोगाट को सिलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई थी। बेंच ने डब्ल्यूएफआई की तरफ से पेश वकील से कहा कि आज इस मोड़ पर, जब हाई कोर्ट ने आदेश दे दिया है, तो उम्मीदें और अपेक्षाएं बढ़ गई हैं।

### सिद्दारमैया ने इस्तीफा देने के बाद खड़गे व राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। समझा जाता है कि श्री सिद्दारमैया की दोनों नेताओं के साथ अलग-अलग हुई मुलाकात में कर्नाटक में नई सरकार के गठन तथा राज्यसभा और विधान परिषद की सीटों के लिए होने वाले चुनावों पर विचार विमर्श किया गया।

# राहुल ने ऑटो ड्राइवरों के साथ खाना खाया



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के बंगाली मार्केट में बने टोडरमल पार्क में ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने ऑटो चालकों से बात की।

राहुल गांधी उनका यूनिफॉर्म पहने भी नजर आए। पार्क में बैठे राहुल के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें वे ऑटो ड्राइवर्स के साथ खाना खाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वे ऑटो की सवारी करते भी नजर आए। राहुल गांधी ने ऑटो ड्राइवर्स से रोजमर्रा की चुनौतियों, उनकी इनकम, बढ़ते खर्चों और काम करने के हालात के बारे में जाना। उनकी शिकायतें सुनीं, उनकी जीवनशैली और समस्याओं पर चर्चा की। राहुल से मिलने के बाद एक ऑटो ड्राइवर ने कहा कि राहुल ने हमसे बातचीत की। हमारे मुद्दे उठाने, हमारे बीमा और दूसरी सहायता दिलाने का वादा किया। हमने साथ मिलकर खाना भी खाया। जब हम खाना खा रहे थे, तभी वे अचानक हमसे मिलने आ गए, और हमें बहुत अच्छा लगा।

### नई कैबिनेट पर अभी कोई फैसला नहीं: शिवकुमार

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में नई कैबिनेट के गठन या नेतृत्व में बदलाव को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। श्री शिवकुमार ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक शनिवार को बुलाई गई है।

# भारत चिप-एआई इंडेक्स में चौथे स्थान पर उभरा

## दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था में पांचवीं रैंकिंग हासिल की

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत डिजिटल प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (इक्रिएर) और पोरस सेंटर फॉर इंटरनेट एंड डिजिटल इकॉनॉमी (आईपीसीआईडीई) की भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति पर केंद्रित इस वर्ष की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया की पांचवीं सबसे अधिक डिजिटाइज्ड अर्थव्यवस्था और चिप-एआई इंडेक्स में चौथे स्थान पर उभरा है।

शुक्रवार को यहां जारी स्टेट ऑफ इंडिया एस डिजिटल इकोनॉमी (एसआईडीई) 2026 शीर्षक इस रिपोर्ट के अनुसार, 71 देशों को शामिल करने वाला यह व्यापक अध्ययन, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 96 प्रतिशत को कवर करता है, दर्शाता है कि भारत डिजिटल प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रहा है। रिपोर्ट वैश्विक डिजिटल परिदृश्य में एक बड़े बदलाव को दर्शाती है।

इसके अनुसार अब दुनिया के 72 प्रतिशत एआई उपयोगकर्ता विकासशील देशों में हैं, जिनमें भारत और चीन मिलकर वैश्विक एआई अपनाने का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जनरेटिव एआई इतिहास की किसी भी पूर्व तकनीक की तुलना में सबसे तेजी से फैलने वाली तकनीक बन गई है और लॉन्च के तुरंत बाद ही यह विकासशील देशों में व्यापक रूप से अपनाई गई। वैश्विक डिजिटल नेतृत्व में भी बुनियादी बदलाव आ रहा है। दुनिया की शीर्ष पांच डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से तीन - चीन, सिंगापुर और भारत - अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की हैं, जो पारंपरिक नॉर्थ अटलांटिक प्रभुत्व के साथ एक नए त्रिध्रुवीय डिजिटल व्यवस्था के उभरने का संकेत देता है। इक्रिएर के अध्यक्ष प्रमोद भसीन ने कहा कि भारत ने कनेक्टिविटी, उद्यमिता और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से मजबूत नींव तैयार की है। विकास का अगला चरण इस बात पर निर्भर करेगा कि हम एआई का कितनी प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं।

# कॉकरोच जनता पार्टी को नहीं मिली राहत

■ हाईकोर्ट ने एक्स अकाउंट को तुरंत बहाल करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक किए जाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी किया। वहीं, हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के ब्लॉक किए गए 'एक्स' अकाउंट को तुरंत बहाल करने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया।

हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में उनके व्यंग्यात्मक डिजिटल संगठन के सोशल मीडिया अकाउंट को एक्स पर ब्लॉक किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई। दीपके की याचिका पर जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने सुनवाई की। अभिजीत दीपके ने 15 मई को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा दी गई कॉकरोच और परजीवी वाली टिप्पणी के विवाद के बीच सीजेपी की शुरुआत की थी। यह टिप्पणी सीनियर एडवोकेट की पदवी से संबंधित एक याचिका की सुनवाई के दौरान की गई थी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा शासन में निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और सरकार पर निशाना साधा है। सपा मुखिया ने कहा कि जो पुल हवा से टूट जा रहे हैं, उन पर जब ट्रैफिक चलेगा तो क्या होगा, ये सोचकर ही डर लगता है। सपा मुखिया ने हमीरपुर की घटनास्थल पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और लिखा- बहुत दुखदायी समाचार है कि उप्र के हमीरपुर में एक निर्माणाधीन पुल के गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल भी हैं। ये एक गंभीर बात है कि भाजपा के समय में हो रहा हर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। हर काम में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा की भाजपाई कमीशनखोरी ही इसकी मूल वजह है।

### यूपी के 60 जिलों में गिरेंगे ओले

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर और यूपी कल हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। यूपी में कल बदायूं, झांसी सहित कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों की तपती गर्मी से राहत मिली। आज भी आंधी और बारिश की चेतावनी दी गई है। आईएमडी ने दिल्ली में आज बारिश और आंधी को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया है. मौसम में ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। आईएमडी ने 60 जिलों में ओलावृष्टि और 10 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, सहारनपुर और शामली सहित कई जिलों शामिल हैं।

## केजीएमयू से हटेंगी छह मजार, चलेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में स्थित 8 में से 6 मजारों को प्रशासन ने अवैध घोषित कर दिया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस और जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अवैध मजारों पर बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग की है। अवैध घोषित की गई सभी 6 मजारों को तीन बार नोटिस भेजा गया, लेकिन कोई भी जिम्मेदार सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी. कर मेडिकल कॉलेज में महिला रेजिडेंट के साथ रेप और हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद सितंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का अनुपालन करते हुए केजएमयू प्रशासन ने परिसर में व्यापक जांच की, जिससे मेडिकल कॉलेज में महिला स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जांच

**तीन नोटिस भेजने के बाद भी नहीं मिला कोई मालिक**

के दौरान परिसर में 'शाहमीना साहब की दरगाह' और 'हरमैन साहब की मजार' के अलावा 6 अन्य मजारें पाई गईं। इन मजारों में प्रयुक्त ईंट, टाइल्स और निर्माण सामग्री के आधार पर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि इनका निर्माण पिछले कुछ सालों के अंदर किया गया है। ये मजारें मरीजों के आवागमन मार्ग में स्थित हैं, जिससे विशेषकर गंभीर मरीजों के आने-जाने में काफी परेशानी होती है। केजीएमयू प्रशासन की तरफ से 8 मजारों के जिम्मेदारों के उनके वैध होने का प्रमाण के लिए नोटिस भेजा गया। 'शाहमीना साहब की दरगाह' और 'हरमैन साहब की मजार' के जिम्मेदार लोगों ने तो जरूरी दस्तावेज पेश किए, जिससे दोनों मजारों के प्राचीन होने की पुष्टि हुई, लेकिन बाकी 6 मजारों के जिम्मेदार के तरफ से कोई जवाब नहीं आया। प्रशासन ने एक दो नहीं, बल्कि तीन-तीन बार मजारों के जिम्मेदारों को नोटिस भेजा। इसके बावजूद जबाव नहीं मिलने पर प्रशासन ने इन्हें अवैध घोषित कर दिया है। केजीएमयू के कुलपति ने अवैध घोषित कई मजारों पर अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस और जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। जल्द ही इन मजारों पर बुलडोजर कार्रवाई हो सकती है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉक्टर के के सिंह ने बताया कि दो मजारे वैध हैं, जो कि काफी प्राचीन है। उनसे हमारा कोई विषय नहीं है, क्योंकि वहां पर कमेटी बनी हुई और उसका संचालन किया जा रहा है। 6 मजारे हैं, जिनके वैधता की जांच की गई और तीन बार नोटिस भेजी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। कुलसचिव ने 12 तारीख को चिट्ठी भेज कर जिला और पुलिस प्रशासन से समय लेकर इसको शिफ्ट कराया जाने की मांग की है।

## निर्माणाधीन पुल गिरा, छह लोगों की मौत

हमीरपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के ललपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल की कोठी और शटरिंग ढहने से छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन मजदूरों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बचा लिया गया।

घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब मौसम विभाग द्वारा दो दिनों से तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया जा रहा था, तब भी मजदूरों से रात में काम क्यों कराया गया। पुलिस के अनुसार ललपुरा थाना क्षेत्र के मोराकांदर गांव में लगभग 92 करोड़ रुपये की लागत से 'ग्यारह कोठी' पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार तड़के पुल की एक कोठी के लिए शटरिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान तेज आंधी आने पर वहां मौजूद मजदूर पास खड़ी हाइड्रा मशीन में जाकर बैठ गए।

**तीन मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला**

तभी निर्माणाधीन कोठी और शटरिंग भरभराकर गिर गई, जिससे हाइड्रा के भीतर बैठे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में राजेश पाल (50) निवासी अछपुरा थाना ललपुरा, पुष्पेंद्र सिंह (43) निवासी स्वासा खुर्द थाना ललपुरा, लोकेन्द्र (22), कुलदीप निषाद (19) निवासी चिल्ला जनपद बांदा, सभाजीत (21) तथा गंगाचरण उर्फ सावंत (28) निवासी भूरागढ़ थाना बांदा की मौत हो गई। घटना में तीन अन्य मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### मायावती ने सरकार से की जांच की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने ग्रेटर नोएडा के जेवर में नाबालिग की हत्या और हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल गिरने से मजदूरों की मौत पर प्रदेश सरकार से कड़ी कार्रवाई और पीड़ितों को मदद देने की मांग की है। मायावती ने कहा कि यूपी के ग्रेटर नोएडा के जेवर में की गई लगभग 15 वर्ष के गोपाल शर्मा की हत्या दुखद व चिन्ताजनक है। उन्होंने हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने से कई मजदूरों की हुई मौत के प्रकरण को भी सरकार से गम्भीरता से लेने को कहा। सरकार मृतकों के आश्रितों को उचित आर्थिक मदद दे।

## किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत और खिलहालों से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर 1902 को उत्तर प्रदेश में जन्मे चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे और कृषि व राजस्व के क्षेत्र में कई रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। योगी ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा

**उनकी सोच को ध्यान में रखकर भारत रत्न से नवाजा गया**

होना चाहिए, और शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार होनी चाहिए। इसी सोच को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े कई कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में बन रहा चौधरी चरण सिंह सीड पार्क भी शामिल है। चौधरी चरण सिंह का देहावसान 29 मई 1987 को हुआ था। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पिस्टल दिखाकर किसी को भी नहीं धमका सकता माफिया: योगी

## बेटियों की सुरक्षा में सेंध पर यमराज करेंगे इंतजार

मऊ, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ की धरती से माफिया को फिर खुली चुनौती दी। उन्होंने दो टूक कहा कि अब किसी माफिया व गुंडे में दुस्साहस नहीं है कि त्योहारों में उपद्रव कर दे। यदि किसी ने रामलीला, यज्ञ-कथा, जन्माष्टमी, रामनवमी, शिवरात्रि, रक्षाबंधन आदि धार्मिक आयोजनों में व्यवधान डाला, तो उसकी रावण व कंस जैसी दुर्गति तय है। किसी ने बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो उसका इंतजार यमराज ही करेंगे। अब कोई माफिया खुली जीप में चलकर पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता।



**सीएम ने मऊ में 392 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, अच्छे लोगों के चुने जाने पर आती है अच्छी सरकार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ के गांधी मैदान में 392 करोड़ से अधिक लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मऊ को क्रांतिधारा बताते हुए साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय, समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, मऊ को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की स्मृतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है, यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। जब अच्छे लोग चुने जाते हैं, तो अच्छी सरकार आती है। जब गलत लोग चुने जाते हैं, तो सुरक्षा में सेंध लगती है, जन विकास में लगने वाले पैसे में डकैती और बेटी-व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का यही हाल था। जिन लोगों की आयु 30-35 वर्ष से ऊपर है, वे भूले नहीं होंगे कि 21 वर्ष पहले 2005 में भरत-मिलाप कार्यक्रम पर मऊ को जलाने का प्रयास हुआ था।माफिया रामलीला में व्यवधान पैदा कर निर्दोष हिंद. ुओं का कत्लेआम कर रहे थे।

### गरीब,युवा,नारी और किसान को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है सरकार

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता किसान को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है और इन चार वर्गों का उत्थान होने पर भारत दुनिया में अग्रणी राष्ट्र बन जाएगा। मऊ जिले के मधुबन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने और वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विकास की योजनाओं को नई गति मिली। उन्होंने कहा कि सरकार केवल चार जातियों गरीब, युवा, नारी और किसान को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए 65 लाख आवास बनवाए और दो करोड़ 75 लाख शौचालयों का निर्माण कराया। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74775.74
निफ्टी 23547.75

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 262000 प्रति किलो

## कमजोर मानसून की चिंता में लुढ़के शेयर बाजार, सेंसेक्स 1092 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

मौसम विभाग द्वारा इस साल मानसून के कमजोर रहने की भविष्यवाणी से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स लगभग 1,100 अंक टूट गया। बढ़त में खुलने का बाद सेंसेक्स 1,092.06 अंक (1.44 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 359.40 अंक यानी 1.5 प्रतिशत नीचे 23,547.75 अंक पर आ गया।

भारतीय मौसम विभाग ने आज सुबह बताया कि इस साल मानसून सीजन में दीर्घावधि औसत के 90 प्रतिशत के आसपास बारिश होने की उम्मीद है, यानी मानसून औसत से कम रहेगा। कमजोर मानसून की चिंता में बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। वृहत बाजार में भी गिरावट रही। निफ्टी -50 सूचकांक 1. 49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। आईटी (0.60 प्रतिशत की बढ़त) को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। तेल एवं गैस, धातु, ऑटो, बैंकिंग, वित्त, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े तीन प्रतिशत लुढ़क गया। इंडिगो में सवा तीन प्रतिशत और एनटीपीसी तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा में पौने तीन प्रतिशत की गिरावट रही। मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक लुढ़क गए। कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर लगभग दो प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का डेढ़ प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। एलएंडटी में भी तेजी रही।



### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 681 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.511 अरब डॉलर घटकर 681.384 अरब डॉलर रह गया जो अप्रैल 2025 के बाद का निचला स्तर है।

विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह कमी आई है। यह 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.096 अरब डॉलर घटकर 688.894 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 मई को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 4.53 अरब डॉलर घटकर 114.786 अरब डॉलर हो गया। यह आठ सप्ताह में सबसे कम है। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में आलोच्य सप्ताह में 2. 872 अरब डॉलर की गिरावट रही। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को भी शामिल किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार के अन्य घटकों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.818 अरब डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 18.748 अरब डॉलर रहा।

## निवेश से लॉजिस्टिक लागत घटकर जीडीपी के 10 प्रतिशत पर: रिपोर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

पिछले एक दशक में अवसंरचनाओं के विकास पर लगभग 360 अरब डॉलर खर्च किए गए हैं जिससे लॉजिस्टिक्स पर होने वाला खर्च घटकर जीडीपी के 10 प्रतिशत पर आ गया है। उद्योग संगठन सीआईआई और नाइट फैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में अवसंरचना विकास पर लगभग 360 अरब डॉलर का संचई निवेश किया गया है। इसमें सार्वजनिक और निजी निवेश दोनों शामिल हैं।

इससे लॉजिस्टिक्स लागत में भारी बचत हुई है। सीआईआई मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स समिट की इस साझा रिपोर्ट के अनुसार, एक दशक पहले देश की जीडीपी का 13.14 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स पर खर्च होता था। अब यह आंकड़ा घटकर 10-10.7 प्रतिशत रह गया है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को हर साल 123-133 अरब डॉलर की बचत का अनुमान है। इसी का परिणाम है कि वैश्विक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) में भारत की रैंकिंग 2014 के 54वें स्थान से बढ़कर 2023 में 38वें स्थान पर पहुंच गई है। इन सुधारों के बावजूद देश की लॉजिस्टिक्स आपूर्ति श्रृंखला अब भी सर्वोत्तम दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। इसके लिए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क जैसी पहलों को आगे बढ़ाने की सलाह दी गई है। सीआईआई-नाइटफ्रैंक का मानना है कि साल 2047 तक माल परिवहन के उस समय के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश को 216 मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की जरूरत होगी। सड़क मार्ग पर अतिरिक्त निर्भरता कम करके रेल और नदी मार्ग को अपनाने की भी जरूरत बताई गई है। सीआईआई राष्ट्रीय पोर्ट्स समिति के अध्यक्ष तथा अदाणी पोर्ट्स एंड सेज के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा कि मुख्य चुनौती अब अवसंरचना की कमी नहीं, बल्कि एकीकृत संपर्क स्थलों की कमी है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## गोपाल मर्डर केस के दोषियों को मिलेगी सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में जेवर थानाक्षेत्र के बनवारीवास गांव में गोपाल नाम के छात्र की हत्या के मामले में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार ने प्रशासन को हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इन दरिंदों को सजा जरूर मिलेगी। वहीं जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही बताया कि परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता दी गई है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र के बनवारीवास गांव में 15 साल के गोपाल शर्मा की हत्या बहुत ही पीड़ादायक है। इस अमानवीय कृत्य को करने वाले दरिंदों को उत्तर प्रदेश सरकार उनके अंजाम तक जरूर पहुंचाएगी। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि घटना के जल्द खुलासे के लिए मैंने यूपी के अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और डीजीपी राजीव कृष्ण के साथ से बैठक कर इन दरिंदों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए कहा है। साथ ही सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मेरा वादा है कि इन दरिंदों को सजा जरूर मिलेगी। इस



**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नोएडा के छात्र की हत्या को बताया दुखद व अमानवीय**

बीच गोपाल हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के मकसद से स्थानीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक धीरेंद्र ने बताया कि पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, लेकिन हम यह भी चाहते हैं न्याय हो, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत कराया। कुछ लोग मामले को तूल देने की कोशिश कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि मामले का पर्दाफाश निष्पक्षता के साथ हो, मुख्यमंत्री भी इस पर गंभीर हैं। इस बीच स्थानीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने क्षेत्र की जनता से भी अपील की है कि सभी लोग संयम बनाए रखें। पुलिस अपना काम कर रही है। किसी निर्दोष को सजा न हो, दोषी ही जेल जाए। पुलिस प्रशासन पूरी जांच कर रही है। इससे पहले गोपाल मर्डर केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के 25 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। इसके प्रयागराज के पोस्को मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अग्रिम जमानत दी गई थी। मामला नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अग्रिम जमानत बरकरार रहेगी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। इस मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने एओआर सौरभ अजय गुप्ता के जरिए यह याचिका दायर की थी। याचिका में यह तर्क दिया गया था कि हाई कोर्ट ने स्वामी पर लगे आरोपों की गंभीरता पर ठीक से विचार नहीं किया। जस्टिस सुंदरेश ने याचिकाकर्ता से पूछा कि नाबालिगों के शोषण के बारे में जानकारी होने का दावा करने के बावजूद पुलिस के पास जाने में इतनी देरी क्यों की गई? हाई कोर्ट ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य को आंशिक रूप से इस आधार पर राहत दी थी, जिसे कोर्ट ने नाबालिग पीड़ितों का 'असामान्य' व्यवहार बताया था, क्योंकि पीड़ितों ने अपराधों के बारे में अपने स्वाभाविक अभिभावकों के बजाय एक अजनबी को बताने का रास्ता चुना था। अपनेआदेश में हाई कोर्ट ने राज्य की इस दलील को भी खारिज कर दिया।

## सपा नेता नवाब सिंह को आठ साल की सजा

### कन्नौज गैंगस्टर एक्ट में अदालत का बड़ा झटका, जुर्माना भी लगाया

कन्नौज, वार्ता

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बहुचर्चित पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव मामले में गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए 8-8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं मामले में आरोपी महिला पूजा तोमर को 6 वर्ष की सजा और 5 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है.

यह मामला 11 और 12 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि का है, जब पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को उनके ही विद्यालय से एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी बुआ के मोबाइल फोन से कॉल कर घटना की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए नवाब सिंह यादव को हिरासत में ले लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि



पीड़िता को उसकी बुआ ही विद्यालय लेकर पहुंची थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही नवाब सिंह यादव जेल में बंद हैं और मामले की लगातार सुनवाई चल रही थी। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव की भूमिका भी संदिग्ध पाई। पुलिस का आरोप था कि नीलू यादव ने आपराधिक गतिविधियों में सहयोग किया और मामले से जुड़े तथ्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया। इसके बाद उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं जांच में महिला आरोपी पूजा तोमर की भूमिका भी सामने आई थी। पुलिस के मुताबिक पूजा तोमर पर आरोप था कि उसने मामले में साक्ष्यों को छिपाने और पुलिस जांच को गुमराह करने की कोशिश की। इसके चलते उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था.

### तीनों आरोपियों को कोर्ट ने दोषी पाया

लंबे समय तक चली सुनवाई और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गैंगस्टर कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। कोर्ट के फैसले के बाद जिले में एक बार फिर इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन ने अदालत के फैसले को न्याय प्रक्रिया की बड़ी सफलता बताया है। का कहना है कि संगठित अपराध और गंभीर मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फैसले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोर्ट परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# पार्टी विचार बढ़ाने के लिए सांसद व विधायक निभाएं अहम योगदानः नबीन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सांसदों और विधायकों को पार्टी विचार परिवार बढ़ाने की दृष्टि से विधानसभावार कार्ययोजना में भूमिका निभानें के निर्देश दिए हैं। साथ ही पूर्व मे हुए विस और लोस चुनाव मे हारी हुई सीटों पर चर्चा तथा प्रवास के लिए लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा रही है।

राजपुर रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सांसद तथा विधायकों को आज राष्ट्रीय अध्यक्ष का विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनाव में जीत के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के 12 वर्ष के कार्यों की गांव-गांव तक चर्चा पहुंचे, इसके लिए जहां ग्रामीण ग्राम संपर्क के लिए सभी सांसदों और विधायकों से कहा गया है। वहीं प्रत्येक विधानसभा के 100



■ जन जन तक पहुंचे केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा
■ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की सांसद व विधायकों के साथ बैठक

बुद्धिजीवी, प्रभावशाली एवं विशिष्ट लोगों की सूची बनाकर उनसे भी संपर्क कर अपने पार्टी के विचार परिवार का विस्तार करना है। इसके साथ-साथ सरकार और संगठन का समन्वय और अधिक बेहतर हो इस दृष्टि से कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है।

इसी तरह जिन बूथों पर बूथ टोली का गठन का सत्यापन नहीं हुआ है, विधायक गणों को मंडल संगठन के साथ मिलकर उन बूथों को सशक्त करने की दृष्टि से इसे पूरा करते हुए अपने सुझाव भी देने का आग्रह किया है। चूंकि हमारी पार्टी की चुनाव पद्धति बूथ आधारित है। लिहाजा चुनाव की दृष्टि से बूथ और उसपर रहने वाला कार्यकर्ता कैसे सशक्त हों, उस पर उन्होंने विशेष मार्गदर्शन दिया।

इसके साथ-साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा जनता तक ले जाना जरूरी है। क्योंकि वर्तमान सरकार का 5 वर्ष का कार्यकाल और पिछला 10 वर्ष का कार्यकाल हमारी सरकार का हो गया है। 10 वर्ष के कार्यकाल के एक पम्पलेट, जिसमें विधायक गण अपने द्वारा किए गए कार्यों की भी उसमें उनका उल्लेख हो, उन सारे विषयों को लेकर एक छोटा पाम्पलेट, पत्रिका छाप कर बंटवा सकते हैं।

यह पत्र पत्रिका भी हम गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करें। सभी सांसदों और विधायकों ने भी अनेकों महत्वपूर्ण सुझाव इस बैठक में दिए हैं। सारे सुझाव 2027 के चुनाव में जीत के लिए प्रभावी होंगे, इस दृष्टि से संगठन कार्ययोजना तैयार करेगा।

वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन सीटों को लेकर भी मार्गदर्शन दिया, जहां हम जीत नहीं पाए थे या जीत का अंतर बहुत कम रहा है। हमारे राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को विशेष रूप से उन विधानसभाओं का अतिरिक्त दायित्व दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन विधानसभाओं के लिए पहले की तरह पूर्णकालिक कार्यकर्ता भी संगठन की ओर से संबंधित क्षेत्र में भेजे जायेंगे।

# बिथ्याणी महाविद्यालय में तैनात फर्जी शिक्षक की सेवाएं समाप्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी, यमकेश्वर में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर तैनात डॉ. उमेश त्यागी को फर्जी अंक प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी करना भारी पड़ गया है। विभागीय जांच में दोषी पाये गये डा. त्यागी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है, इस संबंध में विभाग द्वारा प्रस्तुत बर्खास्तगी प्रस्ताव को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अनुमोदन दे दिया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार डॉ. उमेश त्यागी की नियुक्ति राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी, यमकेश्वर में कला संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर हुई थी। नियुक्ति के समय प्रस्तुत किए गए उनके शैक्षणिक अभिलेखों की सत्यता को लेकर विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर उच्च स्तरीय जांच कराई गई। विभागीय जांच में डॉ. त्यागी द्वारा प्रस्तुत बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय

■ जाली शैक्षणिक दस्तावेजों से पाई थी महाविद्यालय में नौकरी

वर्ष की अंकतालिकाओं में गंभीर विसंगतियां पाई गईं। विभाग द्वारा संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से कराया गया, लेकिन विश्व. विद्यालय के गोपनीय अभिलेखों से उनका मिलान नहीं हुआ और प्रस्तुत अंक प्रमाण पत्र एवं अभिलेख विश्वविद्यालय के आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाये। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय जांच के दौरान डॉ. त्यागी को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी दिया गया, लेकिन वह अपने प्रमाण पत्रों के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने उपस्थित नहीं हुये। विभागीय जांच रिपोर्ट के आधार पर उत्तराखंड सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के प्रावधानों के तहत डॉ. त्यागी की सेवा बर्खास्तगी का प्रस्ताव विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को प्रस्तुत किया गया, जिसे उन्होंने अनुमोदित कर दिया है। विभागीय मंत्री की स्वीकृति के बाद संबंधित शिक्षक की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता या कूटरचित दस्तावेजों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

> उच्च शिक्षा संस्थानों की गरिमा और युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का छल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर नौकरी प्राप्त करना गंभीर अपराध है। बिथ्याणी महाविद्यालय में फर्जी प्रमाण पत्रों से नियुक्ति पाने वाले शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है। भविष्य में भी यदि ऐसे मामले सामने आते हैं तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।–
>
> **डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**







## चोरी की स्कूटी बरामद, एक गिरफ्तार

**नई टिहरी।** थाना मुनि की रेती पुलिस ने स्कूटी चोरी की घटना का त्वरित अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की गई स्कूटी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। वादी अक्षय श्रीवास्तव निवासी खीरी, उत्तर प्रदेश द्वारा थाना मुनि की रेती में सूचना दी गई कि उनके द्वारा देहरादून से किराये पर ली गई स्कूटी को जानकी पुल के पास खड़ा किया गया था जिसे जिसे बीती सांय को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर के पर्यवेक्षण में थाना मुनि की रेती पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने क्षेत्र के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी ले जाते हुए दिखाई दिया। मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने शुक्रवार सुबह को खारास्त्रोत स्थित वाइन शॉप के निकट से आरोपी सौरभ कुमार निवासी धर्मुचक, थाना डोईवाला, जनपद देहरादून को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने स्कूटी चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की गई स्कूटी बरामद कर ली गई।

# सरकार वापसी के साथ देवभूमि से जाए भगवा राष्ट्रवाद का संदेशः नितिन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देवभूमि से हमेशा भगवा संदेश को देश दुनिया में ले जाने लक्ष्य के साथ 2027 चुनाव में जीत का आह्वान किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ये सिर्फ एक सरकार नहीं बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवादी विचारों की सरकार है, जिसे प्रचंड बहुमत से वापिस लाना जरूरी है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि प्रवास के दूसरे दिन आज सांसद विधायक बैठक के उपरांत राष्ट्रीय नितिन नबीन ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की हमारी सरकार सिर्फ एक सरकार नहीं बल्कि हमारे संस्कृतिक राष्ट्रवादी विचारों की सरकार है, जिसका प्रचंड बहुमत से वापिस आना बहुत जरूरी है। क्योंकि पार्टी का मानना है कि देवभूमि से हमेशा भगवा का संदेश हमेश देश भर में फैलते रहना चाहिए। उन्होंने जोश बढ़ाते हुए



■ कार्यकर्ताओं मे जोश भरकर बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तराखंड मे सांस्कृतिक राष्टवादी सरकार

कहा कि सभी कार्यकर्ताओं में मन मुताबिक परिणाम लाने की क्षमता है। हमें अब बैठना नहीं है क्योंकि चुनावों में बहुत अधिक समय शेष नहीं है। हमे फिर से सरकार लाने के जुनून के साथ बूथ और शक्ति केंद्रों पर जाकर उन्हें मजबूत करना है। वहीं एसआईआर को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें आने वाले 20 वर्षों के लिए पार्टी को मजबूत करना है। ताकि विकसित भारत का जो सपना देशवासियों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में देखा उसके साकार किया जा सके। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा, हमारी पूर्ववर्ती पीढ़ी ने बहुत संघर्ष से हमें सफलता के इस दौर में पहुंचाया अब हमें अपनी कर्मठता और क्षमता से आने वाले पीढ़ी को पार्टी का और स्वर्णिम दौर लाकर देना है।

इस बैठक में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल प्रदेश पदाधिकारी के साथ प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों ने शिरकत की।

### बूथ के गठन को बारो मास सक्रिय रखना चाहिएः संतोष

इस अवसर कर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी एल संतोष ने कहा कि बूथ का गठन सिर्फ चुनाव की दृष्टि से नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे बारो मास सक्रिय रखना है। हमे सरकार भी लानी है और आम लोगों को विकसित भारत निर्माण में सहयोग के लिए भी तैयार करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि शीघ्र पार्टी कार्यक्रमों और विशेषकर मन की बात एवं बूथ कमेटी बैठकों की गति को तेज किया जाए। हम सभी कार्यकर्ताओं को सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को बूथ इकाई के माध्यम से नीचे तक पहुंचाना है।

### गंगोत्री से गंगा सागर तक लहरा रहा भगवाः सीएम

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि आज पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में गंगोत्री से गंगा सागर तक भगवा लहरा रहा है। उन्होंने राज्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश आज सतत विकास सूचक. ांकों और इस ऑफ डूइंग को लेकर शीर्ष स्थान पर है, बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय स्तर से भी नीचे है, रिवर्स पलायन में 44 फीसदी तक वृद्धि हुई है। इसी तरह यूसीसी, लैंड लव सभी तरह के जिहाद को समाप्त करने का काम हमने किया है। वहीं विपक्ष की नकारत्मक राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि झूठ के पांव नहीं होते हैं हमें बस मजबूती के साथ अपने कामों और विचारों को आगे बढ़ाना है।

### 2027 में तीसरी बार सरकार लेकर आएगा पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता : महेंद्र भट्ट

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम सिर्फ राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। हमारी डबल इंजन सरकार की अनगिनत उपलब्धियां हमारे साथ हैं हमें बस उसे बूथ स्तर तक उसकी चर्चा बूथ स्तर तक लेकर जानी है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड बीजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता लक्ष्य को पूरा करते हुए 2027 में तीसरी बार सरकार लेकर आएगा।

प्रदेश पदाधिकारी बैठक के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख की बैठक लेकर आवश्यक मार्गदर्शन किया।

# जैविक व प्राकृतिक खेती पर उत्तराखंड सरकार का विशेष फोकसः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/ देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की उपस्थिति एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन - खरीफ अभियान 2026 के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में देशभर के कृषि विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों ने खेती-किसानी से जुड़े अहम विषयों पर विस्तार से मंथन किया। सम्मेलन में खरीफ फसल की तैयारियों, चुनौतियों एवं रणनीतियों को लेकर व्यापक रोडमैप पर चर्चा की गई।




■ नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में सूबे के कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन केवल फसल सत्र की तैयारियों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श का मंच ही नहीं है, बल्कि राज्यों और केंद्र सरकार के बीच कृषि एवं किसानों के उत्थान के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलनों से राज्यों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और अभिनव प्रयासों की जानकारी साझा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां एवं कृषि जलवायु विभिन्न प्रकार की फसलों के उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। जोशी ने कहा कि खरीफ सत्र 2026 के लिए प्रदेश में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा बीज, खाद एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत किसान लघु एवं सीमान्त श्रेणी के हैं, जिनकी छोटी एवं बिखरी हुई जोतों के कारण कृषिकीकरण एक बड़ी चुनौती है।

### 337 जैविक आउटलेट किए जा चुके हैं स्थापित

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य में परम्परागत कृषि विकास योजना एवं नमामि गंगे योजना के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक राज्य में लगभग 2.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल जैविक खेती के अंतर्गत आच्छादित किया जा चुका है, जो कुल कृषि क्षेत्रफल का लगभग 40 प्रतिशत है। जैविक उत्पादों के विपणन हेतु प्रमुख पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों पर 337 जैविक आउटलेट स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र पोषित राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत प्रदेश के 11 जनपदों में 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा "नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना" के अंतर्गत 1950 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कार्य प्रारंभ किया गया है।

## हीरक जयंती पर बीएसएफ ने किया वीरांगना सदभामा बहुगुणा को सम्मानित


**नई टिहरी।** 1971 के भारत पाक युद्ध मे बांग्लादेश को आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए विकासखण्ड प्रतापनगर क्षेत्र की पट्टी रौणद रमोली के नाग गांव निवासी एंव वीर सैनिक देवेंद्र दत्त बहुगुणा की पत्नी सदभामा बहुगुणा को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ )द्वारा हिरक जयंती के अवसर पर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल द्वारा अपने स्थापना वर्ष के 60 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल लंबगांव मे आयोजित सम्मान समारोह मे 83 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के कमांडिग ऑफिसर अरूण सिह गंगवार के अधीनस्थ अधिकारी हरीश चंद्र द्वारा सर्वोच बलिदान देकर शहीद हुए देवेंद्र दत्त बहुगुणा की पत्नी सदभामा बहुगुणा को यह सम्मान प्रदान किया गया।







दैनिक शाह टाइम्स के देहरादून संस्करण
की 26वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के लिए अपील
- पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों को बचाएं।
- वनों के आसपास ज्वलनशील वस्तु न फेंके।
- वन क्षेत्र में आग की सूचना तत्काल विभाग को दें।
- वन व वन्यजीव संरक्षण में विभाग का सहयोग करें।
वन क्षेत्राधिकारी, ऋषिकेश



# तमिलनाडु से उत्तराखंड पहुंची भगवान मुरुगन की दिव्य प्रतिमा

## कार्तिक स्वामी मंदिर में भेंट कर बना आध्यात्मिक सेतु हिमालय और दक्षिण भारत की संस्कृति का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** सनातन संस्कृति की अखंडता और भारत की आध्यात्मिक एकता का अद्भुत उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब तमिलनाडु से भगवान मुरुगन (कार्तिकेय स्वामी) की दुर्लभ पंचधातु प्रतिमा उत्तराखंड के प्राचीन कार्तिक स्वामी मंदिर में भेंट की गई। यह ऐतिहासिक पहल तमिलनाडु के प्रसिद्ध मुरुगन भक्त एवं शोधकर्ता जेएसके गोपी द्वारा की गई, जिसने हिमालय और दक्षिण भारत के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान की है।





भगवान कार्तिकेय की दिव्य उपासना पर वर्षों से शोध कर रहे जेएसके गोपी ने बताया कि उत्तराखंड स्थित कार्तिक स्वामी धाम केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भगवान मुरुगन की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ा एक दिव्य केंद्र है। मान्यता है कि भगवान कार्तिकेय का हिमालय -2से तमिलनाडु के प्रसिद्ध पलानी मुरुगन मंदिर तक गहरा आध्यात्मिक संबंध रहा है।

इसी आध्यात्मिक अनुभूति और साधना के दौरान प्राप्त प्रेरणा के बाद जेएसके गोपी ने भगवान मुरुगन की दुर्लभ पंचधातु प्रतिमा कार्तिक स्वामी मंदिर को समर्पित की। यह प्रतिमा धार्मिक आस्था के साथ-साथ उत्तराखंड और तमिलनाडु के सांस्कृतिक मिलन का जीवंत प्रतीक बन गई है।

विशेष आकर्षण का केंद्र बनी यह प्रतिमा भगवान मुरुगन के पारंपरिक "वेल" (भाला) धारण किए स्वरूप में नहीं, बल्कि दुर्लभ "आशीर्वाद मुद्रा" (आशीर्वादा कोलम) में स्थापित की गई है। यह स्वरूप करुणा, शांति, कृपा और मानव कल्याण का प्रतीक माना जाता है, जिसने श्रद्धालुओं को गहरे आध्यात्मिक भाव से जोड़ दिया।

यह आयोजन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस व्यापक विजन को भी मजबूती देता है, जिसके तहत राज्य सरकार भारत की प्राचीन आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करने और विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मान्यता है कि भगवान मुरुगन ने हिमालय स्थित कार्तिक स्वामी धाम से तमिलनाडु तक आध्यात्मिक यात्रा की थी। अब वर्षों बाद भगवान मुरुगन की प्रतिमा का तमिलनाडु से पुनः उत्तराखंड पहुंचना श्रद्धालुओं के लिए किसी दिव्य संयोग से कम नहीं माना जा रहा। इस आयोजन ने दो महान आध्यात्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हुए "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" की भावना को सशक्त संदेश दिया है।

### उत्तराखंड-तमिलनाडु सांस्कृतिक संबंधों को मिली नई दिशा

**रूद्रप्रयाग।** इस अवसर पर जेएसके गोपी की मुलाकात उत्तराखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रविशंकर से भी हुई, जो कार्तिक स्वामी मंदिर के विकास और उत्तराखंड-तमिलनाडु सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कार्तिकेय मंदिर समिति के अध्यक्ष विक्रम नेगी ने इस पहल का श्रद्धापूर्वक स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

# श्रीनगर बनेगा सोलर सिटी सीएम की घोषणा पर अमल शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी घोषणा के तहत श्रीनगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में अब तेजी से काम शुरू हो गया है। नगर निगम श्रीनगर की मेयर आरती भंडारी ने मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली से शिष्टाचार भेंट कर सोलर सिटी परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने का अनुरोध किया। मेयर आरती भंडारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैकुंठ चतुर्दशी मेले के उद्घाटन अवसर पर श्रीनगर को सोलर सिटी बनाने की ऐतिहासिक घोषणा की थी। इसी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भेंट के दौरान सचिव शैलेश बगोली ने शहरी विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को परियोजना के क्रियान्वयन के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे नगरवासियों में नई उम्मीद जगी है कि जल्द ही श्रीनगर प्रदेश के अग्रणी सोलर शहरों में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इससे पूर्व नगर निगम सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में श्रीनगर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई थी। कहा सोलर सिटी बनने से श्रीनगर न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक बचत और स्वच्छ भविष्य की दिशा में भी मिसाल कायम करेगा।



■ मेयर आरती भंडारी ने सचिव शैलेश बगोली से की मुलाकात

# गढ़वाल विवि में छात्र कल्याण बोर्ड का हुआ पुनर्गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण बोर्ड (डीएसडब्ल्यू बोर्ड) का पुनर्गठन किया गया है। गढ़वाल विविउ के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के अनुमोदन के उपरांत डीएसडब्ल्यू के नए बोर्ड का गठन किया गया। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. रैवानी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि वाणिज्य प्रो. अतुल ध्यानी को उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण बनाया गया है। इनमें डॉ. निखिल सती, डॉ. विजयकांत पुरोहित, डॉ. घनश्याम ठाकुर, डॉ. कपिल देव पंवार, डॉ. नेहा मनोलिया, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. गौरव भट्ट, ओमप्रकाश, डॉ. नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रो. नेगी बने स्कूल ऑफ अर्थ साइंस के नए डीन

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. एमएस नेगी को स्कूल ऑफ अर्थ साइंस का नया डीन नियुक्त किया है। इस संबंध में विश्व. विद्यालय प्रशासन की ओर से कार्यालय आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 5(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बाद प्रो. एमएस नेगी, भूगोल विभाग, को 1 जून 2026 से तीन वर्षों की अवधि अथवा उनकी सेवानिवृत्ति तिथि, जो भी पहले हो, तक के लिए डीन स्कूल ऑफ अर्थ साइंस नियुक्त किया गया है।

# किसानों ने नहर मरम्मत को चलाया श्रमदान अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र में बीते लंबे दैवी आपदाओं के नाम पर करोड़ों रुपये के बजट खर्च होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। विकासखंड डुंडा के धनारी क्षेत्र में चार गांवों की मुख्य सिंचाई नहर हिटाणू समेत इसकी शाखाएं पिलखाली और घराटगूल बीते वर्ष से क्षतिग्रस्त पड़ी हैं, लेकिन सिंचाई विभाग ने उनकी सुध लेना तक जरूरी नहीं समझा। मजबूर होकर ग्रामीणों ने खुद श्रमदान कर नहरों की मरम्मत शुरू कर दी।

शुक्रवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिंह पंवार के नेतृत्व में जिलाधिकारी उत्तरकाशी से मिला और समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि नहरों के क्षतिग्रस्त होने से गेहूं की बुवाई प्रभावित हुई और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस संबंध में दिसंबर 2025 में मुख्यमंत्री के उत्तरकाशी दौरे के दौरान भी किसानों ने ज्ञापन सौंपा था, जिस पर मुख्यमंत्री ने विभाग को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई।

### ■ विभाग को दिखाया आईना, गंगोत्री विधानसभा में आपदा मद से करोड़ों की धनराशि, ग्रामीण मूलभूत समस्या को तरसे

ग्रामीणों का आरोप है कि मार्च-अप्रैल में धान की क्यारियां तैयार होने के बाद भी विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया। ऐसे में ग्रामीणों और महिलाओं ने स्वयं आगे आकर पिलखाली और घराटगूल नहरों पर श्रमदान किया तथा किसी तरह पानी चलाकर धान की क्यारियों को बचाया। हालांकि हिटाणू नहर में अत्यधिक मलबा आने के कारण अब तक पानी नहीं पहुंच पाया है, जिससे वहां की धान की क्यारियां सूखने लगी हैं।

प्रतिनिधिमंडल की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड को दूरभाष और लिखित निर्देश जारी कर शीघ्र पानी चलाने को कहा। इसके बाद किसान सिंचाई खंड ज्ञानसू कार्यालय पहुंचे, जहां अधिशासी अभियंता अनुपस्थित मिले। दूरभाष पर वार्ता के बाद विभाग की ओर से जेई को वार्ता के लिए भेजा गया। विभाग ने दो दिनों के भीतर नहर में पानी चलाने का आश्वासन दिया है।

प्रतिनिधिमंडल में सुरेन्द्र सिंह पंवार, शिव सिंह पंवार, उदय सिंह चौहान, हरीश रतूड़ी, जोगेंद्र प्रसाद व्यास, जयंती मणि व्यास, नरेंद्र व्यास, धर्मानंद नौटियाल, किशन लाल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### बेस चिकित्सालय श्रीनगर में किशोरियों को वितरित किए गए सेनेटरी नेपकिन

**श्रीनगर।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर बेस चिकित्सालय श्रीनगर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन भी वित. रित किए गए। कार्यक्रम में बेस अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नवज्योति बोरा ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं की प्राकृतिक एवं सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिसे लेकर किसी भी प्रकार की शर्म या संकोच नहीं होना चाहिए। कहा कि सही जानकारी, स्वच्छता और समय पर चिकित्सकीय सलाह से किशोरियां स्वस्थ जीवन जी सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े मनमोहन सिंह, संगीता रयाल एवं एमएसडब्ल्यू नाहिद अख्तर ने किशो. रियों को मासिक धर्म स्वच्छता की उपयोगिता, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक मनमोहन पटवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत काउंसलरों द्वारा आशाओं, विद्यालयों एवं समुदाय भ्रमण के दौरान प्रत्येक माह किशोरियों को निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरित किए जाते हैं।

### एनआईटी श्रीनगर के पास युवक से स्मैक बरामद, गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4.13 ग्राम स्मैक बरामद की, जिसकी बाजार कीमत करीब 1. 24 लाख रुपये बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपदभर में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि बुधवार को पुलिस टीम ने एनआईटी श्रीनगर के समीप वाहनों की जांच के दौरान युवक के कब्जे से 4.13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया कि मौके पर लक्की भंडारी (26) निवासी भक्तियाना, श्रीनगर को मौके से गिरफ्तार किया गयज्ञ। युवक के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस अब स्मैक सप्लाई करने वाले नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की जांच में जुटी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल संजय कुमार तथा होमगार्ड भूपेंद्र सिंह शामिल रहे।

### चेकिंग के दौरान 6.54 ग्राम अवैध स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

**कीर्तिनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस गढ़वाल विवि तिराहा, चौरास पुल के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाकर एक युवक से 6. 54 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। युवक के खिलाफ कोतवाली कीर्तिनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 2.5 लाख बताई जा रही है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जिसके कब्जे से 6.54 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। बताया कि आरोपी की पहचान राजू कार्की (28) पुत्र स्वर्गीय प्रेम कार्की, हाल निवासी बड़ियारगढ़, थाना कीर्तिनगर, जनपद टिहरी गढ़वाल तथा मूल निवासी ग्राम संगलाकोटी, थाना सतपुली, जनपद पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी के संबंध में कई महत्वपूर्ण तथ्य प्रकाश में आए हैं। आरोपी युवक ने पॉलीटेक्निक की शिक्षा प्राप्त की है, किंतु अधिक धन कमाने के लालच में वह नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त हो गया। बताया कि अभी एक माह पूर्व ही युवक जेल से रिहा होकर आया था तथा पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के कई मामलों में जेल जा चुका है। बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा, उपनिरीक्षक आशीष सिंह रावत, एएसआई दीपेन्द्र रावत, हरीश चन्द्र, आशीष नेगी सहित आदि शामिल थे।

# श्रीनगर में बस अड्डे के पास विकसित होगी नई पार्किंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा के बढ़ते दबाव और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल और प्रशासन ने शहर को एक बार फिर व्यवस्थित यात्रा पड़ाव के रूप में विक. सित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। महापौर आरती भंडारी की पहल पर श्रीनगर मुख्य बस अड्डे के समीप खाली भूमि का समतलीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस स्थान को पार्किंग के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे चारधाम यात्रियों, स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम द्वारा शुरू की गई इस कार्रवाई के दौरान आसपास की दुकानों द्वारा फैलाई गई गंदगी पर भी सख्ती दिखाई गई और चालानी कार्रवाई की गई। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रीनगर में व्यवस्था बनाए रखना और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। चारधाम यात्रा के इस सीजन में लंबे समय बाद श्रीनगर गढ़वाल की रातें फिर से जगमगाने लगी हैं। कहा कि प्रशासन द्वारा रात में वाहनों के ठहराव की व्यवस्था किए जाने के बाद शहर के होटल, रेस्टोरेंट, चाय-नाश्ते की दुकानें, फल विक्रेता और छोटे कारोबारी फिर से सक्रिय नजर आने लगे हैं। वर्षों बाद यात्रा सीजन में बाजार देर रात तक गुलजार दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, श्रीनगर गढ़वाल कभी बद्रीनाथ और केदारनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वाहनों के सीधे आगे बढ़ने और यात्रा में बदलाव के कारण शहर में यात्रियों का ठहराव कम हो गया था। इससे स्थानीय व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ा। अब प्रशासन और मेयर आरती भंडारी की नई रणनीति से शहर की पुरानी पहचान लौटती दिखाई दे रही है। वहीं स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन और नगर निगम की इस पहल का स्वागत किया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि यात्रा सीजन में व्यवस्थित पार्किंग और यात्रियों का रात्रि ठहराव श्रीनगर में बढ़ता है तो होटल व्यवसाय, रेस्तरां, परिवहन और छोटे कारोबारों को नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, अधिशाषी अभियंता पवन कोठियाल, पार्षद दीपक कुमार सहित आदि मौजूद थे।



### ■ निगम ने शुरू कराया भूमि समतलीकरण

# पेपर लीक मामलों के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार: जसबीर राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पूर्व राज्य मंत्री एवं राज्य आंदोलनकारी एडवोकेट जसबीर राणा ने कहा है कि देश में नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लगातार पेपर लीक होने के मामलों के लिए शिक्षा मंत्री नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री से तत्काल अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है।

जसवीर राणा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लंबे समय से विभिन्न भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की चिंताओं को गंभीरता से नहीं ले रही है और इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है। कहा कि पेपर लीक की घटनाओं के कारण अनेक छात्र मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ अभ्यर्थियों ने निराशा में आत्मघाती कदम भी उठाए हैं, जिसके लिए सरकार जिम्मेदार है। कहा कि अब स्थिति ऐसी हो गई है कि सीबीएसई जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की परीक्षाएं भी विवादों के घेरे में आ रही हैं। इसे सरकार की बड़ी विफलता बताते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### ■ तत्काल पद से इस्तीफा देने की उठाई मांग

# बच्चों के भाषा कौशल विकसित करने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** वीर शिरोमणि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलेथा एवं राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों में संस्कार और भाषा कौशल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यापिका नीलम तिवारी ने समर कैंप के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों, भाषा कौशल और आत्मविश्वास के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र बिष्ट ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन में सफलता के लिए संस्कार, अनुशासन और नैतिक गुणों का समावेश भी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका बबीता चौहान, रितु खंडेलवाल, कमली बिष्ट, सुमन उनियाल, मंजू सेमवाल, पुष्प लता गुसाईं, प्रेम नेगी, अनीता सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# कृषि यंत्रीकरण ग्रामीण कृषि व्यवस्था का मजबूत आधार: प्रो. श्रीप्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में एक दिवसीय कृषक कार्यशाला एवं निःशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन किया गया।

पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों को कृषि यंत्रीकरण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में कीर्तिनगर विकासखंड के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। शुक्रवार को चौरास परिसर स्थित उद्यान विभाग में उद्यान विभाग एवं मैकेनिकल इंजी. नियरिंग विभाग द्वारा कृषि विभाग टिहरी गढ़वाल के सहयोग से कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए विवि के कुल. पति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था का मजबूत आधार बन रहा है। आधुनिक कृषि उपकरणों से किसानों की मेहनत कम होने के साथ उत्पादन और आय में वृद्धि संभव है। कहा कि विश्वविद्यालय किसानों तक तकनीकी ज्ञान पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। टिहरी के मुख्य कृषि अधिकारी डा. विजय देवराड़ी ने पर्वतीय कृषि में छोटे और किफायती कृषि यंत्रों की उपयोगिता पर जोर देते हुए किसानों से आधुनिक खेती पद्धतियां अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं और कृषि यंत्रों पर उपलब्ध सरकारी सहायता की जानकारी भी दी। कार्यशाला समन्वयक एवं यांत्रिक अभियंत्रण विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश गंगिल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि यंत्रीकरण किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। वहीं उद्यानिकी विभागाध्यक्ष डा. डीके. राणा ने कृषि मशीनों के सुरक्षित संचालन और नियमित रखरखाव के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस मौके पर प्रो. एमएस. पंवार एवं प्रो. एचबीएस. चौहान, डा. तेजपाल बिष्ट समेत शोध छात्र व अन्य उपस्थित रहे।

### ■ गढ़वाल विवि में कृषक कार्यशाला आयोजित

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर हुड़दंगियों पर पुलिस का बड़ा एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान पैदल मार्ग पर अराज. कता फैलाने वालों के खिलाफ रुद्रप्रयाग पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। लिंचोली क्षेत्र में वायरल हुए मारपीट के वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 घोड़ा-खच्चर संचालकों को हिरासत में लिया है। साथ ही संबंधित व्यक्तियों के अश्व संचालन लाइसेंस निरस्त करने हेतु रिपोर्ट भी संबंधित विभाग को भेज दी गई है।



■ लिंचोली क्षेत्र में वायरल मारपीट वीडियो का लिया संज्ञान, 5 घोड़ा खच्चर संचालकों पर कार्रवाई

रुद्रप्रयाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि केदारनाथ यात्रा को हर हाल में सुरक्षित, व्यवस्थित और भयमुक्त बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। अब तक लगभग 9.5 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं और यात्रा सुचारू रूप से जारी है। ऐसे में यात्रा मार्ग पर मारपीट, हुड़दंग और अराजक गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दरअसल, बीती 23 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें 4 से 5 लोग लाठी-डंडों के साथ आपस में मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। बताया गया कि यह घटना केदारनाथ पैदल मार्ग के लिंचोली क्षेत्र की है। वायरल वीडियो से यात्रा मार्ग पर मौजूद श्रद्धालुओं में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहा. रिका तोमर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कोतवाली सोनप्रयाग तथा पैदल यात्रा मार्ग की सभी चौकियों को आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड द्वारा लगातार पूछताछ, वीडियो विश्लेषण और चिन्हीकरण के आधार पर गौरीकुण्ड घोड़ा पड़ाव क्षेत्र से 5 संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि घोड़ों के आपस में टकराने और लेन-देन के विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई। पुलिस के अनुसार इस घटना से यात्रा मार्ग की शांति भंग हुई और श्रद्धालुओं में भय का माहौल उत्पन्न हुआ।गौरीकुण्ड पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत शांति भंग की कार्यवाही की है। साथ ही जिन लोगों ने इन व्यक्तियों को अपने यहां कार्य पर रखा था, उन्हें भी कड़ी चेतावनी दी गई है कि भविष्य में किसी भी व्यक्ति को बिना पुलिस सत्यापन के रोजगार न दिया जाए। मारपीट में शामिल प्रथमपार्टी दिनेश शाहू पुत्र राधेश्याम शाहू निवासी पटरी, इन्द्रेश हॉस्पिटल के पीछे, थाना पटेल नगर देहरादून, जसपाल सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी रांवलेख, थाना ऊखीमठ, जनपद रुद्रप्रयाग एवं दूसरी पार्टी अर्पित चन्द्रा पुत्र विनोद चन्द्रा निवासी ग्राम भनेड़ा, थाना कीरतपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश, शैलेन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी रामपुर, थाना सोनप्रयाग जनपद रुद्रप्रयाग, विशाल सिंह पुत्र रामकरण सिंह, मोहम्मद उवेश पुत्र मोहम्मद लियाकत, मोहम्मद फरदीन पुत्र मोहम्मद इलियास शामिल थे।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने केदारनाथ यात्रा से जुड़े सभी व्यवसायियों, घोड़ा-खच्चर संचाल. कों और मजदूरों से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की मारपीट, अराजकता या ऐसा कृत्य न करें जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यात्रा व्यवस्था प्रभावित हो। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

# 37 वर्षों की सेवा के बाद महावीर सिंह राणा को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/ उत्तरकाशी।** महावीर सिंह राणा (महावीर रवांल्टा) को 37 वर्षों की सराहनीय सेवा पूर्ण करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला में आयोजित सम्मान समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में मुख्य फार्मेसी अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे महावीर सिंह राणा के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि अपने लंबे सेवाकाल के दौरान महावीर सिंह राणा ने स्वास्थ्य सेवाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक कर्मठ अधिकारी के साथ-साथ वे साहित्य जगत में "महावीर रवांल्टा" के नाम से भी विशेष पहचान रखते हैं और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर लगातार लेखन करते रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. मनोज रावत, डॉ. कपिल तोमर एवं ऐलम पंवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सोलन देवी, उपेन्द्र सिंह राणा, सोवत सिंह रावत, पृथ्वीराज कपूर, शांति प्रसाद सेमवाल एवं धर्मेन्द्र रावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सृष्टि की सृजनकर्ता है नारी: रेखा आर्या

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कैबिनेट मंत्री ने किया बालिकाओं को जागरूक

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर राज्य की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने किशोरी और महिलाओं के जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। इस मौके पर महिलाओं और किशो. रियों को स्वच्छता किट वितरित की गई।




सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारतीय परंपरा में इस जैविक प्रक्रिया को प्राकृतिक वैज्ञानिक और नारी की सृजन क्षमता का आधार माना गया है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं को ईश्वर का वह पवित्र आशीर्वाद है जो उन्हें सृष्टि की सृजनकर्ता बनाता है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस विषय में समाज में बहुत सारी भ्रांतियां प्रचलित है और इस बारे में सामाजिक सोच को बदलना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए स्वास्थ्यवर्धक खान-पान और मासिक धर्म के दिनों में स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक उपाय अपनाना आवश्यक है।

इस अवसर पर उन्होंने किशोरी और बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता किट वितरित की। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मोदी सरकार ने देशभर में स्थित हजारो जनऔषधि केदो पर मात्र घ में सुरक्षित सेनेटरी पैड वितरित किया जाता है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने मेरी सहेली नैपकिन वेंडिंग मशीन व आंगनबाड़ी बहनों

**किशोरी और महिलाओं को स्वच्छता किट की वितरित**

के माध्यम से चल रही नैपकिन वितरण योजना के जरिए ग्रामीण समाज की लाखों महिलाओं को सुरक्षित स्वच्छता उपाय है अपनाने में मदद की है। कार्यक्रम के दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निहा. रिका ने प्रतिभागियों को मासिक धर्म और उससे जुड़ी समस्याओं के बारे में संवाद के जरिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह, मोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### अब घर बैठे होगा 'जीवन प्रमाण' सत्यापन, डिजिटल सुविधा से आसान हुई प्रक्रिया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर उत्तराखंड के पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र का सत्यापन अब बेहद सरल और पारदर्शी हो गया है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से अब बुजुर्ग घर बैठे ही अपना सत्यापन कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने और लंबी कतारों में लगने से मुक्ति मिली है।

देहरादून में ही 22 हजार से अधिक पेंशनर इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में श्जीवन प्रमाणश ऐप और श्आधार फेस आरडीश तकनीक के उपयोग से पेंशनर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट आसानी से जमा कर रहे हैं। देहरादून कचहरी स्थित कोषागार में स्थापित श्पेंशनर फैसिलिटेशन हॉलश में पेंशनरों को इस डिजिटल प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। 1 अप्रैल 2024 से अब तक यहाँ 1 लाख 84 हजार से अधिक पेंशनरों का सत्यापन किया जा चुका है।

# इलेक्ट्रिक स्कूटी से बैठक में पंहुचे विधायक सहदेव पुंडीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** देहरादून जिले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक सकारात्मक और चर्चित उदाहरण सामने आया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा बुलाई गई महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में शामिल होने के लिए सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने अपनी लग्जरी गाड़ियों को घर पर छोड़ दिया और इलेक्ट्रिक स्कूटी से बैठक में पहुंचे।



विधायक सहदेव पुंडीर आज सुबह सुद्धोवाला स्थित अपने आवास से इलेक्ट्रिक स्कूटी चलाते हुए देहरादून के लिए रवाना हुए। इस कदम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिशन पर्यावरण' और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'ग्रीन उत्तराखंड' विजन को जमीनी हकीकत में बदलने का एक बेहतरीन उदाहरण माना जा रहा है। विधायक का यह फैसला बढ़ते वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों के बीच खासा महत्वपूर्ण है। कई पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय लोग इसे न सिर्फ सराहनीय, बल्कि अन्य जनप्रति. निधियों के लिए प्रेरणादायक बता रहे हैं। हालांकि कुछ लोग इसे प्रतीकात्मक भी मान रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े-बड़े लोग भी छोटे-छोटे व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।

पर्यावरण बचाने की दिशा में ऐसे छोटे लेकिन प्रभावशाली कदम निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अगर जनप्रतिनिधि खुद इस तरह की मिसाल पेश करेंगे, तो आम नागरिकों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता और लगाव बढ़ेगा।

# ऑपरेशन प्रहार: जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जारी 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत प्रेमनगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 मई 2026 को कोतवाली प्रेमनगर में वादी श्रीकुमार निशांत, निवासी मुजफ्फरनगर ने सूचना दी थी कि प्रियांशु राणा और उसके साथियों ने उनके भाई के कमरे पर जाकर गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से सिर पर घातक प्रहार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी ने कोतवाली प्रेमनगर की एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने सुरागरसी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। 28 मई 2026 को मुखबिर से मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने जाल बिछाया और घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी प्रियांशु राणा को बीएफआईटी, सुद्धोवाला के पीछे से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रियांशु राणा, पुत्र विक्रम सिंह राणा, निवासी ग्राम दूधली खेड़ा, निकट दुर्गा मंदिर, थाना गढी पुख्ता, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

# मसूरी विधानसभा क्षेत्र के तहत चल रहे कार्यों को समय पर करें पूरा : जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कैंप कार्यालय में सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए मंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**कैबिनेट मंत्री ने की मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा**

इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत मसूरी विधानसभा क्षेत्र के संतला देवी में नून नदी पर प्रस्तावित झील निर्माण की कागजी कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर जल्द कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों से कहा कि झील निर्माण के दौरान पर्यटन गति. विधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्रवासियों की पेयजल समस्या के समाधान को भी प्राथमिकता दी जाए।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोटर मार्गों के सुधारीकरण, डामरीकरण एवं नए मोटर मार्गों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहस्त्रधारा बायपास से बगलाधोरण मोटर मार्ग, क्यारा-धनौल्टी मार्ग, छमरौली से डोमकोट मोटर मार्ग तथा बाटाघाट पुरकुल मालसी सरोना बोंठा मोटर मार्ग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को बरसात से पूर्व संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कामाख्या मंदिर क्षेत्र में प्रस्तावित ब्रिज निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण से स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान लोक निर्माण विभाग ईई राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई पी.एल नौटियाल, सहायक अभियंता सिंचाई मोहन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर .......



### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह: जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उत्तराखंड आगमन पर सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

### 10 लाख उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा किया पार

**देहरादून।** किफायती ब्रांडेड-जनरिक दवाओं के लिए भारत के सबसे विश्वसनीय प्लेटफॉर्म प्लैटिनमआरएक्स, ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह प्लेटफॉर्म अब तक देश भर में 10 लाख से अधिक मरीजों को अपनी सेवाएँ दे चुका है और इसने अपने उपयोगकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक विकल्पों के माध्यम से 128 करोड़ रुपये से अधिक की बचत कराई है। भारत में लाखों लोग डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों से जूझ रहे हैं। इनके लिए हर महीने 2,000 से 5,000 रुपये तक दवाओं पर खर्च होना आम बात है। यह खर्च धीरे-धीरे एक बड़ा बोझ बन जाता है। इसी वजह से कई लोग दवा की खुराक छोड़ देते हैं, या कभी-कभी बिना दवा के भी रह जाते हैं।

### बारिश से गर्मी व तपिश से लोगों को मिली राहत

**नई टिहरी।** बीती गुरूवार देर रात को हुई भारी बारशि से जहां लोगों को गर्मी व उमश से राहत मिली वहीं जंगलों में लगी आग बुझने से वन विभाग को भी राहत मिली है। बारिश से बीती रात को नई टिहरी नगर में कई जगहों पर बिजली भी गुल हो गई थी जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। हालांकि बारिश से कई नुकसान होने की सूचना नहीं मिली है। पिछले कुछ समय से नई टिहरीवासियों भी भारी गर्मी का सामना करना पड रहा था। दोपहर धूम में बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। स्थिति यह थी कि गर्मी से बचने के लिए नई टिहरी में लोगों ने काफी संख्या में पंखे खरीदे। नई टिहरी में अन्य शहरों की अपेक्षा कम गरम होता है लेकिन पिछले करीब दो सप्ताह में नगरवासियों को भी तेज धूप की तपिस से जूझना पडा।

# द अल्टस स्कूल में शिक्षकों के लिए 'मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व क्षमता निर्माण' कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को शिक्षकों के लिए श्मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और क्षमता निर्माणश् विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।



कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन अनीता रतूड़ी, प्रधानाचार्या, फुटहिल्स अकैडमी (ऋषिकेश) व सीबीएसई रिसोर्स पर्सन थीं। उन्होंने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य, सेल्फ अवेयरनेस, मूड मैप और आइसबर्ग मॉडल की अवधारणा से परिचित कराया। श्रीमती रतूड़ी ने वर्ल्ड हेल्थ आग्र. ेनाइजेशन द्वारा निर्धारित जीवन कौशल तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस के 9 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि छात्रों की दिखाई देने वाली समस्या वास्तविक समस्या नहीं होती, अत: शिक्षकों को समस्या के मूल कारण को समझकर बच्चों की क्षमताओं को निखारना चाहिए और उन्हें तनाव व चुनौतियों से बाहर निकलने में सहयोग करना चाहिए। कार्यशाला संवादात्मक गतिविधियों एवं केस स्टडी पर आधारित रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु गुप्ता ने अनीता रतूड़ी को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा दिए गए समस्त जानकारी से शिक्षकों ने अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# कलाकारों ने नम आंखों से दी युवा संगीतकार को भाव भिन्नी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जौनसार बावर क्षेत्र के डुगरी गांव के छाछवा मजरा निवासी प्रसिद्ध संगीतकार हरदयाल की बीते 27 मई की रात को आक्स्मिक मृत्यु लोगो के गले नही उतर रही है. बहुत ही होनहार व शांत स्वभाव के इस कलाकार के इस तरह चले जने से संगीत जगत में शोक की लहर दौड गई है। युवा संगीतकार के रूप में हरदयाल के कार्यो को कभी भूलाया नही जाएगा. उनके द्वारा जौनसार-बावर, रवांई, जौनपुर और हिमाचल के सैकड़ों गानों में अपना संगीत दिया है. हरदयाल के निधन से पुरे क्षेत्र में शोक है ओर उनके पिता चंदर सिंह व माता जी माटो देवी कभी होश मे तो कभी बेहोशी की हालत में चले जाते है। शोक सभा में मुख्यत: लोक गायक कांतिराम जोशी,. भीमसिंह चौहान, प्रभु पंवार, भरत चौहान, देवेंद्र रावत, मनोज सागर, रो. हित मोढका, डॉक्टर श्याम कुंवर, नैनसिह राणा, मोनिका आर्य, सचिन वर्मा, प्रवेश विज्लवाण, गोपाल दीनदयाल, अभि चौधरी, कैलाश बडेरी. दलीप नेगी. अरविन्द रावत. रवि तोमर. दिनेश प्रकाश . मास्टर करन.दक्ष चौहान. बारू निराला समेत सैकडो कलाकार उपस्थित थे।

**युवा संगीतकार हरदयाल का आक्स्मिक निधन संगीत जगत में शोक की लहर**

# पूर्व मंत्री नवप्रभात ने सीवरेज और पेयजल लाइन के हो रहे कार्य पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने शहर में सीवरेज और पेयजल लाइन के हो रहे कार्य पर सवाल खड़े किए।


मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने कहा उन्होंने अपने कार्यकाल में शहर के लिए पेयजल निर्माण निगम द्वारा पुराना विकासनगर में नए विकासनगर योजना के दो प्रारूप बनाए थे जिसके क्रियान्वन से योजना सफल होती लेकिन क्षेत्र का दुर्भाग्य है की सरकार ने एक ऐसी कंपनी को कार्य सौंप दिया जो इस कार्य को करने में सक्षम नहीं थी जिसकी परेशानी आम जनता को भुगतनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वह कभी भी इस चीज के पक्षधर नहीं रहे हैं की मूलभूत सुविधाओं को सरकार निजी हाथो दे, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा ऐसी सुविधाएं हैं जो जनता को सरकार को देनी चाहिए और इन्हें प्राइवेट हाथों में नहीं सौंपना चाहिए। उन्होंने कहा सरकार ने 18 वर्ष के लिए पानी जैसी सुविधा निजी हाथों में सौंपने का कार्य किया है जनता से यह किस प्रकार की वसूली करेंगे उसे आज तक यह जनता को नहीं बता पाए।

उन्होंने कहा इस कंपनी के कार्यो की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए साथ ही उन्होंने भाजपा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा लगाए गए आरोप पर कहा प्रथम दृष्टया लग रहा है कि भ्रष्टाचार हुआ है इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास शर्मा, नगर पालिका के अध्यक्ष धीरज नौटियाल, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# बदहाल सड़कें बनीं पर्यटकों की परेशानी का कारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** इन दिनों चकराता क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक चकराता की हसीन वादियों, हरियाली और शांत वातावरण का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। क्षेत्र का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाइगर फॉल भी इन दिनों सैलानियों की पहली पसंद बना हुआ है।



**टाइगर फॉल मार्ग की खराब सड़क के कारण कई वाहन गड्ढों में रहे हैं फंस**

लेकिन टाइगर फॉल तक पहु. चने वाला मार्ग पर्यटकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। टाइगर फॉल में करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे पर्यटकों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण कई वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं और आवाजाही प्रभावित हो रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पर्यटन सीजन के बावजूद विभाग इस गंभीर समस्या के प्रति उदासीन बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक टाइगर फॉल पहुंच रहे हैं, लेकिन जर्जर सड़क के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र की पर्यटन छवि भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय ग्रामीण मायदत्त जोशी, अर्जुन सिंह, दिनेश चौहान, वीरेंद्र रावत मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र आयुष कुमार जो मेरे कहने सुनने में नहीं है। उससे मैंने अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी।

**श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 हरी चन्द निवासी संतोष नगर, आईआईपी मोहकमपुर, जिला देहरादून।**

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून**

पत्रांक: 853/अभि०/2026-27 दिनांक: 29/05/2026

**ई-निविदा सूचना**

उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में ''ए'' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से उत्तराचल प्रेस क्लब हेतु बहुउद्देशीय भवन निर्माण हेतु टू-बिड के आधार पर ई-निविदा दिनांक 22.06.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार / फर्म जो क्वालीफाई कर रहे हो वह उत्तराखण्ड की वेबसाईट uktenders.gov.in में उपरोक्त तिथि एवं समय तक निविदा अपलोड कर दिनांक 23.06.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक हार्ड कॉपी जमा कर सकते है। अन्य निविदा की विस्तृत शर्ते प्राधिकरण की वेबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है, यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना उक्त वेवसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।**

**कार्यालय उप निदेशक गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी।**
**Div.Office at : Forest Colony (Kotbanglow) Dist,Uttarkashi,**
**Email- ddgnpuki@gmail.com**
**उत्तराखण्ड वन्यजीव हेल्पलाइन न० 18008909715 (टोल फी) / 1926**

पत्रांक : 1450 / 3-5 कोटबंगला, दिनांक: 27/05/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

1. महामहिम श्री राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से उप निदेशक गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी द्वारा निम्नलिखित कार्य की शीलबन्द निविदायें पंजीकृत डाक से दिनांक 28.05.2026 तक पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 28.05.2026 से दिनांक से 15.06.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में उप निदेशक गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क उत्तरकाशी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 17.06.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे तक निविदायें उप निदेशक कार्यालय गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क कोटबंगला, उत्तरकाशी में पहुंचनी आवश्यक है। प्राप्त निविदायें दिनांक 18.06.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी।
3. निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मोहर बन्द प्राप्त निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी।

| क्र० स० | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देवऋषि नाले में 5 न० चैक डैम | भटवाडी | 1000+ GST (18%) | 05.07.2026 | 3,00,000 | 9000 |

**नोट :-** निविदा से सम्बन्धित शर्तें एवं कार्य का प्राक्कलन किसी भी कार्य दिवस में उप निदेशक कार्यालय गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, कोटबंगला, उत्तरकाशी में अवलोकन किया जा सकता है।

**(हरीश नेगी)**
**उप निदेशक**
**गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान पर प्रशासन सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**8 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने जानकारी दी कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण और संकलन करेंगे। इसी अवधि में नए पोलिंग बूथों को शामिल करते हुए बूथों का अंतिम निर्धारण भी किया जाएगा। तत्पश्चात 14 जुलाई को मतदाता सूची के प्रथम ड्राफ्ट का प्रकाशन होगा। नागरिक 14 जुलाई से 13 अगस्त तक अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे, जिनका निस्तारण 11 सितंबर तक सुनिश्चित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर को किया जाएगा।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ईआरओ को निर्देश दिए कि वे राजनीतिक दलों के साथ समन्वय कर प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 की नियुक्ति तत्काल सुनिश्चित करें, ताकि पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने ईआरओ को अपने-अपने क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए ताकि मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें। साथ ही, बीएलओ और सुपरवाइजरों को गहन प्रशिक्षण देने को कहा गया है।

# अकीदत व शांति के साथ अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, देश में अमन-चैन के लिए उठे हजारों हाथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर से लेकर देहात तक ईद-उल-अजहा का त्योहार बेहद शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान सभी ईदगाहों और मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर हर तरफ भारी पुलिस बल तैनात रहा।ईदगाह में मौलाना वाहिद कासमी ,जमा मस्जिद में मुफ्ती बदरुद्दीन ने ईद की मुख्य नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने वहां मौजूद लोगों को बकरीद की फजीलत और इसकी अहमियत के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद हजारों लोगों ने एक साथ हाथ उठाकर देश में सुख, शांति, भाईचारे और अमन-चौन के लिए खास दुआ मांगी। नमाज संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए हरिद्वार के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के कड़े निर्देश पर पुलिस प्रशासन सुबह से ही पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसएसपी के आदेशानुसार शहर से लेकर देहात इलाकों तक पुलिस बल लगातार ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास गश्त करता रहा। सीओ ज्वालापुर संजय चौहान और ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी की अगुवाई में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी मुख्य जगहों पर पुलिस बल तैनात रहने से सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही, जिसकी स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की।पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगर निगम की ओर से भी सफाई और पानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नमाज स्थलों के आसपास सुबह से ही सफाई व्यवस्था एकदम दुरुस्त रखी गई थी, जिससे नमाजियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।



## सड़क सुरक्षा एवं दुघर्टना न्यूनीकरण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

# सड़क किनारे पर अतिक्रमण को तत्काल हटाए संबंधित अधिकारी : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में सड़क सुरक्षा एवं दुघर्टना न्यूनीकरण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्म्बधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून एवं निर्यत्रित करने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा सड़क सुरक्षा कानूनों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्ती से कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने तेज रफ्तार, शराब पीकर, ओवरलोडिंग वाहन चलाने एवं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के दिए निर्देश। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग रुड़की,हरिद्वार और नजीबाबाद एवं लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके अधीन जिन सड़कों में गड्ढे हो गए है एवं पेचवर्क का कार्य किए जाना है,कांवड़ मेले से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जिन स्थानों पर साइन बोर्ड लगाए जाने है ,उन स्थानों पर तत्परता से साइन बोर्ड लगाए जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जितने भी ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते हुए ब्लैक स्पॉट को कम करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जिन स्थानों पर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है अथवा यातायात का काफी दबाव रहता है इसके लिए उन्होंने परिवहन विभाग एव पुलिस विभाग को निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के दिए निर्देश। बैठक में जिलाधिकारी एनएचआई एवं लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके अधीन जो सड़के है उन सड़कों पर किसी भी दशा में अतिक्रमण न किया जाए, यदि किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रुड़की कृष्ण चंद्र पलारिया ने अवगत कराया है कि सड़क दुर्घटनाओं को निर्यत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए परिवहन विभाग एव पुलिस विभाग द्वारा नियंत्रण चौकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं तथा नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्य की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि परिवहन विभाग द्वारा की गई प्रवर्तन की कार्यवाही, जिसमें 1 जनवरी से अप्रैल 2026 तक बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 3667 लोगों का चालान किया गया है तथा ओवरलोडिंग के 301, ओवरस्पीड के 2012, वाहन चलते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले 99 चालान, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले 352,मालवाहन में यात्री वाहन करना 87 वाहन चालकों का चालान किये गए तथा पुलिस विभाग द्वारा बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 8429, नशे में वाहन चलाने वाले 367, ओवरस्पीड में वाहन चलाने वाले के 4666,मालवाहक में ओवरलोडिंग के 304, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना 270,वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना 612,मालवाहक वाहनों में यात्री वाहन करना 164,रेड लाइट जंप करने वाले वाहन चालकों 189 के चालान किये गए। इस दौरान एसपी ट्रैफिक निशा यादव, अधीक्षण अभियंता लोनिवि डी के सिंह,अधिशासी अभियंता यूपीसीएल विपुल सैनी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन रुड़की जितेन्द्र चन्द सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### भटकी नेपाल मूल की दो नाबालिग बहनों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह नेपाल मूल की दो नाबालिग सगी बहनों के संदिग्ध अवस्था में घूमने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित संरक्षण में लिया और काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना सिडकुल पुलिस को सूचना मिली कि राजा बिस्कुट फैक्ट्री के आसपास दो नाबालिग लड़कियां अकेली घूम रही हैं। औद्योगिक क्षेत्र में दोनों बालिकाओं के संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। सूचना मिलते ही चेतक पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों बालिकाओं को सुरक्षित थाना सिडकुल लाया गया। पूछताछ में बालिकाओं ने बताया कि वे नेपाल मूल की हैं तथा उनके पिता नैनीताल जनपद के हल्द्वानी क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करते हैं। दोनों बहनें बिना बताए हल्द्वानी से हरिद्वार आ गई थीं और रास्ता भटककर सिडकुल क्षेत्र में पहुंच गईं।

थानाध्यक्ष सिडकुल अजय शाह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया था। दोनों नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित संरक्षण में लेकर महिला उपनिरीक्षक के माध्यम से उनकी काउंसलिंग कराई गई। पूछताछ में पता चला कि दोनों बहनें बिना बताए हल्द्वानी से हरिद्वार आ गई थीं और रास्ता भटक गई थीं। परिजनों से संपर्क कर आवश्यक सत्यापन के बाद दोनों बालिकाओं को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हरिद्वार पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस द्वारा परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाना सिडकुल बुलाया गया। आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों नाबालिग बहनों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटियों को सुरक्षित पाकर परिजनों ने हरिद्वार पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### महिला ने गंगा नहर में लगाई छलांग, युवकों ने बचाई जान

**हरिद्वार।** घर में चल रहे क्लेश से परेशान होकर सिद्धार्थ नगर नई दिल्ली निवासी एक महिला ने शुक्रवार देर रात शंकर आश्रम पुल से गंगा नहर में छलांग लगा दी। महिला को डूबता देख आसपास मौजूद कुछ युवकों ने बिना देर किए गंगा में छलांग लगा दी और काफी दूरी पर जाकर महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। रेल चौकी प्रभारी समीप पांडेय ने बताया कि महिला की उम्र करीब 33 वर्ष है। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह घरेलू कलह से परेशान थी, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने महिला को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया

**बहादराबाद।** भीषण गर्मी के चलते अलीपुर के ग्रामीणों ने छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। शुक्रवार को मंदिर समिति के सदस्यों ने शिव मंदिर के सामने छबील लगाकर राहगीरों को ठण्डा शर्बत पिलाया। मंदिर समिति के सदस्य राहगीरों तथा वाहनों को रोककर शर्बत पिला रहे थे। आयोजकों का कहना था कि भीषण गर्मी के कारण राहगीर बहुत परेशान हैं। सार्वजनिक तौर पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा मुहैया न होने से लोगों को भारी असुविधा हो रही है। राहगीरों को राहत पंहुचाने के लिए छबील लगाने का निर्णय लिया गया था। मंदिर समिति के सदस्य रमेश चंद ने बताया कि गर्मी के कारण राहगीर बहुत परेशान थे हमारी समिति के द्वारा छबील लगाकार लोगो को राहत देने का प्रयास किया गया। मंदिर समिति में भगवानदास, राजेश, संजय, मनोज राहुल आदि लोग मौजूद रहे।

# कृष्ण बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजन व रुक्मणी विवाह प्रसंगों से भक्त भावविभोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री तुलसी मानस मंदिर परिसर में गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजन और रुक्मणी विवाह प्रसंग का भक्तिभाव से वर्णन किया गया। कथा व्यास स्वामी कामेश्वर पुरी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रेम, करुणा और धर्म का संदेश देती हैं। उन्होंने गोवर्धन प्रसंग के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और गौ सेवा का महत्व बताया। रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे और मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। मुख्य यजमान आरपी सिंह ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आर पी सिंह, वीना सिंह, करमचंद, तेलुराम अग्रवाल, नितिन एन० शाह, प्रतिमा सिंह, माया सिंह, अशोक, उमा गर्ग, सुभाष अग्रवाल, डॉ एन के पाण्डेय, डॉ कविन्द्र लाल, राजकुमार बंसल, बागेश्वर पाण्डेय, निहारिका द्विवेदी, भोला सिंह पटना, पवन, मधु सिंगला, सुरेन्द्र शर्मा, पुनीत बजाज, सुनील सैनी आदि मौजूद रहे।



# रोशनाबाद में गंदगी से बेहाल ग्रामीण, ग्राम प्रधान पर उपेक्षा के आरोप

## प्रशासनिक कार्यालयों के पास बसे गांव की बदहाल स्थिति से लोगों में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**रोशनाबाद।** त्योहारों के मद्देनजर जहां एक ओर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं हरिद्वार जनपद की ग्राम पंचायत सलेमपुर के अंतर्गत आने वाले रोशनाबाद गांव की स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। गांव में जगह-जगह फैली गंदगी, कूड़े के ढेर और बदहाल नालियां ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत प्रशासन पर गंभीर उपेक्षा के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रोशनाबाद गांव प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है, बावजूद इसके गांव की मूलभूत सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गांव की सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। इससे गांव में संक्रमण फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सलेमपुर पप्पू पाटिल तथा उनके प्रतिनिधि गांव की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वोट मांगने के लिए घर-घर पहुंचते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद गांव की ओर पलटकर भी नहीं देखते। गांव में सफाई कर्मी नियमित रूप से आते हैं या नहीं, कूड़ा उठाया जाता है या नहीं, इसकी कोई निगरानी नहीं की जा रही। ग्रामीणों के अनुसार कई बार फोन के माध्यम से ग्राम प्रधान और पंचायत प्रतिनिधियों को समस्याओं से अवगत कराने की कोशिश की गई, लेकिन अधिकांश समय फोन तक नहीं उठाया जाता। यदि कभी फोन उठ भी जाए तो केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी बनी हुई है।

गांव के मुख्य रास्तों और सार्वजनिक स्थलों पर फैली गंदगी के बीच से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें इसी गंदगी के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री लगातार स्वच्छता अभियान को सफल बनाने और लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने की अपील कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते योजनाएं धरातल पर दिखाई नहीं दे रही हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल सफाई अभियान चलाकर गंदगी से निजात दिलाई जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों।




# कंपनी से किर्लोस्कर पंप चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए कंपनी से किर्लोस्कर पंप चोरी करने वाले आरोपी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 90 हजार कीमत के तीन किर्लोस्कर पंप बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 28 मई 2026 को रितेश दीक्षित निवासी सलेमपुर महदूद ने थाना सिडकुल में शिकायत देकर बताया था कि उनकी कंपनी से अज्ञात चोर तीन किर्लोस्कर पंप चोरी कर ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि डेंसो चौक से आईपी-2 कंपनी की ओर एक संदिग्ध युवक कट्टा लेकर जा रहा है। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली तो कट्टे में किर्लोस्कर कंपनी का पंप मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नीतीश चौधरी निवासी जमालपुर थाना रानीपुर बताया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने दो-तीन दिन पहले कंपनी से तीन पंप चोरी कर कंपनी के पीछे घास में छिपा दिए थे और अब उन्हें बेचने जा रहा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के तीनों पंप बरामद कर लिए। थाना सिडकुल प्रभारी निरीक्षक अजय शाह ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह, उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र, कां. रोहित कुमार शामिल रहे।

# धर्मनगरी में वारदात : माता-पिता के बीच सो रही मासूम को उठा ले गए चोर, तलाश में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी के विष्णुघाट पर सो रही पांच महीने की एक मासूम बच्ची के रहस्यमय तरीके से गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को चुरा ले गया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के संभल जिले (ग्राम खानपुर सराय, थाना गढ़ी) के रहने वाले पुष्पेंद्र अपने परिवार के साथ हरिद्वार घूमने आए थे। गुरुवार की रात वह अपनी पत्नी, अन्य रिश्तेदारों और पांच महीने की बेटी गौरी के साथ विष्णुघाट पर ही रुके हुए थे। रात में बच्ची अपने माता-पिता के बीच में सो रही थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब परिवार के लोगों की आंख खुली, तो उनके होश उड़ गए। बच्ची अपनी जगह पर मौजूद नहीं थी। परिजनों ने तुरंत घाट और उसके आसपास के पूरे इलाके में बच्ची को काफी ढूंढा, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बच्ची का पता लगाने के लिए घाट क्षेत्र और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# मोबाइल व गुल्लक चोरी के मामले में नाबालिग सहित दो दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** घर से फोन और रूपयों से भरी गुल्लक चोरी करने के मामले में कोतवाली सिडकुल पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 मोबाइल फोन व एक सरिए का टुकड़ा बरामद किया है। आरोपियों ने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। 27 मई को महावीर विहार रावली महदूद निवासी विपिन गिरी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर घर से मोबाइल फोन व गुल्लक जिसमें 10000 थे, चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर महिंद्रा पार्क में खड़े दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और सरिए का टुकड़ा बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह दोनों आपस में दोस्त हैं तथा स्मैक का नशा करते हैं। नशे का खर्चा पूरा करने के लिए उन्होंने ही महावीर विहार स्थित एक घर से 1 मोबाइल फोन व गुल्लक चोरी की थी। गुल्लक से मिले रुपयों को दोनों ने आपस में बांट कर खाने-पीने में खर्च कर दिए। बरामद मोबाइल के आईएमइआई नंबर का मिलान करने पर एक मोबाइल का मिलान चोरी हुए मोबाइल से होने पर पुलिस ने समीर उर्फ मैगी पुत्र गंगाराम निवासी सरकारी स्कूल के पास रावली महदूद को हिरासत में लेते हुए उसके नाबालिग दोस्त को नियमों के मुताबिक पुलिस संरक्षण में ले लिया। पुलिस आरोपियों से बरामद अन्य 2 मोबाइल के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस टीम में एसआई जयसिंह राणा, हे.कां. सोहन राणा शामिल रहे।

# जाट महासभा ने दी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि

## विचारधारा, सादगी व संघर्ष का प्रतीक है चौधरी चरण सिंह का जीवन : चौधरी देवपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथी पर जाट महासभा पंचपुरी हरिद्वार द्वारा आर्य समाज भेल सेक्टर-1 में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। यज्ञ उपरांत आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जाट महासभा पंचपुरी हरिद्वार के अंतरिम अध्यक्ष चौधरी देवपाल सिंह राठी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी से प्रधानमंत्री पद तक का सफर तय करने वाले चौधरी चरण सिंह का राजनीतिक जीवन किसानों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए संघर्ष का पर्याय रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने किसानों, मजदूरों, शोषितों के अधिकारों ओर उत्थान के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन विचारधारा, सादगी और संघर्ष का प्रतीक है। सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। आचार्य योगेंद्र, भाजपा नेता संजीव चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने चौधरी चरण सिह का पूरा राजनीतिक जीवन ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान-कमेरा वर्ग के सशक्तिकरण को समर्पित था। उनकी नीतियों का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की असमानता को चुनौती देना था। गोष्ठी में योगेन्द्र पाल राणा, काली चरण वर्मा, नरेंद्र सिंह, रकम सिंह, निरंकार सिंह, सिकंदर सिंह, रामचंद्र जाट, यशपाल सिंह, सीता राम, बसंत कुमार पुनिया, उदयवीर बालियान, पवन कुमार, भारत भूषण, देवेन्द्र कुंडू, देवेन्द्र कुमार, नौबाहर, राजीव चौधरी, रणवीर सिंह, अशोक हुड्डा, राजवीर सिंह पंवार, मनवीर सिंह सिरोही, सुशील चौधरी, हरवीर सिंह बालियान, कृष्ण कुमार पुनिया, केपी सिंह, नरेन्द्र देशवाल, महक सिंह पंवार, अनिल राणा, शक्ति सिंह, वासन सिंह, हरपाल सिंह, बिजेंद्र कुमार, तरुण राठी, संजीव चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह, शक्ति वर्धन, डा. संजील कुमार आर्य, डा. सुशील कुमार आर्य, सुखपाल सिंह पंवार, रविन्दर आर्य, सुनील तोमर आदि मौजूद रहे।




# नासिक कुंभ में जूना अखाड़ा बनाएगा चारों धाम के मंदिर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नासिक, हरिद्वार और उज्जैन में होने वाले कुंभ मेलों की तैयारी को लेकर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की बैठक आयोजित की गयी। अखाड़े के संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि के सानिध्य व मार्गदर्शन तथा अखाड़े के अध्यक्ष एवं सभापति श्रीमहंत मोहन भारती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कुंभ मेले के दौरान होने वाले निर्माण तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए गए। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के प्रस्ताव पर नासिक-त्रयंबकेश्वर कुंभ मेले में चारों धाम के मंदिर बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। श्रीमहंत हरि गिरि ने कहा कि मंदिरों के निर्माण से विश्व भर से आने वाले भक्तों व युवा पीढ़ी को सनातन धर्म की महानता का पता चल सकेगा। अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि नासिक-त्रयंबकेश्वर, हरिद्वार व उज्जैन के कुंभ मेलों को लेकर व्यवस्थाओं व निर्माण कार्य संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इसमें पार्किंग की समस्या को गंभीर मानते हुए ऐसी व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। घाटों, सड़कों के निर्माण समेत अन्य विकास कार्यों में संतों का पूर्ण सहयोग रहेगा। बैठक में विश्व में चल रहे अस्थिरता व युद्ध के दौर को समाप्त कर शांति स्थापित करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। बैठक के उपरांत चारों धाम के मंदिर निर्माण का पूजन जूना अखाड़े के वरिष्ठ अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, वरिष्ठ अध्यक्ष श्रीमहंत उमाशंकर भारती, श्रीमहंत केदार पुरी व श्रीमहंत नारायण गिरि ने किया। सभी संतों ने सौभाग्य योग व गुरु प्रदोष काल में श्रीमहंत हरि गिरि के सानिध्य में त्रयंबकेश्वर महादेव का पूजन-दर्शन किया। गोदावरी पर बन रहे नए घाट का पूजन भी किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमहंत महेश पुरी, श्रीमहंत आनंदपुरी, सचिव श्रीमहंत रामेश्वरानंद गिरि, सचिव श्रीमहंत आदित्य गिरि, सचिव श्रीमहंत रत्न गिरि, सचिव श्रीमहंत ओम भारती समेत कई संत मौजूद रहे।



**न्यायालय श्रीमान तृतीय अपर जिला जज महोदय, हरिद्वार**

प्रकीर्ण वाद संख्या 71 सन 2025

महन्त बलौर सिंह शिष्य स्व0 महन्त दर्शन सिंह, निवासी निर्मला वाडेडेरा, पंजग्राही कंला, फरीदकोट, पंजाब ........ प्रार्थी

बनाम

1. श्रीमहन्त स्वामी ज्ञानदेव सिंह वेदान्ताचार्य शिष्ट महन्त स्वामी लाल सिंह, कथित अध्यक्ष श्री निर्मल पंचायती अखाड़ा कनखल, तहसील एवं जिला हरिद्वार। 2. पंचायत अखाड़ा निर्मला (रजि0) कनखल, परगना ज्वालापुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार द्वारा श्रीमहन्त स्वामी ज्ञानदेव सिंह वेदान्ताचार्य शिष्य महन्त स्वामी लाल सिंह, कथित अध्यक्ष श्री निर्मल पंचायती अखाड़ा कनखल, तहसील एवं जिला हरिद्वार। 3. महन्त बलवंत सिंह शिष्य महन्त रतन सिंह, निवासी रतन बाग, हरिद्वार, तहसील एवं जिला हरिद्वार, हाल निवासी शुकदेव कुटी, कनखल, तहसील एवं जिला हरिद्वार। ......... विपक्षीगण

उपरोक्त प्रकीर्ण वाद प्रार्थी की ओर से माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः आप विपक्षीगण को न्यायालय के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस सम्बन्ध कोई एतराज हो तो न्यायालय में नियत दिनांक 08-07-2026 को समय प्रातः 10 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त वाद में एतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त वाद में नियत दिनांक को सुनवाई कर प्रार्थनापत्र की कार्यवाही एक पक्षीय रूप से अग्रसरित कर विधिनुसार निस्तारित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक

**तृतीय अपर जिला जज हरिद्वार।**

# ईदुउल अजहा की नमाज के बाद मुल्क में शांति के लिए मांगी दुआ, पुलिस रही मुस्तैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज सकुशल सम्पन हुई। इस दौरान नमाजियों ने मुल्क में शांति अमन चौन के लिये हाथ उठाकर दुआ मांगी। नमाज के बाद एक दूसरे से गले व हाथ मिलाकर ईद की मुबारक बाद पेस की है। पुलिस की ओर से भी नमाज अदा कराने के लिये पुख्ता इंतजाम किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को बकरीद को शांति पूर्वक व भाईचारे से बनाने की अपील भी की।

गुरुवार को बकरीद के त्यौहार पर दर्जनों गांव धनपुरा, घिस्सूपुरा, मुस्तफाबाद, गुर्जर बस्ती, नसीरपुर कला, कटारपुर, कस्सामपुर, बड़ाहेडी, अलावलपुर, चाँदपुर, आदि में ईद की नमाज शांति पूर्वक अदा की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान व् मौजिज लोगो द्वारा अपील की गई कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नही की जाए। नमाज के बाद सभी ने हाथ उठाकर देश मे शांति अमन चौन की दुआ मांगी। इसके बाद सभी एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई पेस की। एसओ रविन्द्र कुमार ने लोगो से बकरीद के त्यौहार को शांति पूर्वक बनाने की अपील करते हये कहा की पशुओं की कुर्बानी करने के दौरान आप सभी मौजिज व्यक्ति मांस को खुले में नहीं रखेगे। मांस को लाते व् लेजाते समय पोलोथिन में ढक कर ले जायेगे ताकि दूसरे धर्म के लोगो को भी परेशानी न हो सके। कुर्बानी के दौरान मांस से बचे अंगो को जमीन में गड्ढा कर दबाया जाये। मांस लाते समय रास्तो में न रुके किसी भी व्यक्ति के साथ अगर कोई परेशानी आती है तो वह तुरंत मेरे नंबर या कंट्रोल रूम पर सुचना करे । फेरुपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने भी लोगो से शांति पूर्वक त्यौहार बनाने की अपील की ताकि किसी भी समुदाय के लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान गालिब हसन, मोहम्मद हारून, पूर्व ग्राम प्रधान कालू हसन, पूर्व प्रमुख सहीद हसन, साजिद अली, मुबारक अली, मुबारक अली, डॉक्टर हारून, नजाकत अली, उप प्रधान जहीर हसन, डॉ नूर अली, दिलशाद, अकरम, जब्बार अली, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुस्तफा अंसारी, ग्राम प्रधान जफिर, साजिद अली, मोहब्बत, शहीद, रियासत ठेकेदार, इरशाद मास्टर, मुस्तकीम, सलीम अहमद, तंजीम अली आदि मौजूद रहे सभी ने ईद के त्यौहार को भाईचारे व शांति से बनाने की अपील की है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया की जिस गांव में कुर्बानी की जाती है वहा पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर रहेगी। गस्त के दौरान हुड़दंग करने वालो पर सख्त नजर रखी जायेगी। हुड़दंग करने वालो को बख्सा नही जायेगा।



# शिविर 48 लोगों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष रविश भटीजा के संयोजन में ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 48 लोगों ने रक्तदान किया। रविश भटीजा ने कहा कि ब्लड वॉलंटियर ग्रुप और ब्लड रिलेशन ग्रुप द्वारा भी समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। दोनों ग्रुप साधुवाद के पात्र हैं। कांग्रेस नेता वीरेंद्र रावत ने कहा रविश भटीजा और उनके साथी समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते है। जिससे रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ती है। डा. रविंद्र चौहान ने कहा कि रक्त दान करने से बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी, हेपिटाइटिस सी, वीडीआरएल की निःशुल्क जांच होती है। नियमित रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। कैंसर जैसे घातक रोगों के होने का खतरा कम होता है। हृदयाघात की संभावना 90 प्रतिशत कम रहती है, नए ब्लड सेल बनते है, लिवर स्वस्थ रहता है, रक्त में केलोस्ट्रोल का लेवल कम होता है, जो कि अच्छे स्वास्थ्य में सहायक सिद्ध होता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री दीपशिखा के पासपोर्ट आवेदन व आधार कार्ड में मेरा नाम ज्योति कुमारी है, जबकि पुत्री के हाई स्कूल में मेरा नाम ज्योति दर्ज है दोनों नाम मेरे यानी एक ही व्यक्ति के हैं, भविष्य में मुझे ज्योति कुमारी के नाम से जाना पहचाना जाए। ज्योति कुमारी उर्फ ज्योति पत्नी चंद्र किशोर, निवासी एचडी 91, निकट शिव मंदिर, इंद्रलोक कॉलोनी, रावली महदूद, शिवालिक नगर भेल, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# सीएम व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की भव्य गंगा आरती



■ परमार्थ निकेतन में श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम, देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं विश्व शांति की कामना
■ गंगा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना की जीवंत धारा: नितिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पौड़ी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शुक्रवार को ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन पहुंचकर विधिवत गंगा पूजन एवं भव्य गंगा आरती में सहभाग किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने मां गंगा से देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

परमार्थ निकेतन घाट पर आयोजित गंगा आरती के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। वेद मंत्रों, भजन-कीर्तन और दीपों की अलौकिक छटा के बीच मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मां गंगा की आराधना कर प्रदेश की उन्नति, जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उपस्थित संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मां गंगा के पावन तट पर आना सदैव आत्मीय एवं आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा की जीवंत धारा है, जिसने सदियों से देश की आध्यात्मिक चेतना को पोषित किया है।

उन्होंने कहा कि भारत की संत परंपरा ने हर कठिन और विपरीत परिस्थिति में समाज को दिशा देने का कार्य किया है। जब-जब देश सामाजिक, सांस्कृतिक या वैचारिक चुनौतियों से गुजरा, तब संतों और ऋषियों ने अपने तप, त्याग और ज्ञान के माध्यम से समाज को नई ऊर्जा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत की तपस्या, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों की परंपरा सदियों से जनमानस में जीवित रही है और संत समाज ने इस महान विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज भी भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक चेतना विश्व को आकर्षित कर रही है। उत्तराखंड जैसी देवभूमि हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है, जहां से पूरे देश को आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि गंगा, संत परंपरा और भारतीय संस्कृति का संरक्षण केवल धार्मिक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद मुनि ने मुख्यमंत्री एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए गंगा संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं मानव सेवा के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर निरंतर नयी ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों से देश की प्रतिष्ठा विश्वभर में बढ़ी है। उन्होंने उत्तराखंड को दिव्यता, संयम और संगम की धरती बताते हुए मुख्यमंत्री धामी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने गंगा एवं भारतीय संस्कृति के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, निरंजन अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, उपजिलाधिकारी चतर सिंह चौहान सहित विभिन्न अधिकारी, संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं देश-विदेश से आए पर्यटक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बूथ प्रबंधन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन उत्साहजनक: भट्ट



■ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश कोर कमेटी सदस्यों को दो दो दिन विधानसभाओं में प्रवास के दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने तीन दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड आये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने विस चुनाव को देखते हुए बूथ प्रबंधन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया और जरूरी टिप्स दिये।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि लोक सभा और विस चुनावों मे ऐसे बूथ जहाँ पर पार्टी उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा उसे लेकर एक टीम गठित की जायेगी। उन्होंने कहा कि कोर कमेटी के सदस्य दो दो दिन के प्रवास पर उन क्षेत्रों मे जाकर उस विधान सभा के कोर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे और बूथ पर भी बैठक करेंगे। कोर कमेटी के 17 सदस्य जून, जुलाई और अगस्त माह मे सभी विस क्षेत्रों मे दौरा करेंगे। सभी प्रभावशाली सदस्यों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में उन्होंने कहा कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे का जवाब देने के लिए भी रणनीति बनाई जायेगी।

भट्ट ने जानकारी दी कि चूंकि हमारी चुनाव योजना, पूरी बूथ आधारित होती है और उसी विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमें बैठक आवश्यक मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर बूथ प्रबंधन को हमें कैसे और बेहतर तथा प्रभावी बनाना हैं। ये पूरी बैठक विधानसभा में हैट्रिक लगाने को लेकर रणनीति पर केंद्रित रही। विशेषकर पूर्व के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जिन बूथों को हम जीत नहीं पाये, विशेषकर उनको लेकर हमें टीम बनानी है। बैठक में तय हुआ है कि कोर कमेटी के सभी सदस्य दो दिन एक विधानसभा में प्रवास करेंगे। जून, जुलाई अगस्त में होने वाले इस प्रवास में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संबंधित विधानसभा कोर कमेटी से संवाद करेगी और बूथ पर जाकर जमीनी रणनीति बनाएगी। इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं का फीड बैक लेकर सरकार को निराकरण के लिए सुझाव देगी। शीघ्र ही रणनीति बनाते हुए कमेटी सदस्यों के प्रभावो के अनुशार विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री व महानिदेशक सूचना ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जारी अपने सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाज रही है, समाज में जनजागरुकता एवं जन भावनाओं को अभिव्यक्ति देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है। वर्तमान समय में पत्रकारिता समाज और शासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता देश के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीएम ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी हिन्दी पत्रकारिता का स्वर्णिम इतिहास रहा है। प्रदेश सरकार पत्रकारों के हितों के प्रति संवेदनशील है तथा पत्रकारिता से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्पक्षता, विश्वसनीयता एवं जनहित की भावना आज भी पत्रकारिता की मूल आत्मा है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही सफल पत्रकारिता की पहचान है। यह समाज में बदलाव लाने का भी प्रभावी माध्यम है।

# अवैध निर्माणों पर चला एमडीडीए का प्रशासनिक बुलडोजर, कई व्यवसायिक भवन सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल व एमडीडीए की बड़ी कार्रवाईअवैध निर्माणों पर प्रशासनिक बुलडोजर चला ,

कई व्यवसायिक भवन सील मसूरी, ऋषिकेश और देहरादून में संयुक्त अभियान, अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल व एस0डी0एम0 ऋषिकेश ,मसूरी के निर्देशों पर प्राधिकरण की टीम ने माजरा, सुद्धोवाला, बड़ोवाला, शिमला बाईपास रोड, डिस्पेंसरी रोड, ऋषिकेश तथा मसूरी क्षेत्र में बिना



स्वीकृति संचालित निर्माण कार्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान कई अवैध व्यवसायिक परिसरों को सील किया गया, जबकि अवैध प्लॉटिंग और निर्माणों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा तथा संबंधित अभियंताओं एवं अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई संपन्न कराई गई।

**ऋषिकेश में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त, मसूरी में निर्माणों पर गिरी गाज**

प्राधिकरण की टीम ने

■ मसूरी, ऋषिकेश और देहरादून में संयुक्त अभियान, अवैध प्लॉटिंग की गई ध्वस्त

ऋषिकेश क्षेत्र के लेन नंबर-03, निर्मल बाग ब्लॉक-ए में लगभग तीन बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मौके पर पहुंची टीम ने प्लॉटिंग स्थल पर चल रहे विकास कार्यों को रुकवाते हुए अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। उक्त भूमि पर बिना किसी वैधानिक स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे थे, जो विकास प्राधिकरण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसी क्रम में मसूरी क्षेत्र स्थित दलाई हिल्स, हैप्पी वैली में संजय सहानी, अमित तथा चंदू द्वारा किए गए अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माणों को ध्वस्त किया।

**देहरादून में कई व्यवसायिक परिसरों पर सीलिंग कार्रवाई**

एमडीडीए द्वारा देहरादून शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी व्यापक कार्रवाई की गई। डिस्पेंसरी रोड स्थित सुरेंद्र भाटिया द्वारा किए गए अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त अंबेडकर नगर, बड़ोवाला शिमला बाईपास क्षेत्र में नरेश गुप्ता द्वारा किए गए अवैध निर्माण को भी सील किया गया। वहीं माजरा सहारनपुर रोड क्षेत्र में बेला जैन, अनिल कुमार गुप्ता, वरुण गर्ग, राकेश गर्ग तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक निर्माणों के खिलाफ भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। संबंधित भवन स्वामियों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नियमों का पालन न किए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करनी पड़ी। यह संपूर्ण अभियान संबंधित सेक्टरों के सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, शशांक सक्सेना, अजय मलिक, राजेंद्र बहुगुणा, अवर अभियंता ,सुपरवाइजरों एवं पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

**अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: तिवारी**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण न केवल विकास प्राधिकरण के नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि शहर की सुनियोजित विकास व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। एमडीडीए द्वारा ऐसे मामलों की लगातार निगरानी की जा रही है और जहां कहीं भी अवैध गतिविधियां सामने आएंगी, वहां तत्काल प्रभाव से ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि भवन निर्माण से पूर्व संबंधित मानचित्रों की स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।

**नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : बर्निया**

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर बिना अनुमति निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, वहां नियमानुसार सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

## एक नजर .......

### उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में कार्यवाहक अध्यक्ष नामित हुए अनिल राणा

**देहरादून।** उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के वरिष्ठतम सदस्य अनिल कुमार राणा को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में कार्यवाहक अध्यक्ष नामित किया गया है। उप सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता, उत्तराखण्ड शासन जसविन्दर कौर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अनिल कुमार राणा, आयोग में अध्यक्ष के रिक्त पद पर नियमित नियुक्ति होने तथा नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने तक अध्यक्ष पद के पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वह्न करेंगे।

### डीआईटी में 31 मई को होगी विशेष एडमिशन काउंसलिंग

**देहरादून।** डीआईटी यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर करियर-उन्मुख शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान कायम करते हुए इंजीनियरिंग, संगणक विज्ञान, प्रबंधन, औषधि विज्ञान, विज्ञान, अभिकल्पना और वास्तुकला कार्यक्रमों में परिसर नियुक्ति, उच्च शिक्षा अवसरों और औद्योगिक सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आगामी सत्र के लिए 31 मई को डीआईटी यूनिवर्सिटी देहरादून परिसर में एडमिशन काउंसलिंग रखी गई है। प्लेसमेंट सत्र की उपलब्धियों को साझा करते हुए करियर सर्विसेज एंड डेवलपमेंट सेंटर के डीन प्रवीण सैवाल ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय में रिकॉर्डतोड़ प्लेसमेंट सत्र देखने को मिला। 465 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने परिसर का दौरा किया और छात्रों को 1,550 से अधिक रोजगार प्रस्ताव प्रदान किए, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक हैं।

### विक्रम नेगी बने कार्यक्रम संयोजक

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पौडी में आयोजित पूर्व सैनिक/अर्द्ध सैनिक संवाद कार्यक्रम के लिए विक्रम सिंह नेगी, विधायक प्रतापनगर को कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 प्रतिमा सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल की और से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गोधी के आगमन पर 4 जून 2026 को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पौडी में आयोजित पूर्व सैनिक/अर्द्ध सैनिक संवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी को कार्यक्रम संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से विक्रम सिंह नेगी से अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेतागणों एवं पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पूर्व सैनिक/अर्द्ध सैनिक संवाद कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन करवाना सुनिश्चित करेंगे।

### सीएस ने प्रदेश में दैनिक आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं कीमतों की ली जानकारी

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में प्रदेश में खाद्यान्न एवं दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आयुक्त खाद्य बी. एल. राणा से प्रदेश में दैनिक आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं कीमतों की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने प्रदेश में आमजन की रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की उचित दरों पर निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित विभागों को लगातार एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बाजार में खाद्य सामग्री, डीजल-पेट्रोल, एलपीजी एवं अन्य आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता एवं मूल्य स्थिति पर सतत् निगरानी रखी जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# डीएवी कॉलेज के विधि छात्रों का विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** डीएवी (पीजी) कॉलेज के विधि विभाग की ओर से सहस्त्रधारा रोड स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे डीएवी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष एवं पूर्व निदेशक रोवर्स-रेंजर्स डॉ. अनिल वर्मा ने कहा कि "कानून की जानकारी न होना कोई बहाना नहीं है।" उन्होंने विधि छात्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि कानून के विद्यार्थी केवल वकील या जज बनने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कौशल कुमार ने संविधान प्रदत्त अधिकारों और नि:शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। वहीं, विधि विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल दीक्षित ने एलएलबी के बाद रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में डीएवी कॉलेज के 25 छात्रों का जज पद पर चयन हुआ है।

## मुख्यमंत्री धामी के विजन को मिल रही गति

# बागवाला में बने 1872 प्रधानमंत्री आवास जल्द होंगे लाभार्थियों को आवंटित

■ रुद्रपुर में आवास, ट्रांसपोर्ट नगर और कॉमर्शियल हब परियोजनाओं का निरीक्षण ■ सचिव डॉ. आर. राजेश ने दिए त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में आवासीय एवं शहरी विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सचिव आवास एवं राज्य सम्पत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार ने उधमसिंहनगर जनपद के रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर विकास प्राधिकरण की विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सचिव आवास एवं राज्य सम्पत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार ने बागवाला में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 156 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 1872 आवासों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इन आवासों का लोकार्पण शीघ्र किया जाएगा और पात्र लाभार्थियों को आवासों की चाबियां सौंपी जाएंगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लाभार्थियों द्वारा अभी तक निर्धारित अंशदान जमा नहीं किया गया है, उनसे शीघ्र धनराशि जमा कराकर आवंटन प्रक्रिया को गति दी जाए। उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रति आवास 3 लाख रुपये की सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाती है, जबकि 3 लाख रुपये लाभार्थी को जमा करने होते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 185 लाभार्थियों द्वारा पूरी धनराशि जमा की जा चुकी है, जबकि 222 लाभार्थियों को पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से भुगतान हेतु सूचित किया गया है। सचिव जिला विकास प्राधिकरण ने जानकारी दी कि आवास परिसर में साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण एवं पौधारोपण का कार्य तेजी से चल रहा है।

# आशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण को बनेगी नई नीति: डॉ. रावत



■ विभागीय अधिकारियों को दिये नई नियमावली कैबिनेट में लाने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेशभर में संचालित राजकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण को नई नीति बनाई जायेगी। इस संबंध में विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर एक माह के भीतर कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। नई नियमावली लागू होने के बाद उन अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण का मार्ग प्रशस्त होगा, जिनकी प्रबंधन समितियों द्वारा शासन को विद्यालयों के राजकीयकरण के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जायेंगे।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद देहरादून के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राजकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर नई नियमावली का प्रारूप शीघ्र तैयार कर कैबिनेट में लाने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण के पक्ष में है, लेकिन कतिपय अशासकीय विद्यालयों के कार्मिकों द्वारा प्रांतीयकरण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। जिस कारण राजकीय एवं आशसकीय विद्यालयों के कार्मिकों के बीच वरिष्ठता को लेकर टकराव की स्थिति बन गई है, साथ ही प्रांतीयकरण के उपरांत शासकीय व्ययभार बढ़ने की पूरी सम्भावना है।

जिसके चलते प्रस्तावित विद्यालयों के प्रतीयकरण की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई है। ऐसे में पारदर्शी एवं व्यावहारिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नई नियमावली बनाया जाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नियमावली में विद्यालय की भूमि की उपलब्धता एवं स्वामित्व, छात्र संख्या, कार्मिकों की वरिष्ठता, पदों की आवश्यकता तथा सरकार पर पड़ने वाले वित्तीय व्ययभार सहित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया जाएगा। बैठक में जनता इंटर कॉलेज चौखाल, पौड़ी की प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी विद्यालय के प्रांतीयकरण को लेकर जोरदार तरीके से अपना पक्ष रखा, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रांतीयकरण का लाभ पाने वाले कुछ विद्यालयों के कार्मिक वरिष्ठता व एसीपी के लाभ को लेकर न्यायालय की शरण में चले गये थे, जिसके चलते वरिष्ठता को लेकर नये विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

विभागीय सचिव रविनाथ रमन ने जानकारी दी कि वर्तमान में निदेशालय स्तर पर परीक्षण के उपरांत एक दर्जन अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण संबंधी प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये गये हैं। उन्होंने बताया कि नई नियमावली अधिसूचित होने के बाद ही इन विद्यालयों के प्रांतीयकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव वित्त गंगा प्रसाद, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा मुकुल सती, प्रभारी निदेशक बेसिक शिक्षा के. एस. रावत, वित्त अधिकारी विरेन्द्र कुमार सहित विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में बह रही विकास की गंगा: महाराज

■ बहुउद्देशीय शिविर में 19 दिव्यांगों को मिले विकलांग प्रमाण पत्र ■ शिकायत काउंटर पर 58 शिकायतें और 55 मांग हुए प्राप्त

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**एकेश्वर (पौड़ी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार, चारधाम सड़क, रेल कनेक्टिविटी, मेडिकल कॉलेज और स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से निरंतर विकास की गंगा बह रही है।

यह बात प्रदेश के प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पर्यटन, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज ने शुक्रवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकासखण्ड एकेश्वर के पणखेत में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत विकासखण्ड एकेश्वर में पिछले 9 वर्षों में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। बहुप्रतिक्षित 02 पम्पिग पेयजल योजनाएं भूम्या डांडा तथा ज्वाल्पा देवी ग्राम समूह पम्पिग पेयजल योजनाओं के लिए 44 करोड़ 18 लाख 82 हजार रूपये स्वीकृत किये गये। इन दोनों योजनाओं से विकासखण्ड के 24 छोटे-बडे गांव व तोकों की जनता पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित होगी। जल संस्थान द्वारा जल-जीवन मिशन के तहत पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 14 करोड़ 67 लाख 93 हजार रूपये स्वीकृत किये गये सभी योजनाओं पर कार्य चल रहा है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत द्वितीय चरण स्टेज-1 स्टेज-2 के अन्तर्गत 12 मोटर मार्गों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 10 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया जबकि 2 योजनाओं का कार्य जारी है। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने जानकारी देते हुए कहा कि विकासखण्ड एकेश्वर में ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा 05 मोटर मार्गों के लिए 09 करोड़ 10 लाख रूपये स्वीकृति किये गये थे जिनमें से 4 मोटर मार्गो का कार्य पूर्ण हो गया तथा एक मोटर मार्ग मनकोटखाल-कल्याणी पर निर्माण कार्य जारी है। ग्राम्य विकास विभाग के अर्न्तगत स्टेज-1 स्टेज-2 तथा स्टेज-3 में 14 मोटर मार्गो का नव निर्माण, सुधारीकरण, डामरी करण के लिए 71 करोड़ 19 लाख 07 हजार रूपये स्वीकृत किये गये इन सभी पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा स्टेज 4 के अन्तर्गत मैणा-पिलखैरा तथा झंगरबौ सिवाल मोटर मार्ग पर टेंडर हो गये हैं और भण्डाली गांव मोटर मार्ग की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। 08 करोड 66 लाख रूपये की लागत से 13 मोटर मार्गो का वन टाइम मेन्टिनेंश व नवीनीकरण में पीसी का कार्य किया गया है।

# कार्यालय-नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती-ढालवाला टिहरी गढ़वाल

**पत्रांक :- 211 /श्वान पशु उपविधि/2026-2027** **दिनांक : 29 /05 /2026**

## सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवालाटिहरी गढ़वाल सीमान्तर्गत **उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–298 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की उप धारा–2 खण्ड–(ज) (च)** के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिशद, मुनिकीरेती–ढालवाला द्वारा नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–128 की उपधारा–1(ii)(iii) अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुये ''श्वान पशु लाईसेंस उपविधि 2025'' बनायी जाती हैं, जो **नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–301(1)** के अन्तर्गत जन सामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पड़ने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव हेतु प्रकाशित की जा रही हैं।

अतः समाचार पत्र में उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला, टिहरी गढ़वाल को प्रेषित की जा सकेगी। वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### उपविधि

नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला की सीमा के अन्तर्गत श्वान (कुत्तों) के लाइसेंस शुल्क से सम्बन्धित उपविधियां

1– यह उपविधि नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढाल वाला जिला–टिहरी गढ़वाल श्वान पशु लाईसेंस उपविधि 2025 कहलायेगी।

2– यह उपविधि सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

3– परिभाषायें:–

I- नगरपालिका परिषद से तात्पर्य नगर नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला व उसकी सीमा से है।

II- अधिषासीअधिकारी से तात्पर्यनगरपालिकापरिशद,मुनिकीरेती–ढालवालाके अधिषासीअधिकारी सेहै।

III- अधिनियमका तात्पर्य उत्तर प्रदेश, नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) से है।

IV- ए०बी०सी०से तात्पर्य एनिमल बर्थ कंट्रोल केंद्र से है।

V- "शेल्टरहाउस" से जहाँ श्वान पशुओं कोअ स्थायी या स्थायी आधार पर रखा जाता है।

VI- ''बोर्डिंग केनेल संचालक'' में वह व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह शामिल है जो पालतू पशुओं/पक्षियों को केनेल या किसी अन्य प्रतिष्ठान में अस्थायी आवास के लिए शुल्क के आधार पर रखते हैं।

VII- "पालतूपशु" में कुत्ता, बिल्ली, खरगोश, गिनी पिग, हम्सटर, चूहे याचूहे श्रेणी के कृंतक, पालतू पक्षी और ऐसे अन्य प्रकार के पशु शामिल हैं, जिनका स्वामित्व और व्यापार किसी अन्य कानून, नियम या विनियमों द्वारा निषिद्ध नहीं है।

VIII- ''स्वामी'' से तात्पर्य केवल स्वामी से ही नहीं, बल्कि वर्तमान में मौजूद अभिरक्षा या किसी अन्य व्यक्ति के कब्जे में पशु में से भी है।

IX- "डॉग" से देसी/विदेशी नस्ल वाले श्वान पशु/कुत्ते जिनमें पिल्ले भी शामिल हैं।

X- ''ब्रिड़िग श्रेणी'' ब्रीडर्स से तात्पर्य वह व्यक्ति या व्यक्तियों जो श्वान पशुओं से प्रजनन करवाने उनसे बच्चे पैदा करवाने तथा व्यापार करने से है।

XI- '' घरेलू'' नॉनब्रीडिंग श्रेणी से तात्पर्य श्वानपशुओं से व्यापार न करने हेतु है।

XII- ''रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र'' से इन नियमों के अधीन जारी रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र है।

XIII- ''राज्य बोर्ड'' से राज्य सरकार द्वारा राज्य में गठित राज्य पशु कल्याण बोर्ड है।

XIV- ब्रीड ''प्रजनक'' से ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह से है जो कुत्तों और पिल्लों के प्रजनन और बिक्री के लिए विशिष्ट नस्लों के कुत्तों का स्वामी है, और इसमें बोर्डिंग केनेल संचालक, मध्यवर्ती संचालक और व्यापारी शामिल हैं।

XV- ''व्यापारी'' से वह व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह शामिल है जो किसी प्रजनक या पालतू जानवरों की दुकान से, या अपने स्वयं के प्रजनन केंद्र से प्राप्त कुत्तों और पिल्लों को बेचता है, या बिक्री के लिए आयातित करता है, या किसी अन्य तरीके से प्राप्त करता है।

XVI- ''पेट शॉप'' से कोई दुकान, स्थान या परिसर, स्थान या परिसर शामिल है, जहाँ पालतू पशुओं को बिक्री के लिए रखा या प्रदर्शित किया जाता है अथवा पालतु पशु हेतु खाद्य सामग्री एवं उपयोग में आनेवाले विभिन्न सामान का व्यापार किया जाताहै।

XVII- ''पंजीकरण'' से तात्पर्य नगर पालिका परिशद से लाइसेंस प्राप्त करना।

4– प्रत्येक पालतू श्वान (कुत्ता) जिसकी आयु तीन माह अथवा इससे अधिक हो का नगरपालिका परिशद, मुनिकीरेती–ढालवाला की सीमा के अंदर रखने/पालने (घर के परिसर में) पर इसका पंजीकरण नगरपालिका परिशद, मुनिकीरेती–ढालवाला कार्यालय में कराना आवश्यक होगा, जो पंजीकरण/नवीनीकरण की तिथि से एक वर्ष तक वैद्य रहेगा। बिना पंजीकरण अगर कोई श्वान (कुत्ता) पालता है तो परिशिष्ट–02 के अनुरूप जुर्माने के साथ उनके पालतू श्वान पशु को जब्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जा सकतीहै । पंजीकरण/लाईसेंस के वैद्य रहने के दौरान यदि श्वान का एन्टीरेबीज वैक्सीनेशन की वैद्यता समाप्त हो जाती है तो लाईसेंस स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

5– पालतू श्वानों के पंजीकरण हेतु किसी पंजीकृत पशुचिकित्सक द्वारा निर्गत एण्टी रेबीज टीका करण प्रमाण–पत्र तथा बन्ध्यकरण प्रमाण–पत्र (केवल अति आक्रामक श्वान पशुओं हेतु) होना अनिवार्य होगा।

6– कोई भी श्वान स्वामी अपने पालतु श्वानको खुलेमें नाही शौच करायेगा ना ही सार्वजनिक स्थलों/पार्कों आदि स्थान पर। यदि ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो परिशिष्ट–02 के अनुरूप चालानी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

7– कोई भी श्वान स्वामी अपने पालतु श्वानको स्वयं या केयर टेकर की निगरानी के बिना घर के बाहर नहीं ले जायेगा तथा पट्टा, मजल एवंचैन के साथ ही सार्वजनिक स्थलों/पार्कों में ले जा सकेगा। अन्य सामान्य लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सुझाव देने एवं सामान्यजन मे डर का माहौल होने पर अपने श्वान पशु को अलग करेगा। यदि ऐसा करता हुआ न पाया गया तो परिशिष्ट–02 के अनुरूप चालानी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

8– निम्नलिखित तालिका के अनुसार श्वानपशु का पंजीकरण कराया जा सकेगा।

| क्र.सं. | श्वान पशु की संख्या /प्रति श्रेणी | आवासीय क्षेत्र का क्षेत्रफल (वर्ग गज में) |
|---|---|---|
| 1 | 01 अतिआक्रामक श्रेणी | 300 |
| 2 | 02 सामान्य श्वान श्रेणी | 200 |
| 3 | 04 सामान्य श्वान श्रेणी | 300 |

05 या 05 से अधिक श्वान श्रेणी श्वान पशु शेल्टर के प्रावधान लागू होंगे। Annexure A (उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड)

I- पाँच या पाँच से अधिक श्वान पालने पर प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर (जो स्वतः अपने धन से अथवा दान के धन से चल रहा है और सरकार की फंडिंग पर नहीं) के प्रावधान लागू होंगे।

II-.प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर एकनिश्चित क्षेत्र में होगा तथा वहाँ पर्यवेक्षण एवं पर्याप्त देखभाल की सुविधा होगी। प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर की सूचना अनिवार्यतः नगरपालिका परिशद को उपलब्ध करायी जायेगी।

III- प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर में प्रत्येक एक वर्ष में लाइसेंस का नवीनीकरण किया जायेगा। जिसका निर्धारित शुल्क एक हजार प्रति वर्ष नगरपालिका परिशद को देय होगा। नगरपालिका परिषद के प्राधिकृत अधिकारी समय–समय पर लाइसेंस का निरीक्षण करेंगे।

IV- पाँच श्वान पशुओं से अधिक श्वानों की सेवा करने हेतु उत्तराखण्ड पशु कल्याणबोर्ड से प्राइवेट श्वानपशु शेल्टर की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा तथा माननीय न्यायालयों द्वारा समय.समय पर पारित आदेशों व अधिनियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

V- प्राइवेट श्वानपशु शेल्टर यदि किसी आवासीय क्षेत्र के निकट स्थित होगा तो निकट के आवासियों से अनापत्ति प्रमाण–पत्र लेना अनिवार्य होगा तथा उसमें पशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सभी प्रावधान पूर्ण करने होगें।

9 – नगरपालिका परिषद सीमान्तर्गत किसी घायल/असहाय/रोग ग्रस्त निराश्रित देशी श्वान को शरण देते हुए सेवा हेतु अनुमन्यता निम्नलिखित तालिका के अनुसार होगी।

| क्र०सं० | आवासीय कॉलोनियों/परिसरों/सोसाइटी में घायल/असहाय/रोग ग्रस्त निराश्रित देशी श्वानों को शरण देते हुए सेवा हेतु अनुमन्यता | |
|---|---|---|
| 1 | निराश्रित श्वानों की संख्या | अनिवार्यता |
| 2 | 04 | लाईसेंस लेना अनिवार्य नहीं होगा। |
| 3 | 05 या 05 से अधिक | श्वानपशु शेल्टर के प्रावधान लागू होंगे। |

10– ऐसे प्रत्येक व्यक्तिजो श्वान (कुत्ते) के स्वामी हो वो एस०पी०सी०ए०/भारत सरकार/राज्य सरकार/मा०न्यायालय/किसी न्यायधी करण द्वारा समय–समय पर जारी आदेश और निर्णय का भी पालन करना अनुज्ञा धारक की जिम्मेदारी होगी ऐसे न करने पर उपविधि का उल्लंघन माना जायेगा। (Annexure B) पशु क्रूरता निवारण सोसायटी)।

11– प्रत्येक ऐसे श्वान (कुत्ते) जिसका पंजीकरण कराना हो, के (1) लिंग (2) रंग (3) नस्ल (यदि ज्ञात हो) (4) रेबीज टीकाकरण की तिथि की सूचना सहित पशु चिकित्सा अनुभाग, नगर पालिका परिशद, मुनिकीरेती–ढालवाला को उसके स्वामी द्वारा निर्धारित माध्यमों पर आवेदन कर प्रेषित करना होगा अथवा नगरपालिका परिषद की वेबसाईट पर आवेदन करना अनिवार्य होगा।

V- श्वान पशुओं का पंजीकरण दो श्रेणियों में होगा।

अ) घरेलू (नॉन ब्रीडिंग)

ब) ब्रिडिंग श्रेणी

II- घरेलू श्रेणी के पशु स्वामी को सामान्य श्वान पशु के पंजीकरण/लाईसेंस हेतु रू० पाँच सौ प्रति श्वान पशु तथा पीटबुल (Pitbull) रॉटवीलर (Rottweiler) तथा डोगो अर्जेन्टीनों (Dogo Argentino) अमेरिकैन बुलडॉग (American Bulldog) एवं अन्य (Annexure C) अति आक्रामक श्वानपशुओं हेतु लाईसेंस शुल्क रू0 दो हजार जमा करना होगा। अति आक्रामक श्वानपशुओं के 01 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत उसका ए०बी०सी० सर्जरी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा आवेदन पत्र के साथ श्वान (कुत्ते) को एंटीरेबीज वैक्सीन का टीका लगा होने का प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

III- इच्छुक श्वान प्रेमियों द्वारा निराश्रित श्वानों को गोद लिये जाने हेतु संबंधित नगरपालिका परिशद में प्रारूप–1 के अनुरूप निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन किया जायेगा, गोद लिये गये श्वानों को चिन्हित कर उन्हें गोद लेने की विधिवत् अनुमतिप्रदान की जायेगी, परन्तु एक बार गोद लिये जाने के उपरांत संबंधित व्यक्ति/संस्था द्वारा गोद लिये गये श्वानों का परित्याग नहीं किया जायेगा ऐसा तभी सम्भव है जबविधिवत् तरीके से गोद लिये गये श्वान का पंजीकरण गोद लिये गये स्वामी द्वारा कराया जायेगा । ऐसे श्वानों का पंजीकरण नगर पालिका परिशद द्वारा किया जायेगा तथा नगर परिषद परिषद द्वाराए .बी.सी. सर्जरी एवं प्रथम वैक्सीन भी निःशुल्क लगायी जायेगी।

IV- पालतु श्वान स्वामी कोलाईसेंस लेने की तिथि से एक वर्ष पूर्ण होने के उपरांत पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन निर्धारित शुल्क (जो भी नगरपालिका परिशद द्वारा उस वर्ष के लिये निर्धारित किया जायेगा) सहित प्रेषित करना होगा। विलंब से प्रेषित नवीनी करण प्रार्थना–पत्र पर वैद्यता तिथि से परिशिष्ट–01 के अनुरूप प्रतिमाह रू० पाँच सौ विलंब शुल्क देय होगा।

12– पशुओं के प्रतिक्रूरता का निवारण (पालतू पशु दुकान) नियम, 2018: (Annexure D) के नियम–03 द्वारा पंजीकरण के बिना पालतू पशु दुकानों के प्रचालन को प्रतिषेधित किया गया है तथा नियम–14 के अनुसार किसी भी पालतू पशु दुकान को स्थानीय प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति तब तक नहीं दी जायेगी, जब तक पालतू पशु दुकान हेतु उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड से पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्राप्त न कर लिया हो।

13–पेट शॉप (पालतू पशु दुकान) हेतु लाईसेंस शुल्क परिशिष्ट–01 के अनुरूप देय होगा।

14–ब्रिडिंग श्रेणी हेतु लाईसेंस शुल्क तथा ब्रीडिंग फार्म के स्वामी द्वारा ब्रीडिंग फार्म का पंजीकरण हेतु शुल्क परिशिष्ट–01 के अनुरूप देय होगा। पशु स्वामी को पशु ब्रिडिंग नियमों के पालन का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा व ब्रिड़िग हेतु उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड से प्राप्त रजिस्ट्रीकरण की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15–प्रत्येक पालतु श्वान (कुत्ते) के पंजीकरण के पश्चात उसके पंजीयन संख्या का टोकन जारी किया जायेगा जो पालतु श्वान के गले में सदैव उपलब्ध रहेगा।

16–किसी भी लाईसेंस के टोकन के खो जाने की दशा में उसके स्वामी की लिखित सूचना परदूसरा टोकन परिशिष्ट–01 के अनुरूप रू0 सौ शुल्क लेकर जारी किया जा सकेगा कुत्ते के गले में टोकन ना पाये जाने की स्थिति में श्वान (कुत्ता) लाईसेंस रहित माना जायेगा।

17–नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला द्वारा पीटबुल (Pitbull) रॉटवीलर (Rottweiler) तथा डोगो अर्जेन्टीनों (Dogo Argentino) अमेरिकैन बुलडॉग (American Bulldog) एवं अन्य (Annexure attached) जैसे आक्रामक श्वानों का ब्रीडिंग (Breeding) प्रतिबन्धित किया जाताहै। जिस किसी के पास पहले से ये श्वान हैं, वो उन श्वानों का पंजीकरण इस शर्त के आधार पर करायेगें कि वह तीन माह में खरीद प्रमाण–पत्र लेकर नगरपालिका परिशद में पंजीकरण करवाएं और उनकी नसबंदी इस शर्त के आधार पर कराये कि वे तीन माह में उसका नसबंदी कर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगें अन्यथा परिशिष्ट–02 के अनुरूप, चालानी कार्यवाही की जायेगी।

18–पालतु श्वान के किसी को काटे जाने पर शिकायत आने के क्रम में मामूली घाव अथवा गम्भीर घाव के लिये परिशिष्ट–02 के अनुरूप चालान की कार्यवाही तो अनिवार्य रूप से की जायेगी। साथ ही पालतू श्वान के स्वामी पर पुलिस में एफ0आई0आर दर्ज की जा सकती है और उनका श्वान जब्त किया जा सकता है।

19– पालतु श्वानों के अत्यधिक भौंकने की बार–बार शिकायत आने पर परिशिष्ट–02 के अनुरूप, चालानी एवं नोटिसी कार्यवाही की जा सकती है। ऐसे अत्यधिक भौंकनेवाले श्वानों को (जो असमय जैसे देर रात में अथवा पड़ोसियों के अत्यधिक बीमार होने पर अथवा किसी अन्य बहुत जरूरी कारण से की गई शिकायत के क्रम में) पशु श्वानस्वामी द्वारा समय–समय पर मजल लगाकर रखना होगा।

20–प्रत्येक ऐसा पालतु श्वान (कुत्ता) जो सार्वजनिक स्थल पर बिना गले में टोकन के पाया जायेगा पकड़कर जब्त किया जा सकता है। यदि मालिक संग पाया जाएगा तो परिशिष्ट–02 के अनुरूप, दण्ड आरोपित किया जाएगा।

21–नगरपालिका परिशद, मुनिकीरेती–ढालवाला / RWA (रेजीडेंट्स वेलफेयर सोसायटी) आवारा श्वान को खाना खिलाने के लिए फीडिंग पॉइंट/स्थान चिह्नित करेगी।

I- पशु प्रेमी नगरपालिका परिषद / RWA (रेजीडेंट्स वेलफेयर सोसायटी) द्वारा स्थापित किए फीडिंग स्थान पर ही आवारा श्वान को खाना खिलाना अनिवार्य होगा. चिह्नित फीडिंग पॉइंट के अलावा खाना खिलाने पर परिशिष्ट–02 के अनुरूप, दण्ड आरोपित किया जाएगा।

II- फीड स्पॉटनामित करते समय श्वानों की आबादी और उनके संबंधित क्षेत्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पारम्परिक रूप से सहमत स्थान पर होना चाहिए। जो बच्चों के खेलने के क्षेत्रों, प्रवेश और निकास बिंदुओं, सीढियों से दूर होंगे तथा स्कूल, धर्मस्थल, वैवाहिक स्थल आदि ऐसे क्षेत्रों से या ऐसे क्षेत्रों में होंगे जहां बच्चो और ज्येष्ठ नागरिकों द्वारा कम में कम बार आने की संभावना हो।

III- बच्चों, ज्येष्ठ नागरिकों, खेलों के लिए आवाजाही के आधार पर भोजन का समय निर्धारित करना, जिसमें बच्चों और ज्येष्ठ नागरिकों द्वारा कम से कम बार आने की संभावना हो।

IV- प्रत्येक भोजनस्थल के समीप स्पष्ट सूचना पट्ट लगाए जाएं।

V- फीडर ये सुनिश्चित करेगा/करेगी की फीडिंग पॉइंट कर कोई गंदगी ना हो। ऐसा होने पर इनके विरूद्ध परिशिष्ट–02 के अनुरूप, चालानी कार्य वाही अमल में लायी जा सकती है।

22–श्वानों के काटने अथवा रेबीज की शिकायतों हेतु–

I- नगरपालिका परिषद द्वारा 24x7 पशु हेल्पलाइन स्थापित की जाएगी, जो काटने की घटनाओं अथवा रेबीज की आशंका संबंधी शिकायतों का निस्तारण ABC Rules 2023 के Rule 16 (AnnexureAttached) के अनुसार तथा माननीय न्यायालयों के द्वारा समय–समय परदिये गये आदेशोंदिशा–निर्देशों तथा अन्य विधिवत माध्यमों से प्राप्त सुझावों के आधार पर किया जायेगा।

II- .प्रत्येक शिकायत हेतु स्थायी रजिस्टर में केस संख्या सहित निम्नसूचना दर्ज की जाएगी।

- शिकायतकर्ता का नाम व पता
- तिथि एवं समय
- शिकायत का स्वरूप

III. श्वानों द्वारा बार–बार काटने तथा अत्यधिक आक्रामक श्वान की शिकायत प्राप्त होने पर संबधित क्षेत्र के पशुचिकित्सा अधिकारी/मोबाइल वैन के पशुचिकित्सक/एस0पी0सी0ए0 के प्रतिनिधि में से किन्ही दो के द्वारा पुष्टि होने पर ऐसे श्वानों को पकड़कर निगरानी हेतु ए०बी०सी०केंद्रः डॉग शैल्टर में रखा जाएगा तथा निगरानी का समय समाप्त होने पर यदि श्वान के लक्षण रेबीज के नही होते है तो उसको यथा स्थान पर छोड दिया जायेगा।

IV. यदि रेबीज नहीं है, परंतु अन्य रोग या आक्रामकता हो, तो श्वान AWO (एनिमल वेलफेयर आर्गनाईजेशन) को सौंपा जाएगा, जो उचित उप चार के पश्चात निगरानी/क्वारांटइन पूर्ण होने पर उसे मुक्त करेगा।

V. रेबीज से मृत श्वानों के शवों का Incinerator या पशुचिकित्सक द्वारा निर्देशित विधियों से निस्तारण किया जाएगा।

VI. कोई भी श्वान मालिक अपने पालतू श्वान को घर के अन्दर दिन भर बाँध कर नहीं रखेगा। जिससे की पड़ोसी को कोई तकलीफ हो और श्वान को भी अनावश्क क्रूरता/दर्द हो।

VII. प्रत्येक नगरपालिका परिषद को एबीसी, 2023 (Annexureattached) के नियम 9 के अनुसार पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति (ABC Monitoring Committee) का गठन करना होगा।

VIII. नगरपालिका परिशद द्वारा प्राधिकृत अन्य कोई अधिकारी/कर्मचारी किसी श्वानः कुत्ते के गृह कि उचित देखभाल आदि का निरीक्षण किसी भी दिवस किसी भी समय कर सकता है। पालतू पशुस्वामी को इस निमित्त नगर पालिका परिषद द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/कर्मचारी के आदेशों/ सुझावों का पालन करना अनिवार्य होगा।

शेष पृष्ठ 9 पर

## कार्यालय नगर निगम, ऋषिकेश (देहरादून)

Haridwar Road, Rishikesh, Distt-Dehradun, Pin-249201
: www.nagarnigamrishikesh.com, : npprishikesh@gmail.com : 0135-2430015, : 18003135292

नगर निगम ऋषिकेश

पत्रांक: 750 /निविदा–निर्माण/2026–27 दिनांक 29 मई, 2026

### ई–निविदा सूचना

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई–पोर्टल पर निविदा उपलब्ध कराने की तिथि व समय | ई–पोर्टल पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | बिड खोलने की तिथि व समय | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर वर्षा जल संचयन के कार्य को तकनीकी मानकों के अनुरूप स्थापना कार्य सम्पादित कराये जाने व कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी देख–रेख हेतु थर्ड पार्टी से सुपरवाईजन (पी.एम.सी. के द्वारा कराये जाने का कार्य। | 29.50 | 04 माह | 01.06.2026 सांय 5:00 बजे | 15.06.2026 सांय 3.00 बजे | 15.06.2026 सांय 3:30 बजे | रवेन्द्र सिंह नेगी, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, ऋषिकेश |

अधिक जानकारी, अन्य संसोधन/शुद्धिपत्र एवं निरस्तीकरण आदि के लिए उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर लॉगिन करते रहें।

अधिशासी अभियन्ता,
नगर निगम ऋषिकेश।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

UTTARAKHAND

### ई–निविदा (E- Tendering) सूचना

पत्रांक– 1575/निविदा दिनांक – 26/05/2026

मा0 राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा द्वारा **जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड लमगड़ा में पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत निर्मित कुशल बैण्ड से झालडुंगरा मोटर मार्ग मरम्मत हेतु वन टाईम मैन्टेनेन्स का कार्य** की निविदा पंजीकृत **ठेकेदारों/फर्मों जो उत्तराखण्ड के स्थाई निवासी हो,** से सिंगल बिड सिस्टम (Single Bid System) के अन्तर्गत ई–टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

निविदा के विस्तृत विवरणों/संशोधनों/शुद्धि पत्रों/आदि को ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 01/06/2026 के उपरान्त देखा जा सकता है।

**अधिशासी अभियन्ता**

## सूचना

मेरे पुत्र कर्ण सिंह के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्रों में मेरा नाम भूलवश रणवीर सिंह (Ranvir Singh) के स्थान पर रणवीर (Ranveer Singh) दर्ज हुआ है, जबकि सही नाम (Ranvir Singh) रणवीर सिंह पढ़ा एवं लिखा जाए।

**रणवीर सिंह पुत्र श्री गुमान सिंह**
**निवासी- गणेशपुर शिमला बाईपास रोड**
**कारबारी ग्रान्ट देहरादून उत्तराखंड।**

## IIFL FINANCE

**CIN: L67100MH1995PLC093797**
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

### सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **30.06.2026** को **कोटद्वार–देवी रोड जीएल – आईआईएफएल फाइनेंस अंबे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, देवी रोड, कोटद्वार 246149** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL32737576, GL33131677, GL33150174, GL36603606, GL36793915, GL36858399, GL36877795, GL37098649, GL37126912, GL37203842, GL37220893, GL37927672, GL38042130, GL38232743, GL38239835, GL38372155, GL38529820, GL38530161, GL38532536, GL38983108, GL38983652, GL38984866, GL39228817, GL39244741, GL39381863, GL39406206, GL39428609, GL39490144, GL39513065, GL42210637, GL43548100, GL43696107, GL44754503, GL48184807.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थान: पौड़ी गढ़वाल
दिनांक: **30.05.2026**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## टैक्सी बाइकों के खिलाफ चला अभियान

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के बीच माल रोड पर दौड़ती प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि शुक्रवार को मालरोड और तल्लीताल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई बाइक चालकों को चेतावनी भी दी। टीएसआई ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान मालरोड में प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों के संचालन करने पर संचालक के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## कपड़ों की दुकान से चोरी का वीडियो वायरल

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के बीच नगर में मल्लीताल स्थित न्यू पालिका बाजार में एक कपड़ों की दुकान से चोरी का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार एक महिला अपने परिवार के साथ खरीदारी के बहाने दुकान में पहुंची।

न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर महोदय जिला टिहरी गढ़वाल।
रेवेन्यू वाद सं0– 25 सन् 2026

वादीगण– बुद्धि सिंह आदि
बनाम
प्रतिवादी– राकेश सिंह आदि

नोटिस बनाम– शूरवीर सिंह, 2– बलवीर सिंह पुत्र कुन्दन सिंह दोनों निवासीगण ग्राम मन्ज्यूड़ पट्टी मनियार तहसील टिहरी जिला टिहरी गढ़वाल।

एतत् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने एक घोषणात्मक वाद अंतर्गत धरा 176 जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम का प्रतिवादीगण के विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें जवाबदावा हेतु दिनांक–11 माह 06 सन् 2026 की तिथि नियत है। यदि आपको उक्त वाद में जवाबदावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप इस नियत तिथि 11–06–2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदाता/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक– 14 माह 05 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

हस्ताक्षर वाचक
असिस्टेंट कलेक्टर टिहरी
नई टिहरी टिहरी गढ़वाल

न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर महोदय टिहरी, नई टिहरी, जिला टिहरी गढ़वाल।

रेवेन्यू वाद सं0– सन् 2026

वादीगण– कुशाल सिंह आदि
बनाम
प्रतिवादी– सुरेन्द्र सिंह आदि

नोटिस बनाम 1– सुरेंद्र सिंह पुत्र जीत सिंह आदि, 2 रविन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह दोनों निवासीगण ग्राम खैरी खुर्द पो0 सत्यनारायण ऋषिकेश जिला देहरादून।

एतत् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने एक घोषणात्मक वाद अंतर्गत धरा 229 जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम का प्रतिवादीगण के विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें जवाबदावा हेतु दिनांक–11 माह 06 सन् 2026 की तिथि नियत है।

यदि आपको उक्त वाद में जवाबदावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप इस नियत तिथि 11–06–2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदाता/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 14 माह 05 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

हस्ताक्षर वाचक
असिस्टेंट कलेक्टर टिहरी
नई टिहरी टिहरी गढ़वाल

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0डी0 नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।
दी0वा0सं0 10 सन् 2006
प्रमोद सिंह
बनाम
श्रीमती पुष्पा रावत आदि

1– जयपाल सिंह उम्र–बालिग, विपक्षी सं0–3, 2– दामोदर सिंह, उम्र–विपक्षी संख्या 6 दोनों निवासी ग्राम गोर्थी कांण्डा, पट्टी भपुर, तहसील देवप्रयाग जिला टिहरी गढ़वाल। 3– श्रीमती गीता देवी उम्र–बालिग, विपक्षी सं0–13, 4– श्रीमती सरोजनी देवी उम्र बालिग विपक्षी सं0–14 दोनों निवासी ग्राम भ्वींट, पट्टी भपुर, तहसील देवप्रयाग जिला टिहरी गढ़वाल।

चूंकि वादी प्रमोद सिंह पुत्र मदन सिंह द्वारा अधिकृत मुख्त्यारआम की हैसियत से न्यायालय श्रीमान सिविज जज सी0डी0 नई टिरी ने दिनांक–17–3–2026 को एक मूल वाद व अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा प्रतिवादी के विरुद्ध दिनांक–17–3–2026 को अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश पारित किया गया कि विपक्षीगण वादी को आवंटित विदेशी मदिरा की दुकान भ्वींट पंतगांव तहसील देवप्राग जिला टिहरी गढ़वाल के 500 मीटर के परिक्षेत्र के भीतर कोई धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी, व्यवधान न करें व दुकान में आने–जाने वाले ग्राहकों पर किसी भी प्रकार व्यवधान न करें जिसमें विपक्षीगण के विरुद्ध आपत्ति व उपस्थति हेतु दिनांक 12–6–2026 की तिथि नियत की गई। अगर विपक्षीगण को उक्त वाद में कोई आपत्ति/एतराज करना हो तो स्वय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय श्रीमान में उपस्थित आवें।

आदेशानुसार
प्रबंधक
सीनियर सिविज जज
टिहरी गढ़वाल।

## यूजेवीएन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय ''उज्जवल'' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष :– 0135–2763808 फैक्स – 0135–2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 456 दिनांक: 29/05/2026

### निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), मनेरी भाली–II, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहर बन्द निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।

निविदा संख्या–1) 10/अधि0अभि0(उत्पादन)/म0भा0–II/2026–27, (2) 11/अधि0अभि0(उत्पादन)/म0भा0–II/2026–27, (3) 12/अधि0अभि0 (उत्पादन)/म0भा0–II/2026–27 एवं (4) 13/अधि0अभि0 (उत्पादन)/म0भा0–II/ 2026–27

कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम: 1) धरासू विद्युत गृह पर 76 मेगावाट क्षमता के हाईडो जनरेटर के स्टेटर कोर पंचिग की सफाई एवं मरम्मत के कार्य हेतु।
2) धरासू विद्युत गृह पर विभिन्न प्रकार के प्रिंटेड साईन बोर्ड की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य।
3) धरासू विद्युत गृह पर सामान्य साफ सफाई का कार्य, वर्ष 2026–27 हेतु।
4) धरासू विद्युत गृह पर 76 मे0 वा0 हाइड्रो जनरेटर के स्टेटर कोर के एलसिड टेस्टिंग के कार्य हेतु।

अनुमानित मूल्य : रू0 1627920/–, रू0 881100/–, रू0 1867215/–, रू0 488040/– मात्र (क्रमशः जी०एस०टी० अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 30.05.2026
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 21.06.2026 सायः 15:00 बजे तक।
उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट www.ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पूर्व योग्यता एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।

अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)

''बिजली के दुरूपयोग से बचें''

## परिशिष्ट–01

नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला क्षेत्रान्तर्गत श्वानपशुओ के नियमावली 2025 के तहत प्रस्तावित शुल्क

| क्रं0सं0 | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | घरेलू श्रेणी/नॉनब्रीडिंग के सामान्य पालतु श्वान (कुत्ता) पशु का पंजीकरण/लाईसेंस शुल्क एक वर्ष हेतु | रू0 500/–प्रति श्वान पशु |
| 2 | बड़ी प्रजाति तथा अति आक्रामक श्वान पशुओं हेतु (Annexure attached) पंजीकरण/लाईसेंस शुल्क एक वर्ष हेतु | रू0 2000/–प्रति श्वान पशु |
| 3 | बड़ी प्रजाति तथा अति आक्रामक श्वान पशुओं हेतु (Annexure attached) नवीनी करण शुल्क | रू0 750/–प्रति श्वान पशु |
| 4 | घरेलू श्रेणी/नॉन ब्रीडिंग के सामान्य पालतु श्वान (कुत्ता) पशु का नवीनी करण शुल्क एक वर्ष हेतु | रू0 300/–प्रति श्वान पशु |
| 5 | नवीनीकरण विलंब शुल्क (वैद्यता समाप्त होने की तिथि से) | रू0 200/–प्रतिमाह |
| 6 | लाईसेंस के टोकन के खो जाने की दशा में दूसरा टोकन जारी करने हेतु शुल्क | रू0 100/–प्रति श्वान पशु |
| 7 | ब्रिडिंग श्रेणी हेतु लाईसेंस शुल्क Breeder द्वारा | रू0 200/–प्रतिपशु प्रति वर्ष |
| 8 | ब्रीडिंग फार्म का पंजीकरण हेतु शुल्क Breeder द्वारा | रू0 2000/–प्रति 03 वर्ष |
| 9 | पेट शॉप हेतु लाईसेंस शुल्क | रू0 2000/–प्रति वर्ष |
| 10 | प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर (Boarding) हेतु लाइसेंस एवं नवीनीकरण | रू0 3000/–प्रति |

## परिशिष्ट–02

नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला क्षेत्रान्तर्गत श्वान पशुओ के नियमावली 2025 के तहत प्रस्तावित अर्थदण्ड शुल्क

| क्रं0सं0 | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | नियम 04 की बिना पंजीकरण श्वान पाले जाने पर | रू0 5000/– जुर्माना प्रति श्वान पशु |
| 2 | नियम 06– पालतु श्वान को सार्वजनिक स्थलों/पार्कों तथा खुले में शोच कराने पर | रू0 3000/– जुर्माना प्रति श्वान पशु |
| 3 | नियम 07 पालतु श्वान को स्वयं या केयरटेकर की निगरानी के बिना घर के बाहर तथा बिना पट्टा, मजल एवं चैन के सार्वजनिक स्थलों/पार्कों में ले जाने पर | रू0 2000/–जुर्माना प्रति श्वान पशु |
| 4 | नियम 17 पीटबुल (Pitbull) रॉटवीलर (Rottweiler) तथा डोगो अर्जेन्टीनों (Dogo Argentino), अमेरिकैन बुलडॉग (American Bulldog) एवं अन्य (Annexure attached) जैसे आक्रामक श्वानों का पंजीकरण एवं नसबंदी न कराने पर | रू0 20,000/–जुर्माना प्रति श्वान पशु |
| 5 | नियम 18 बड़ी प्रजाति के अति आक्रामक पालतु श्वान के काटे जाने पर गम्भीर घाव होने पर | रू0 30,000/–जुर्माना |
| 6 | नियम 18 पालतु श्वान के काटे जाने पर बड़े घाव होन पर | रू0 15,000/–जुर्माना |
| 7 | नियम 18 पालतु श्वान के काटे जाने पर सामान्य घाव होने पर | रू0 5,000/–जुर्माना |
| 8 | नियम 19 पालतु श्वानों के अत्यधिक भौंकने की बार–बार शिकायत आने पर | रू0 2,000/–जुर्माना |
| 9 | नियम 20 पालतु श्वान जो सार्वजनिक स्थल पर बिना गले में टोकन के मालिक संग पाये जाने पर | रू0 1,000/–जुर्माना प्रति श्वान पशु |
| 10 | नियम 21 (I) चिह्नित फीडिंग पॉइंट के अलावा खाना खिलाने पर | रू0 2,000/–जुर्माना |
| 11 | फीडर द्वारा फीडिंग प्वांइट पर गंदगी करने पर | रू0 1,000/–जुर्माना |

(अंकिता जोशी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुनिकीरेती–ढालवाला

(नीलम बिजल्वाण)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुनिकीरेती–ढालवाला

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0, पुरोला (उत्तरकाशी)

*Office of the Executive Engineer PMGSY, I.D. Purola (Uttarkashi)*
E-Mail : eepmgsypurola@rediffmail.com Tel.No. : 01373-223730

पत्रांक 716 /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0,/निविदा दिनांक 29/05/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महागहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की और में पी0एम0जी0एस0वाई0,सिं0ख0 पुरोला द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु शील्ड निषिदा दिनांक 16.06.2026 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 5.06.2025 से 15.06.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में सांय 5.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0,सिं0ख0, पुरोला से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त की जा सकती है। तथा दिनांक 16.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इसी कार्यालय में डाली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनॉक 16.06.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे खोली जायेगी–अन्य शर्ते निविदाओं के साथ देखी जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि डाकघर बचत पासबुक, किसान विकास पत्र, अनुसूचित बैंको द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0,सिं0ख0, पुरोला उत्तरकाशी के पद नाम से बन्धक की गयी हो लगाना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर बैधता की शर्तो के साथ प्रामर्शकताओं द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य एंव जी0एस0टी0 | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरादी से स्यालना भन्साडी मोटर मार्ग का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। | 27500.00 | 1500+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 2 | गुन्दियाट्गॉव मोटर मार्ग के चैनेज 0/38–0/40 में पुनर्निर्माण (वी0आर0) | 42000.00 | 2000+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 3 | गुन्दियाटगॉव मोटर मार्ग के चैनेज 1/36–1/38 में पुनर्निर्माण (वी0आर0) | 36000.00 | 2000+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 4 | नैटवाड से नुराणू मोटर मार्ग के कि0मी0 0.00 से 12.075 तक मरम्मत/पुनर्निर्माण (वी0आर0) | 30000.00 | 1500+जी0एस0टी | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 5 | आराकोट से चिंवा मोटर मार्ग के कि0मी0 0.00 से 13.550 तक मरम्मत/पुनर्निर्माण (वी0आर0) | 37500.00 | 1500+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 6 | हुडोली पाणीगॉव से कन्ताडी मोटर मार्ग के कि0मी0 0.00 से 5.750 तक मरम्मत/पुनर्निर्माण (वी0आर0) | 45000.00 | 2000+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 7 | रामा स्यालुका मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य (वी0आर0) | 45000.00 | 2000+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |
| 8 | डैरिका से धुनगिरि कण्डियालगॉव मोटर मार्ग मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य। | 46250.00 | 2000+जी0एस0टी0 | 90 दिन | डी0एंव उच्चतर | 3 माह |

**निविदा की शर्तें:–**

1. अग्रिम धरोहर धनराशि डाकघर द्वारा जारी किसान विकास पत्र एंव राष्ट्रीय बचत पत्र व किसी राष्ट्रीय बैक की एफ0डी0आर0एंव सी0डी0आर के रूप मे मान्य होगी जो कि अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई पुरोला के नाम से बन्धक होगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल विभाग में अप्रयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को ही विकय किये जायेगे।
3. निविदा पत्र के साथ रू0 100 का नान ज्यूडिशियल स्टाप जिस पर एक रू0 का टिकट लगा हो एंव ठेकेदार के हस्ताक्षर सहित जमा करना होगा।
4. अनुबन्ध करने से पुर्व जमा धनराशि को 2.50 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा।
5. अनुबन्ध करते समय प्रतिभूति पर स्टाम्प शूल्क नियामानुसार ठेकेदार द्वारा देय होगा।
6. अनुबन्ध के विरूद ठेकेदार के देयकों/बीजकों से नियमानुसार जी0एस0टी0,आयकर,रॉयल्टी एंव लेबर सेस इत्यादि की कटौती की जायेगी।
7. निविदा प्रपत्र मे दरे ठेकेदार द्वारा शब्दो एंव अंको में अंकित करना अनिवार्य है एंव अधूरी व अस्पष्ट दरें मान्य नही होगी।
8. निविदा में दी गयी दरें निविदा खोलने की तिथी से नब्बे दिन तक मान्य रहेगी।
9. डाक द्वारा निविदा प्राप्त करने हेतु रू 100.00 प्रति निविदा अतिरिक्त देना होगा तथा डाक द्वारा किसी भी विलम्भ के लिए विभाग उत्तरदायी नही होगा।
10. कार्यालय जिलाधिकारी महोदय उत्तरकाशी के आदेश संख्या 7031/तेरह–04 2024–25 दिनॉक 28.03.2026 के क्रम में निंदेशो का पालन किया जायें।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई,सिं0ख0,
पुरोला,(उत्तराकाशी)

# शहर व देहात में शांतिपूर्वक अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

## पुलिस प्रशासन ने हर ईदगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था के रखे कडे इंतजाम, देश में अमन चैन की मांग गई दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/लक्सर/मंगलौर/भगवानपुर/ कलियर।** गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में कडी सुरक्षा के बीच ईदुल-अजहा का नमाज अदा की गयी। शहर से देहात तक लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में खुशी की खुशी ईद की नमाज अदा की और फिर कुर्बानी की गयी। पूरे जनपद में शातिपूर्वक ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया।



वहीं इउल अजहा (बकराईद) त्यौहार के मददेनजर एसएसपी नवनीत सिंह ने पहले ही ईदगाहों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को कडे इंतजाम करने के निर्देश दिये थे वहीं खुद भी एसएसपी ने रूडकी व अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में ईद से पहले ही ईदगाहों का निरीक्षण कर खुद सुरक्षा व्यवस्था को जायजा लेकर स्थानीय अधिकारियों को कडे निर्देश दिये। रूडकी के अलावा भगवानपुर, लक्सर, मंगलोर, कलियर क्षेत्र में लोगों ने तय वक्त के अनुसार ईदगाहों में नमाज अदा की वहीं इस दौरान पुलिस ने भी नमाजियों की सुरक्षा के लिए कडे बंदोबस्त किये साथ ही चिन्हित कुर्बानी स्थालों पर पहरा रखा और हिदायत दी की कोई भी ऐसी वीडियो वायरल न करें जिससे किसी की भावना आहत हो। नगर की प्रमुख ईदगाह में ईदुल-अजहा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा कराई, जबकि जामा मस्जिद में कारी मोहम्मद शाबान ने ईदुल-अजहा की नमाज पढ़ाई, इसके अलावा रामपुर ईदगाह सहित नगर व आसपास के क्षेत्रों की मस्जिदों में भी ईदुल-अजहा की नमाज अदा की गई। इस दौरान अमनों-सलामती,प्यार-मोहब्बत तथा मुल्क की खुशहाली व तरक्की की दुआएं मांगी गई।नगर की ईदगाह में नमाज से पहले मौलाना अजहरुल हक ने ईदुल-अजहा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि कुर्बानी इस्लाम के हिस्से में से एक हिस्सा है,जो नबी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है।पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जरिए इस उम्मत में भी प्रत्येक मालदार मुसलमान पर कुर्बानी को वाजिब करार दिया गया है ।कुर्बानी



अल्लाह की रजा के लिए मुसलमान करता है ,इसमें दिखावा नहीं होना चाहिए ,वहीं जामा मस्जिद में नमाज से पहले मौलाना अरशद कासमी ने अपने बयान में कहा कि मुसलमान त्याग और बलिदान के इस त्यौहार पर अपनी तमाम बुराइयों का त्याग करें और तकब्बुर,घमंड,अना,चुगली आदि बुराइयों से हटकर इस्लामी सिद्धांतों पर अपनी जिंदगी गुजारे। मदरसा अरब रहमानिया के प्रशासक आदि मोहम्मद मुस्तकीम ने ईदगाह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा समस्त मुस्लिम समाज को इस पर्व की मुबारकबाद दी।

वहीं लक्सर क्षेत्र के बसेड़ी खादर ईदगाह सहित तमाम ग्रामीण व शहरी क्षेत्रोंमेंआजईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज बेहदशांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर हजारों अकीदतमंदों ने ईदगाह पहुंचकर खुदा की बारगाह में सिर झुकाया और सामूहिक रूप से देश मेंअमन, चौन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगीं। ईदगाह में नमाज अदा कराने वाले इमाम हाफिज मुकीम अहमद ने अपने खुतबे (भाषण) में समाज को शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। हाफिज शमशाद अहमद ने क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए आपसी सद्भाव से रहने की अपील की।

## बंधक बनाकर तीन युवकों को लाठी डंडों व बेल्ट से बेरहमी से पीटा, वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र एक गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन युवकों को बंधक बनाकर बड़ी बेरहमी के साथ लात घुसो से पीटा जा रहा है घायल तीनों युवक गिड़गिड़ा कर अपनी जान की भीख मांगते हुए नजर आ रहे है।

बताया जा रहा है कि तीनों युवकों का आरोपियों के साथ कुछ विवाद चल रहा था जिसके बाद इनको पकड़ कर बंधक बना लिया गया और बाद में तीनों को जमकर पीटा गया। पिटाई करते हुए इनका वीडियो भी मोबाइल में बनाया गया अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कुछ दबंग किस्म के युवक तीनों युवकों को बेल्ट और लात घुसो से मारते हुए नजर आ रहे हैं घायल युवकों के कपड़े भी खून से लतपत दिखाई दे रहे है। अब यह जांच का विषय है कि आखिरकार इनको इतनी क्रूरता के साथ किस लिए पीटा गया। वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि पहले इन तीनों युवकों के द्वारा ही कुछ लड़कों को पीटा गया था जिसके बदले में फिर उन तीनों को बंधक बना कर पीटा गया। पिटाई की पूरी घटना का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया गया साथ ही दोनों पक्षों ने बाहर ही आपस में कंप्रोमाइज भी कर डाला।

## पूर्व डीसीबी चेयरमैन प्रदीप चौधरी विश्व की सर्वोच्च सहकारी संस्था इफ्को के निदेशक निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सहकारिता क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए हरिद्वार जिला सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप चौधरी विश्व की सर्वोच्च सहकारी संस्था इफ्को के निदेशक निर्वाचित हुए हैं।

प्राथमिक सहकारी समितियों से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले प्रदीप चौधरी ने प्रदेश और देश के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सहकारी आंदोलन को नई दिशा दी है। जमीनी स्तर से शुरू होकर विश्व स्तरीय संस्था तक पहुंचने की उनकी यात्रा प्रदेश के लाखों किसानों और सहकारिता से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बन गई है। प्रदीप चौधरी के इफ्को निदेशक बनने पर हरिद्वार सहित पूरे उत्तराखंड के सहकारी जगत में हर्ष की लहर है। सहकारिता से जुड़े लोगों का मानना है कि उनके अनुभव और दूरदर्शिता से इफ्को के माध्यम से किसानों को और अधिक लाभ मिलेगा। क्षेत्र के किसान संगठनों, सहकारी बैंकों और सामाजिक संस्थाओं ने प्रदीप



चौधरी को अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। लोगों ने कहा कि यह नियुक्ति उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है।

## युवक गंगनहर में डूबकर हुआ लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तर प्रदेश के बरेली से अपने दोस्तों के साथ जियारत करने आया एक 20 वर्षीय युवक नई गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से यूवक की तलाश कर रही है। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के थाना ओला के ग्राम तुर्की पट्टी निवासी यसदान (20) ब्रस्पतिवार को अपने दोस्तों के साथ कलियर दरगाह में जियारत के लिए आया था। दरगाह में जियारत करने के बाद वह दोस्तों के साथ गंगनहर में स्नान करने के लिए चला गया। घ्नहर में स्नान करते समय वह गंगनहर को तैरकर पार करने का प्रयास कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह तैरते हुए जैसे ही नहर के बीचो-बीच पहुंचा तो पानी का बहाव बेहद तेज होने के कारण वह लहरों के बीच फंस गया। और वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। किनारे पर खड़े उसके दोस्तों ने शोर मचा दिया। वहां पर स्नान कर रहे लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसका कुछ पता नही चल पाया।युवक के साथ आए उसकी खाला के लड़के बिलाल अहमद निवासी लक्ष्मीपुर, थाना दतोरी, जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जल पुलिस और गोताखोर की टीम के साथ युवक की तलाश कर रही है।परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### चाकू के साथ दो पकड़े

**लक्सर।** पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे 02 व्यक्तियों को धर दबोचा है। पकड़े गए व्यक्तियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में सॅलिप्त अपराधियों/ सॅदिग्ध व्यक्तियों/ असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमित रुप से प्रभावी/ सघन चौकिंग किये जाने निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालने में लक्सर पुलिस टीम द्वारा गस्त/चौकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र के अलग अलग स्थानो से 02 व्यक्तियों को अवैध चाकूओ के साथ पकड़ा पकडें गये व्यक्ति क नाम प्रवीण उर्फ पारो पुत्र सुदेश व ऑकित पुत्र सडीयल निवासी ग्राम अकोढा कला थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार।

## पशुओं के अवशेष सड़क पर डालने में दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम कोटवाल आलमपुर में गुरुवार को ईद उल अजहा पर पशुओं के अवशेष सड़क पर डालने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। एक पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर 12 लोगों के खिलाफ बलवा सहित अन्य संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम कोटवाल आलमपुर निवासी शमा परवीन द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर बताया की ईद उल अजहा के दिन दोपहर के समय पशुओं के अवशेष कुछ लोगों द्वारा सड़क पर डाल दिए गए थे। सड़क पर अवशेष डालने को लेकर विरोध करने पर गांव के ही फैजान बालू अहमद गुलशन शमशेर अली वह वली मोहम्मद सहित लगभग 12 लोगों द्वारा लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिसमें शौकीन व दो महिलाएं घायल हो गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। झगड़ा होने पर बीच बचाव करते समय पुलिस का एक सिपाही भी घायल हो गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर बलवा सहित संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ग्राम पंचायत अकोढ़ा खुर्द में विकास कार्यों में अनियमितता उजागर

## डीएम ने प्रधान बसंती देवी को पद से हटाया

**इस्लाम अंसारी**

**लक्सर।** जनपद में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने ग्राम पंचायत अकोढ़ा खुर्द, विकास खंड लक्सर में हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के गंभीर प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए विकास कार्यों में अनियमितता पाये जाने पर ग्राम प्रधान बसंती देवी को पद से हटाने के निर्देश दिये है।

अवगत करा दें कि ग्राम पंचायत अकौढ़ा खुर्द विकासखंड लक्सर में कश्यप बस्ती में सीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री की शिकायत पर सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई जांच आख्या के आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, हरिद्वार को जांच अधिकारी नामित किया गया। जांच के दौरान ग्राम पंचायत के अभिलेखों, वित्तीय लेन-देन, कार्यों की गुणवत्ता एवं योजनाओं के क्रियान्वयन का विस्तृत परीक्षण किया गया।जांच में यह पाया गया कि ग्राम पंचायत अकोढ़ा खुर्द में विभिन्न विकास कार्यों, विशेषकर सीसी सड़क निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं की गईं। कार्यों में गुणवत्ता की कमी, बिना स्वीकृत मानकों के निर्माण, तथा सड़क किनारे नाली निर्माण में तकनीकी त्रुटियां पाई गईं। साथ ही, कई स्थानों पर एक ही सड़क को अलग-अलग दर्शाकर भुगतान किए

**❖वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में संबंधित धनराशि की वसूली की जाएगी**

जाने जैसी अनियमितताएं भी सामने आईं। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण अभिलेख समय पर प्रस्तुत नहीं किए गए। प्रकरण में ग्राम प्रधान श्रीमती बसंती देवी को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया तथा आरोपों का समुचित खंडन नहीं किया जा सका। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि ग्राम निधि का दुरुपयोग एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता की गई इसके साथ ही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी शंकरदीप की भूमिका अभिलेखों के रख-रखाव एवं प्रस्तुतिकरण में लापरवाही के रूप में सामने आई है। इसके अतिरिक्त आदेश में उल्लिखित अन्य संबंधित अधिकारी/कार्मिकों की भूमिका भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं निगरानी में कमी के रूप में पाई गई है। उक्त प्रकरण में उत्तराखंड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 की धारा-138(1) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी द्वारा श्रीमती बसंती देवी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अकोढ़ा खुर्द को पद से हटाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही, जांच में पाई गई वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में संबंधित धनराशि की वसूली की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रकरण में संलिप्त अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## कलियर पुलिस ने तीन फरार वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** न्यायालय से फरार चल रहे तीन वारॅटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपित घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और भरण-पोषण से जुड़े मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम ने रावली महदूद सिडकुल और कलियर क्षेत्र में दबिश देकर तीन वारॅटियों को गिरफ्तार किया। इनमें रावली महदूद सिडकुल निवासी दो महिलाएं और कलियर निवासी गुलबहार शामिल हैं। न्यायालय में पेश नही होने के कारण इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे।पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआई विनोद कुमार गोला, एसआई विशाखा असवाल, कांस्टेबल सुनील चौहान और मुकेश नेगी शामिल रहे

### 30 मई को निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की शोभायात्रा

**रुड़की।** शहर में शनिवार, 30 मई को भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य शोभा यात्रा महोत्सव का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक उत्सव को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरी नगरी भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भक्ति के रंग में सराबोर होने के लिए तैयार है। यह पावन यात्रा रुड़की के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर शिव मंदिर, सिविल लाइंस से विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शुरू होगी।

**खोया पाया-सूचना**

मेरे व्यवहारी गुलनाज पत्नी मौ० इदरीश की संपत्ति मुतालिका खसरा नंबर 199 स्थित ग्राम गाडोवाली परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार का पुराना असल बैनामा जो की बानो पत्नी ताहिर हसन के हक में किया गया था जो बही नंबर 1, जिल्द नंबर 3793, पृष्ठ नंबर 117-134, क्रमांक नंबर 5121, दिनांक 29.08.2016 पर पंजीकृत है कहीं खो गये है। गुलनाज पत्नी मौ० इदरीश पिरामल फाइनेंस लिमिटेड से लोन लेने की इच्छुक है यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो तो कृप्या 7 दिन के अंदर संपर्क करें, उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा। विरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चैंबर नंबर 27, तहसील रुड़की, मोबाइल नंबर 9412073170

## डीएम ने लगाई बक्सर के 12 गांव में जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग (ग्रीनफील्ड हाईवे) परियोजना को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के आदेश पर तहसील लक्सर के 12 गांवों में भूमि की खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री-बैनामा और भूमि उपयोग परिवर्तन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। विशेष भूमि अध्यापन अधिकारी आकाश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण रुड़की द्वारा पानीपत से गोरखपुर तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हाईवे (शामली-पुवायाँ फेज-1) परियोजना के अंतर्गत किलोमीटर 20.00 से 32.00 तक भूमि अर्जन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा-3ए के तहत कार्रवाई प्रस्तावित है। प्रशासन द्वारा जिन गांवों में यह प्रतिबंध लागू किया गया है उनमें मदारपुर, मिर्जापुर उर्फ मोहनवाला, पौडोवाली, टाडा जलालपुर, प्रहलादपुर, रघुनाथपुर उर्फ बालावाली, बालचन्दवाला, अलामपुर, हस्तमौली, शाहपुर, गिद्धावाली एवं कलसिया शामिल हैं। इन क्षेत्रों में अब किसी भी प्रकार की जमीन की खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री या कृषि भूमि को गैर-कृषि भूमि में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा प्रशासन ने संबंधित गांवों में किसी भी प्रकार के अनाधिकृत निर्माण कार्यों पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का कार्य बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सके।

## गोकशी में एक पकड़ा, 250 किलोग्राम गोमांस बरामद

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस द्वारा गौकशी करने वालो के विरूद्व कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत गौकशी करने वाला 01 आरोपी पकडा है। जिससे 250 किलोग्राम गौमांस मय गौकशी उपकरण बरामद किये हैं।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दुराचारियों/वारन्टी/वांछित/नशा तस्करो/गौकशी करने वालो के विरूद्व कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेत्तृव में पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम को गौकशी की सूचना मिली, उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुऐ ग्राम सिकरोडा गांव में बेरियों पीर की तरफ जाने वाले रास्ते पर अनवर के घर के पीछे आम के पेड के नीचे खेत में 05 आरोपित समस्त निवासीगण ग्राम सिकरोडा गाय को काट रहे हैं तथा वंही काट छांट कर रहे थे उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम मौके के पास पहुंची 05 व्यक्ति दिखायी दिये जैसे ही पुलिस टीम अपनी और आता देख मौके से भागने लगे जिनमे से एक व्यक्ति इरशाद पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम सिकरोडा, थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को मौके से पकड लिया तथा 04 आरोपित फरार हो गए मौके से लगभग 250 किलो गौमांस मय गौकशी उपकरण बरामद हुआ।

## होटल मे युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के डबल फाटक स्थित एक होटल में शुक्रवार दोपहर युवक और युवती के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।

जानकारी के अनुसार डबल फाटक स्थित आर्यन होटल में एक युवक और युवती ने गुरुवार शाम एक कमरा बुक किया था। आज सुबह कमरा सफाई के लिए कर्मचारी गया तो कक्ष नहीं खुला कर्मचारी ने सोते हुए सोच कमरा नहीं खुलवाएं उसके बाद दोपहर 12 बजे उनका चेक आउट का समय हुआ तो होटल कर्मी फिर से कमरे को खुलवाने गए लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया न होने पर होटल कर्मियों को शक हुआ। उन्होंने होटल स्वामी को सूचना देने के साथ 112 पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दूसरी चाबी से कमरा खोला और कमरे की जांच की गई तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े मिले। फिलहाल प्रारंभिक जांच में कीटनाशक पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है। मृतक युवक की पहचान सागर निवासी नाथुखेड़ी के रूप में हुई है, जबकि युवती लंढौरा क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच प्रेम प्रसंग



चल रहा था। माना जा रहा है कि पारिवारिक असहमति या अन्य सामाजिक कारणों के चलते दोनों ने यह खौफनाक कदम उठाया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस संबंध में एसएसआई सिविल लाइंस कोतवाली धर्मेंद्र राठी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है।

## आधी रात आए तूफान से रुड़की व देहात क्षेत्र बेहाल, फायर यूनिट ने मार्गो से हटाए पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देर रात आए तेज आधी-तूफान ने रुड़की शहर में भारी परेशानी खड़ी कर दी। शहर के कई इलाकों में विशाल पेड़ सड़कों पर गिर पड़े, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और कई क्षेत्रों की बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। हालात इतने गंभीर हो गए कि रातभर शहर के मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहे। गुरुवार रात्रि 00:57 बजे फायर स्टेशन रुड़की को सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट तत्काल घटनास्थलों के लिए रवाना हुई। फायर कर्मियों ने बिना समय गंवाए वुडन कटरों की सहायता से गिरे हुए पेड़ों को काटकर सड़क किनारे किया और बाधित मार्गों को वाहनों के आवागमन के लिए दोबारा सुचारू कराया।फायर यूनिट ने पूरी रात लगातार अभियान चलाकर शहर को राहत पहुंचाई। तेज अंधेरे, तूफानी मौसम और खतरे के बीच फायर कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। इस दौरान टीम ने रुड़की-देहरादून रोड, राजमहल होटल के पास,मिलिट्री अस्पताल रुड़की के पास,नगला इमरती,ढंडेरा फाटक, लकसर रोड आदि क्षेत्रों पर गिरे पेड़ों को हटाया। घटना की सूचना कंट्रोल रूम रुड़की को भी दे दी गई है।घटनास्थल पर मौजूद फायर टीम में चालक विपिन सिंह तोमर,लीडिंग फायरमैन विपिन सैनी,फायरमैन राजेंद्र सिंह बिष्ट फायरमैन जगवीर सिंह,फायरमैन अभिषेक कुमार मौजूद रहे। फायर यूनिट की इस त्वरित कार्रवाई से रातभर बंद पड़े कई प्रमुख मार्गों को दोबारा खोला जा सका, जिससे शहरवासियों ने राहत की सांस ली।

**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

इस्लाम अंसारी
संवाददाता मो. नं. 9368942735, 9759860322
विनित भैया
संवाददाता मो. नं. 9837277814

# पेपर लीक पर हिदायत

आखिर सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में एनटीए से जवाब मांग ही लिया और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर पेपर लीक कैसे हो गया, क्योंकि यह मामला देश के भविष्य से जुड़ा है। एसजी तुषार मेहता ने बताया कि एनटीए और समिति ने हलफनामे दाखिल किए हैं और सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। पीएम मोदी स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा है तो बहुत दुखद है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की चिंता जायज है, क्योंकि यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी जनवरी 2024 से लेकर अब तक देश भर में लगभग 65 से 70 प्रमुख प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। नीटयूजी 2024 परीक्षा में व्यापक स्तर पर पेपर लीक और धांधाली हुई थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की गई। परीक्षा में अनियमितताओं के चलते इसे सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था। यूपी पुलिस सिपाही परीक्षा 2024 में पेपर लीक होने के बाद इस भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने जून 2024 में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया है। इस नए एंटी-पेपर लीक कानून के तहत दोषियों के लिए 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस कानून के बाद भी पेपर लीक हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि आरोपियों को कानून का कोई भय नहीं है। कानून का भय न होने के कारण युवाओं के भविष्य को बरबाद किया जा रहा है। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो कोर्ट ने सरकार और एनटीए पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि इस मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए। कोर्ट ने समिति के अध्यक्ष से कहा कि हम आपसे पूछना चाहते हैं कि आप मूल रूप से विशेषज्ञ समिति के सदस्य थे, कार्यान्वयन की निगरानी कितनी हुई? यह विफलता कैसे हुई? एचपीसी की सिफारिशों के आधार पर आपकी निगरानी के बावजूद यदि यह घटना घटी है, तो सिफारिश में ही कोई समस्या है। या हो सकता है कि निगरानी हुई ही न हो। सुप्रीम कोर्ट ने एसजी मेहता से कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। आखिर ये कैसे हुआ, हकीकत सामने आनी चाहिए। सुनवाई के दौरान डा. राधाकृष्णन ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 60 सुझाव दिए थे। पहले 60 में से अधिकतर लागू हो चुके हैं। कुछ अभी भी प्रक्रियाधीन हैं। 2025 में नीटयूजी परीक्षा संतोषजनक ढंग से आयोजित की गई थी। कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने की घटनाएं हुईं, अन्यथा सिफारिशों को लागू किया गया और परीक्षा सफल रही। हमने एनटीए को मजबूत करने की सिफारिश की थी।

# 'बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला'



प्रो. आर.के. जैन

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थेकृजहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है।

जब शब्दों की रौशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और गजलकार पद्म बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी गजलें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफर शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए, एमए और पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। उनका जीवन ज्ञान और भावना का ऐसा संगम रहा जिसने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दियाकृउनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया, और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया, लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी गजलों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियां 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म  से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो और दुश्मनी जम कर करो लेकिन यह गुंजाइश रहे आज भी लोगों की जुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य गजलें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू गजल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। पुत्र नुसरत बद्र के निधन का गहरा आघात भी उन्होंने सहा, जो स्वयं फिल्मी गीतों की दुनिया में प्रतिष्ठित थे। इसके बावजूद, अंतिम वर्षों तक वे मुशायरों के सुल्तान बने रहे, जहां उनकी उपस्थिति ही मंच को जीवंत कर देती थी। स्मृतियां भले कमजोर पड़ती रहीं,



लेकिन उनके शब्दों की चमक अंत तक अडिग रही एक ऐसा जीवन, जो संघर्ष, प्रेम और साहित्य की अविस्मरणीय यात्रा बन गया। विदा तो शरीर ने ली है, पर उनकी आवाज अभी भी दिलों में चलती है। बशीर बद्र अब इस संसार में नहीं हैं, फिर भी उनकी शायरी हर उस जगह मौजूद है जहां दर्द है, प्रेम है या टूटी हुई उम्मीदों की हल्की सी रोशनी। वे केवल शायर नहीं थे, बल्कि भावनाओं को शब्द देने वाला एक पूरा युग थे। उनकी विरासत बताती है कि साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता, उसे महसूस किया और जिया जाता है। उनकी गजलें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं।

## श्रीमुख से...

### गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आए



वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं, अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगा सके, यदि कोई अपराधी बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता भी है, तो उसका इंतजार यमराज करते हैं, पूर्ववर्ती सरकार में नेताओं की स्थिति ऐसी थी कि माफियाओं को देखकर उनके पसीने छूट जाते थे, जबकि आज माफिया प्रदेश से गायब हैं, वर्तमान समय में प्रदेश में रामलीला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, होली, दीपावली और दशहरा जैसे सभी पर्व-त्योहार उत्साह और शांति के साथ मनाए जा रहे हैं, अब किसी गुंडे या माफिया में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर्व या त्योहार में विघ्न डाल सके। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# रूप बदलती पत्रकारिता और उसकी चुनौती



आर.पी. तोमर

कड़वी सच्चाई है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पहचाने जाने वाली पत्रकारिता का स्वरूप आज एक मिशन से बदलकर पूरी तरह से व्यावसायिक और तकनीकी-उन्मुख हो गया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के प्रसार ने मुद्रित और दृश्य-श्रव्य माध्यमों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एकीकृत कर दिया है, जिससे पत्रकारिता अधिक तात्कालिक, बहुआयामी और डेटा-संचालित हो गई है। पत्रकारिता आज प्रिंट से डिजिटल और सोशल मीडिया की ओर मुड़ गई है। समाचार अब केवल सुबह के अखबारों तक सीमित नहीं हैं। ट्विटर, एक्स और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सबसे पहले खबरें पहुंचाने का मुख्य माध्यम बन गए हैं। इसके अलावा, यू ट्यूब और विभिन्न पॉडकास्ट ने दृश्य-श्रव्य पत्रकारिता का लोकतंत्रीकरण कर दिया है। स्मार्टफोन की उपलब्धता और इंटरनेट की पहुंच ने आम नागरिकों को भी पत्रकार बना दिया है। आज कोई भी व्यक्ति किसी घटना का सीधा वीडियो या फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने ला सकता है, जिससे पारंपरिक मीडिया की एकाधिकार वाली भूमिका कम हुई है। अब खबरों को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि डाटा रेपर या टैब्लेऔ जैसे टूल्स के माध्यम से इन्फोग्राफिक्स, चार्ट और इंटरैक्टिव डेटा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। डिजिटल युग में क्लिकबेट, सनसनीखेज हेडलाइंस और फर्जी खबरों का चलन बढ़ा है। त्वरित समाचार देने की होड़ में कई बार तथ्यों के सत्यापन में कमी आती है। पारंपरिक पत्रकारिता वन-वे (एकतरफा) थी, लेकिन डिजिटल पत्रकारिता टू-वे (दोतरफा) हो गई है। वहीं आज अधिकांश मीडिया चेनलों व प्लेटफार्म पर पत्रकार की जगह एमबीए पास सेल्समैन को प्राथमिकता दी जाने लगी है। चाटुकारिता ने भी पत्रकारिता का स्वरूप बदल दिया है। कुल मिलाकर, पत्रकारिता ने अपनी गति और पहुंच में विस्तार तो किया है, लेकिन पत्रकारिता में गिरावट भी आई है। इसके साथ ही विश्वसनीयता बनाए रखना और व्यावसायिक दबावों से बचना आज के पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

देश जानता है कि भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, आज के नए भारत में यह भूमिका और भी अधिक अहम हो जाती है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुंचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक



प्रसार को सुगम बनाता है। भारत में हर साल हम 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते है। विदित है कि दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर- दूर तक मात्र अंग्रेजी, फारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था।

जो कुछ समय बाद ही बंद हो गया था, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। आज जब हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने सटीक ही कहा था कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह दी थी, लेकिन आज खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। परंतु आज भी सच्चे व निष्पक्ष पत्रकारों की वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा है, ऐसे पत्रकारों की बदौलत ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का मान बचा हुआ है। मिशन से व्यवसाय बनती हिन्दी पत्रकारिता आज कई संकटों का सामना कर रही हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक- आर्थिक असमानताएं, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियां आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।


लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। सत्ता विरोधी यानी सच्चाई लिखने वाले पत्रकारों का उत्पीड़न आम हो गया है। ऐसा करने वाले मीडिया को भी सत्ता के दलाल खरीद लेते हैं।

# त्याग, तप और राष्ट्रभक्ति के युगपुरुष महंत अवैद्यनाथ

प्रणम्य है नाथ परंपरा के वे संत जिन्होंने हठयोग की परंपरा को संरक्षित करने के साथ उसे सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में विस्तारित करके धर्म, सेवा, त्याग और राष्ट्रवाद के अद्भुत समन्वय के रूप में समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया जो भारत के उत्तर में हिम किरीट के रूप में अवस्थित ऋषियों, मुनियों व संतो की तपोस्थली और देवभूमि नाम से विख्यात उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के कांडी गांव में 28 मई 1921 को राय सिंह बिष्ट के पुत्र रूप में अवतरित हुए जिनका कृपाल सिंह बिष्ट के रूप में सांसारिक नामकरण हुआ किन्तु गोरखनाथ मठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजय नाथ से दीक्षा प्राप्त कर जो विश्व में महंत अवैद्यनाथ के नाम से प्रख्यात हुए। मेरी स्वरचित ए पंक्तियां -भयानक तूफान तबाही के निशान छोड़ जाते हैं। युग पुरुष अपने कर्मों से अपनी पहचान छोड़ जाते हैं। जग में अमर होता है नाम उन्हीं का, अच्छाइयों के जग में जो प्रतिमान छोड़ जाते हैं। बरबस मेरा ध्यान युग पुरुष महंत अवैद्यनाथ की ओर आकर्षित करती हैं जिन्होंने मठ की परंपराओं का निर्वहन करने के साथ समाज में नए प्रतिमान गढ़ने का कार्य किया जिसके कारण उनके अवतरणदिवस पर हम उनके उल्लेखनीय ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण करने के



साथ उनको नमन कर रहे हैं।1969 में गुरुदेव के ब्रह्मलीन होने पर आप गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर बने। आपने गोरखनाथ मठ को एक आध्यात्मिक केंद्र से सामाजिक सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया। इस हेतु आपने मठ का भव्य विस्तार, आधुनिक निर्माण और मठ को सुविधाओं से संपन्न कराया ।आपने अखंड अन्न क्षेत्र की प्राचीन परंपरा को मजबूती प्रदान करने के साथ छुआछूत का विरोध करते हुए मठ में सभी वर्गों के लिए भंडारा खोला जिसमें हजारों भक्त, दर्शनार्थी और असहाय व्यक्ति प्रतिदिन बिना भेदभाव के मध्यान्ह और सांयकाल प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा, अन्नदान के साथ नाथ परंपरा की समानता और सेवा भावना को उद्घाटित करता है। साथ ही उन्होंने जाति-पाति से ऊपर उठने हेतु संतों को प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान अतुलनीय है। गुरु दिग्विजय नाथ द्वारा शुरू की गई शैक्षिक परियोजनाओं को आपने विस्तार दिया। आपने गोरखपुर तथा आसपास के क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों की स्थापना की ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दिया तथा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माध्यम से अनेक स्कूल -कॉलेजों का संचालन किया। गोरखपुर में उनके नाम पर अवैद्यनाथ सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना भी की गई है। लोक कल्याण में स्वास्थ्य सेवाओं का स्थान सर्वोपरि है। इस भावना के दृष्टिगत आपने मठ में अस्पताल, आयुर्वैदिक केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं विकसित की और ग्रामीण अंचल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया ताकि गरीब और आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें। आयुर्वेद, योग और आधुनिक चिकित्सा का समन्वय आपके स्वास्थ्य-कार्यक्रमों की विशेषता थी। मठ के अस्पतालों से पूर्वांचल के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। इसके साथ ही आपने मठ के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में नक्सलवाद, अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामाजिक जागृति फैलाने का महती कार्य किया। 1966 के गौ हत्या विरोधी आंदोलन में आपने सक्रिय भूमिका का निर्माण किया तथा निरंतर गौ रक्षा अभियान के लिए प्रयास किए। मठ में गौशालाएं चलाई गई जहां साइक्लोन गायों की देखभाल होती है। महंत अवैद्यनाथ का सबसे बड़ा व अविस्मरणीय योगदान राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति की 1984 में स्थापना है जिसके परिणाम स्वरूप महंत अवैद्यनाथ जी ने नाथ परंपरा को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जोड़कर एक नया आयाम दिया। इस समिति के वे प्रथम अध्यक्ष रहे और उन्होंने हिंदू संगठन और संतों को एक मंच पर लाकर राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की। इस हेतु उन्होंने सितंबर 1984 में बिहार के सीतामढ़ी से अयोध्या तक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें हिंदू राष्ट्रवादी नारे गूंजायमान हुए। साथ ही आपने पूरे देश में व्याख्यान देकर लोगों का आवाहन किया की वे केवल उन्हीं पार्टियों को वोट दें व समर्थन करें जो राम मंदिर निर्माण कराने का वादा करें। आपके प्रयासों तथा 1985 में उडुपी सम्मेलन में संतों की मांग के फल स्वरूप 1 फरवरी 1986 को अयोध्या विवादित ढांचे के ताले खोलने का आदेश फैजाबाद जिला न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया। 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा गिरने के बाद संसद में आपने मजबूती से हिंदुओं व मन्दिर के समर्थन में तथ्यों सहित अपनी बातों को प्रस्तुत किया। आपके प्रयासों से यह आंदोलन एक जन आंदोलन बना। महंत अवैद्यनाथ ने राजनीति की उपादेयता को समझ कर उसे सेवा भावना के रूप में अपनाया और वे मानीराम विधानसभा क्षेत्र से 1962, 1967 ,1969 और 1972 में 5 बार विधायक निर्वाचित हुए। साथ ही गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से 1970 में स्वतंत्र पार्टी ,1989 में हिंदू महासभा और 1991 व 1996 में भाजपा से चार बार सांसद रहे। वे राजनीति में हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के पक्षधर थे। उन्होंने वाराणसी में डोम राजा के यहां भोजन कर सामाजिक बंधनों को तोड़ने का संदेश दिया। यह घटना आज भी समाज में सामाजिक समरसता के रूप में याद की जाती है।



**-डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा**



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु जिले में खेत में गेंदे के फूलों की कटाई करती महिला मजदूर।

## पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख निवेशकों, उद्यमियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान कई उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश संबंधी बैठकों में शामिल हुए जिनका मुख्य उद्देश्य भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध को मजबूत करना था। वाणिज्य मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गोयल कनाडा की अपनी तीन दिन की यात्रा समाप्त कर 28 मई को न्यूयार्क पहुंचे। गोयल ने न्यूयार्क प्रवास के दौरान कार्लाइल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हार्वे श्वाट्र्ज, मॉर्गन स्टेनली के अध्यक्ष एवं सीईओ टेड पिक, वारबर्ग पिक्स के अध्यक्ष चार्ल्स केय, एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ चिंटू पटेल तथा मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाक के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

## भारत ने 2026 की अध्यक्षता के तहत ब्रिक्स MSME सहयोग बढ़ाया

**नई दिल्ली।** नई औद्योगिक क्रांति के लिए ब्रिक्स साझेदारी (पार्टएनआईआर) के तहत एसएमई कार्य समूह का नेतृत्व केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय कर रहा है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत मंत्रालय तीन एसएमई कार्य समूह की बैठकों और पहले ब्रिक्स एमएसएमई फोरम का आयोजन करेगा, जो एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच, प्रौद्योगिकी तक पहुंच और स्थिरता-उन्मुख विकास जैसे तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे। चौबीस अप्रैल को आयोजित प्रथम एसएमई कार्य समूह की बैठक के बाद एमएसएमई मंत्रालय ने 26 मई को ब्रिक्स पार्टएनआईआर ट्रैक के तहत 'एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना' विषय पर द्वितीय एसएमई कार्य समूह की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की।


# अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर

### 150 साल पुराना नियम बदलने की तैयारी, संसद की मंजूरी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है, अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की जानकारी दी। बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रम्प की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था। फरवरी 2025 में इस बिल को हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के पास भेजा गया था। अब इसे कानून बनने के लिए हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले मार्च में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की थी कि अमेरिकी नोटों पर ट्रम्प के हस्ताक्षर भी जोड़े जाएंगे। इसे अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रेजरी विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती तैयारी और जांच कर रही है। विभाग का कहना है कि अगर कानून पास हो जाता है, तो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर ट्रम्प की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए यह नोट जारी किया जाएगा।

■ अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की जानकारी दी




# होर्मुज में एक बार फिर बढ़ा तनाव

### ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, बुशहर में अमेरिकी विमान गिराने का भी किया दावा



■ फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में स्थिति एक बार फिर बेहद संवेदनशील हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सुरक्षा बलों ने समन्वय की कमी का हवाला देते हुए चार अज्ञात जहाजों पर चेतावनी मिसाइलें दागी हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हालिया सैन्य हमलों के कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 12.35 बजे हुई।

चार अज्ञात जहाजों ने ईरानी सुरक्षा बलों को सूचित किए बिना फारस की खाड़ी में प्रवेश करने का प्रयास किया। जब इन जहाजों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया, तो ईरानी बलों ने उन पर चेतावनी शाट दागे, जिसके बाद जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ईरान समर्थक मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने तय समुद्री प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया था। फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया है। इस घटना के तुरंत बाद, शुक्रवार तड़के ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने तटीय बुशहर प्रांत के जाम क्षेत्र में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जाम काउंटी के गवर्नर मसूद तंगेस्तानी के हवाले से इस बात की पुष्टि की। हालांकि, समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने ईरानी दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले चार दिनों में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव काफी तेज हुआ है। इस सैन्य तनाव के बीच, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने ईरान के सैन्य अभियानों को मिलने वाले फंड को रोकने के लिए उसके तेल शिपिंग नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके तहत आठ तेल टैंकरों को ब्लैकलिस्ट किया गया है, जिनमें मार्शल द्वीप समूह का फ्लोरा, कोमोरोस का हौंकायो और पनामा का इल्ल गैप शामिल हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि इसका उद्देश्य ईरान को सेना के पुनर्गठन के लिए तेल राजस्व जुटाने से रोकना है। यह पूरी कार्रवाई उस समय हुई है जब दोनों पक्ष 60 दिनों के युद्धविराम विस्तार और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के एक समझौते पर सहमत हो चुके थे। हालांकि, इस समझौते को अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

## अमेरिका-ईरान एक समझौता पत्र पर सहमत दोनों ओर से मंजूरी अभी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान के वार्ताकारों के बीच एक समझौता पत्र (एमओयू) पर सहमति बन गई है। रिपोर्टों के अनुसार, लेकिन दोनों ओर से अभी अंतिम सहमति मिलनी बाकी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ह्वाइट हाउस ने इस बात की पुष्टि की है कि इस समझौते से मौजूदा युद्धविराम 60 दिन के लिए और बढ़ जाएगा। इस दौरान दोनों पक्ष ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने को लेकर बातचीत करेंगे। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अभी एमओयू पर हस्ताक्षर करने बाकी है। रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प एमओयू को मंजूरी देने से पहले इस पर विचार करने के लिए कुछ दिनों का समय चाहते है। मध्यस्थता प्रक्रिया में शामिल देशों में से एक के राजनयिक ने 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' को बताया कि चैनल 12 की रिपोर्ट में बातचीत की स्थिति को गलत तरीके से पेश किया गया है और अभी ईरान की तरफ से भी अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने तेहरान की वार्ताकार टीम के करीबी सूत्र के हवाले से इस बात से इनकार किया है कि ईरान की तरफ इसे अंतिम मंजूरी मिली है। सूत्र ने दावा किया है कि समझौते के मसौदे को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और मंजूरी मिलने की स्थिति में ईरान इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा करेगा।

## गाजा पट्टी में आईडीएफ ने हमास के उप कमांडर हुसैन स्लिम को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट ने उत्तरी गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास की सैन्य शाखा में गाजा सिटी ब्रिगेड के उप-कमांडर इमाद हसन हुसैन स्लिम को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर बताया कि आईडीएफ और शिन बेट बलों ने दो दिन पहले (बुधवार को) आतंकवादी इमाद हसन हुसैन स्लिम को निशाना बनाकर मार गिराया था। वह गाजा सिटी ब्रिगेड का उप-कमांडर और संगठन की सैन्य शाखा में 'ऑलिव बटालियन' का कमांडर था। हुसैन स्लिम ने सात अक्टूबर 2023 को हुएए हमले हमले की कमान संभाली थी। आईडीएफ के अनुसार इस आतंकवादी ने हाल के वर्षों में और विशेष रूप से पिछले कुछ समय में गाजा पट्टी में आईडीएफ के जवानों के खिलाफ कई आतंकवादी साजिशें रची थी। इसलिए इसे एक बड़ा खतरा माना जा रहा था। आईडीएफ ने बताया है कि जिस ठिकाने पर हमला किया गया, वहां आतंकवादी संगठन हमास का एक और कमांडर भी मौजूद था।

# ममदानी ने ईरान जंग का किया विरोध

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान जंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कीमत आम लोग चुका रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा कि आज से तीन महीने पहले एक ऐसा युद्ध शुरू हुआ था, जिसके लिए किसी ने वोट नहीं किया था।

लेकिन इसकी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जिनकी इसमें कोई आवाज नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हजारों नागरिकों की जान जा चुकी है। साथ ही 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए, जो अब कभी अपने परिवारों के पास वापस नहीं लौट पाएंगे। ममदानी ने कहा कि इस युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के आम लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे मिडिल और वर्किंग क्लासस के परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया। ममदानी ने कहा, विदेश में जाने वाली हर जान और अमेरिका में आम परिवारों पर पड़ने वाला हर आर्थिक बोझ, एक ही लापरवाह फैसले की कीमत है।



■ न्यूयॉर्क मेयर ने कहा: इसमें हजारों जान गईं, लोग एक लापरवाह फैसले की कीमत चुका रहे
■ यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने गुरुवार रातभर यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मॉस्को समयानुसार कल रात आठ बजे से आज सुबह सात बजे तक ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 208 फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को हवा में ही नष्ट कर दिया।

### नोरबू नेगी सिएरा लियोन में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नोरबू नेगी को पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के अधिकारी नेगी अभी पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारत के स्थाई प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि नेगी के शीघ्र ही कार्यभार संभालने की संभावना है।

### आतंकी हमले की साजिश रचने वाले को 15 साल की सजा

**मॉस्को।** ऑस्ट्रिया की एक अदालत ने अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के वियना स्थित कॉन्सर्ट में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोपी इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह (आईएस, आईएसआईएस, रूस में प्रतिबंधित) के 21 वर्षीय सदस्य को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है।

# फ्लोरिडा लॉन्च पैड पर फटा जेफ बेजोस का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट

**वाशिंगटन।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' को फ्लोरिडा में बड़े परीक्षण के दौरान भारी झटका लगा है। कंपनी का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट ग्राउंड टेस्ट के दौरान लॉन्च पैड पर ही भयानक विस्फोट के साथ आग के विशाल गोले में तब्दील हो गया। यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई।

न्यू ग्लेन रॉकेट का 'हॉट-फायर' टेस्ट चल रहा था, जिसमें रॉकेट को उड़ान भरने से रोकने के लिए लॉन्च पैड पर ही मजबूती से जकड़कर रखा जाता है और जमीन पर ही उसके इंजनों को पूरी क्षमता से चालू कर परखा जाता है। जैसे ही इसके मीथेन-ईंधन वाले इंजनों को चालू किया गया, रॉकेट के बूस्टर स्टेज में कुछ तकनीकी खराबी आई और देखते ही देखते पूरा रॉकेट भीषण विस्फोट के साथ फट गया। एयरोस्पेस न्यूज ऑर्गनाइजेशन के लाइवस्ट्रीम वीडियो में साफ देखा गया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसमान में दूर तक धुएं का गुबार छा गया। इस धमाके की गूंज इतनी तेज थी कि केप कैनावेरल और कोको बीच के आस-पास के घर तक हिल गए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है। ब्लू ओरिजिन और जेफ बेजोस ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। जेफ बेजोस ने लिखा कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनका पता लगा लिया गया है। यह बहुत कठिन दिन था, लेकिन जो कुछ भी दोबारा बनाने की जरूरत होगी, हम उसे बनाएंगे और फिर से उड़ान भरेंगे। विस्फोट के कारण हालांकि लॉन्च पैड और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन जून में लॉन्च होने वाले अमेजन के 'प्रोजेक्ट कुइपर' के 48 ब्रॉडबैंड सैटेलाइट पूरी तरह सुरक्षित बच गए, क्योंकि उन्हें अभी रॉकेट के ऊपर फिट नहीं किया गया था। फिर भी यह विफलता ब्लू ओरिजिन के कमर्शियल शेड्यूल और नासा के आगामी 'आर्टेमिस' मून मिशन के लिए बड़े विलंब का कारण बन सकती है।

■ यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई

# गुलामों को चल संपत्ति मानने वाले कानून को फ्रांस के निचले सदन ने किया रद्द

### फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को कर दिया था खत्म

**पेरिस।** फ्रांस की संसद के निचले सदन ने एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वसम्मति से उस क्रूर कानून (कोड नोयर) को पूरी तरह रद्द कर दिया है, जो सदियों से फ्रांस के उपनिवेशों में दासों पर लागू था।

लुई चौदहवें के जमाने (1685) के इस कानून के तहत गुलामों को इंसानों के बजाय 'चल संपत्ति' माना जाता था और उनके साथ मारपीट, शोषण, खरीद-बिक्री और हत्या तक की छूट मिली हुई थी। फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को खत्म कर दिया था और साल 2001 में इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' भी घोषित किया था। इसके बावजूद, गुलामों की कानूनी स्थिति तय करने वाले इन पुराने शाही कानूनों को कभी आधिकारिक तौर पर पूरी तरह निरस्त नहीं किया गया था। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था। (नेशनल एसेंबली) निचले सदन की हरी झंडी के बाद अब यह विधेयक अंतिम मंजूरी के लिए सीनेट में जाएगा। ऐतिहासिक आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिटेन और पुर्तगालियों के बाद फ्रांसीसी लोग यूरोप में गुलामों के तीसरे सबसे बड़े व्यापारी थे। 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच फ्रांसीसी जहाजों के जरिए अफ्रीका से 10 लाख से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को जबरन ले जाकर कैरेबियाई देशों के बागानों में गुलामी की बेड़ियों में जकड़ दिया गया था। फ्रांस ने हालांकि 1794 की क्रांति के दौरान गुलामी खत्म की थी, लेकिन 1802 में नेपोलियन बोनापार्ट ने दोबारा सेना भेजकर इस प्रथा को बहाल कर दिया, जिसे आखिरकार 1848 में जाकर पूरी तरह समाप्त किया जा सका। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब फ्रांस में गुलामों के वंशजों को मुआवजा देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। मार्टिनिक द्वीप के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा है कि केवल प्रतीकात्मक कदम उठाना काफी नहीं है।



■ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था

# नाटो रोमानिया के साथ खड़ा है: मार्क रूटे

### महासचिव का यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों व रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया

**ब्रुसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने रोमानिया की सुरक्षा और संप्रभुता का पूरा समर्थन करते हुए कहा है कि नाटो रोमानिया के साथ दृढ़ता से खड़ा है। गौरतलब है कि उनका यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों और रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया है।

उन्होंने यह बात तब कही जब शुक्रवार तड़के देश के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से गलाती शहर में एक रूसी ड्रोन घुस आया, जो एक रिहायशी इमारत से टकराकर गिर गया और दो लोगों को घायल कर गया। रुटे ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया। रुटे ने कहा कि मैंने इस बात की पुष्टि की कि नाटो अपने सहयोगी देशों के क्षेत्र के हरेक इंच की रक्षा करने को तत्पर है। हम ड्रोन सहित किसी भी खतरे को रोकने और उससे बचाव के लिए अपनी तैयारी को लगातार बढ़ाते रहेंगे। रूसी ड्रोन से दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि अन्य लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। डेन्यूब नदी के किनारे स्थित गलाती शहर मोल्दोवा और यूक्रेन की सीमाओं के करीब है। रुटे ने इस घुसपैठ के लिए रूस को दोषी ठहराते हुए कहा कि उस देश का 'लापरवाह रवैया' हम सभी के लिए एक खतरा है। उन्होंने कहा कि वह पूरे यूक्रेन में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना जारी रखे हुए है और पिछली रात की घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि उनके अवैध और आक्रामक युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक ही सीमित नहीं रहते। वहीं रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने कहा कि उन्होंने आज इस घटना पर चर्चा करने के लिए नाटो की राष्ट्रीय रक्षा सर्वोच्च परिषद की बैठक बुलाई है। उन्होंने इस घटना को 2022 में यूक्रेन पर रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से रोमानिया के राष्ट्रीय क्षेत्र पर असर डालने वाली सबसे 'गंभीर' घटना बताया है। उन्होंने कहा कि हम रूसी संघ के संबंध में उचित कदम उठाने का आदेश देंगे।



■ रूटे रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया

## यूरोप के ज्यादा ठंडे मुल्कों में आइसक्रीम की दीवानगी

**बर्लिन।** हर साल, यूरोपीय देश 3.3 अरब लीटर से अधिक आइसक्रीम का उत्पादन करते हैं और इस दौड़ में सबसे बड़े उत्पादक के रूप में जर्मनी सबसे आगे है।दिलचस्प बात यह है कि यूरोस्टेट और उद्योग की रिपोर्टों के आंकड़ों से पता चलता है कि आइसक्रीम के सबसे बड़े उपभोक्ता भूमध्यसागरीय (मेडिटेरेनियन) क्षेत्रों में नहीं, बल्कि उत्तरी और पूर्वी यूरोप के उन देशों में है, जहां कड़ाके की ठंड पड़ती है। यही वजह है कि पोलैंड प्रति व्यक्ति सालाना 16 किलोग्राम की आश्चर्यजनक खपत के साथ सबसे आगे है। स्वीडन और फिनलैंड के निवासी भी पोलैंड से ज्यादा पीछे नहीं हैं, जो सालाना 11 से 14 लीटर के बीच आइसक्रीम खाते हैं, जबकि जर्मनी में एक औसत व्यक्ति हर साल लगभग आठ लीटर आइसक्रीम खा जाता है। मोटे तौर पर इसका अर्थ यह हुआ कि 115 से 160 स्कूप। जब खाने की आदतों की बात आती है तो जर्मन लोग घर पर आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं, जो महीने में औसतन पांच बार होता है, जबकि इटली और स्पेन के लोग का झुकाव बाहर जाकर जेलाटेरिया और पार्लरों में आइसक्रीम खाने में दिखता हैं।

